



वर्ष : 2 ◆ अंक: 182 ◆ मूल्य : 4 रू.

◆ RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# मदरलैण्ड वॉइस


मंगलवार, 23 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## प्रतिरक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए हमें ‘जवान भी और नौजवान भी’ पर जोर देना होगा: मोदी



**नई दिल्ली।** 2021-22 के बजट की घोषणाओं और भारत के रक्षा क्षेत्र पर सोमवार को आयोजित एक वेबिनार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ‘हमारी सरकार ने अपने इंजीनियरों-वैज्ञानिकों और तेजस की क्षमताओं पर भरोसा किया और आज तेजस शान से आसमान में उड़ान भर रहा है। कुछ सप्ताह पहले ही तेजस के लिए 48 हजार करोड़ रुपए का ऑर्डर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने एमएसएमई का भी जिक्र किया और कहा कि यह पूरे विनिर्माण क्षेत्र के लिए रीढ़ का काम करती हैं। आज जो बदलाव हो रहे हैं, उससे एमएसएमई को ज्यादा आजादी मिल रही है, उनको एक्सपेंड करने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रक्षा के कैपिटल बजट में भी डोमैस्टिक प्रोक्योरमेंट के लिए एक हिस्सा रिजर्व कर दिया गया है। मैं निजी क्षेत्र से आग्रह करूंगा कि विनिर्माण के साथ-साथ डिजाइन और विकास में भी आप आगे आएं, भारत का विश्व में परचम लहराएं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने डिफेंस से जुड़े ऐसे 100 महत्वपूर्ण डिफेंस आइटम्स की सूची बनाई है, जिन्हें हम अपनी स्थानीय इंडस्ट्री की मदद से ही निर्मित कर सकते हैं। इसके लिए टाइमलाइन इसलिए रखी गई है, ताकि हमारी इंडस्ट्री इन जरूरतों को पूरा करने का सामर्थ्य हासिल करने की योजना बना सके। उन्होंने कहा कि सरकारी भाषा में यह नेगेटिव लिस्ट है, लेकिन आत्मनिर्भरता की भाषा में यह बेहद पाजिटिव है। यह वह पॉजिटिव लिस्ट है, जिसके बल पर हमारी निर्माण क्षमता में अपेक्षित बढ़ोतरी होगी। यह वह पॉजिटिव लिस्ट है, जो देश में ही रोजगार निर्माण की संभावनाएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले हमारे यहां सैकड़ों ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियां हुआ करती थीं। दोनों विश्वयुद्धों में भारत से बड़े पैमाने पर हथियार बनाकर भेजे गए थे, लेकिन आजादी के बाद अनेक वजहों से इस व्यवस्था को उतना मजबूत नहीं किया गया, जितना किया जाना चाहिए था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा देश में आज जो डिफेंस कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं, वह भी स्थानीय उद्यमियों को मदद करेंगे यानि आज हमारे डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता को हमें ‘जवान भी और नौजवान भी’, इन दोनों मोर्चों के सशक्तिकरण के रूप में देखना होगा।’ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 18.75 फीसदी की अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि मेरे मंत्रालय ने 2021-22 में रक्षा क्षेत्र में होने वाले खर्च के 63 फीसदी को घरेलू खरीद पर खर्च करने की योजना बनाई है, जो करीब 70,221 करोड़ रुपए है। रक्षा बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 18.75 फीसदी की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

### हुगली में रेलवे के प्रोग्राम से ममता का किनारा

## बंगाल अब पोरिबर्तन का मन बना चुका: मोदी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को महीने में तीसरी बार पश्चिम बंगाल पहुंचे। हुगली में उन्होंने कहा कि अब पश्चिम बंगाल पोरिवर्तन (बदलाव) का मन बना चुका है। ळटउ पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष की बात करने वाले बंगाल के विकास के आगे दीवार बनकर खड़े हो गए हैं। इधर, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम से दूर ही रहीं।

बंगाल में इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। लिहाजा मोदी ने नई योजनाएं गिनाने के साथ TMC पर निशाना साधने में भी कसर नहीं छोड़ी।

**दो दिन बाद ममता की रैली**

इस मैदान का अपना इतिहास है। यह इलाका एक समय में एशिया की सबसे बड़ी टायर फैक्ट्री रही डनलप का है, लेकिन डनलप फैक्ट्री को बंद हुए सालों हो चुके हैं। ऐसे में यहां के लोगों को मोदी से कुछ घोषणाओं की उम्मीद है। प्रधानमंत्री की रैली के 2 दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जनसभा भी इसी मैदान में होने वाली है।

**बंगाल में इन प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी**

- नोआपाड़ा और दक्षिणेश्वर के बीच मेट्रो सर्विस का उद्घाटन और हरी झंडी दिखाकर पहली ट्रेन की रवानगी। करीब 4.1 किमी लंबे ट्रैक के निर्माण पर 464 करोड़ रुपए की लागत आई है।
- दक्षिण-पूर्व रेलवे के 132 किमी लंबे खड़गपुर-आदित्यपुर तीसरी लाइन प्रोजेक्ट के तहत कलाईकुंडा और झाड़ग्राम के बीच 30 किमी लंबे ट्रैक का उद्घाटन। कलाईकुंडा और झाड़ग्राम के बीच चार स्टेशनों को भी डेवलप किया गया है।
- पूर्वी रेलवे के हावड़ा-बैंडेल-अजीमगंज खंड के तहत अजीमगंज और खारगराघाट रोड के बीच दोहरीकरण का लोकार्पण।
- डानकुनी और बारुईपाड़ा के बीच चौथी लाइन और रसूलपुर और मागरा के बीच तीसरी रेललाइन सेवा का लोकार्पण।

### असम की जनसभा

## मार्च के पहले हफ्ते में कभी भी चुनाव की घोषणा हो जाएगी: मोदी

नई दिल्ली। देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव की तारीखों की घोषणा कभी भी हो सकती है। लेकिन, सोमवार को असम पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मार्च के पहले हफ्ते में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। हालांकि, अब तक चुनाव तारीखों की घोषणा चुनाव आयोग ही करता आया है। ऐसे में मोदी के इस अनुमान ने सियासी चचाओं को हवा दे दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने असम में अपने भाषण में कहा, ह्यमैं जानता हूं कि अब आप चुनाव का इंतजार कर रहे होंगे। पिछली बार जब चुनाव घोषित हुआ था, तो शायद 4 मार्च को इसका ऐलान हुआ था। इस बार भी मैं संभावना देखता हूं कि मार्च के पहले सप्ताह में चुनाव की घोषणा हो जाएगी। ये इलेक्शन कमीशन का काम है, वह करेगा, लेकिन मेरी कोशिश रहेगी कि चुनाव घोषणा होने से पहले जितनी बार हो सके, असम आ सकूं, बंगाल जा सकूं, केरल जा सकूं, तमिलनाडु जा सकूं, पुडुचेरी जा सकूं। मैं पूरी कोशिश करूंगा।’

**मोदी का 2 मार्च तक 5 चुनावी राज्यों का सरकारी दौरा**

प्रधानमंत्री मोदी का 2 मार्च तक 5 चुनावी राज्यों का सरकारी दौरा फिक्स है। इस दौरान वे कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे या आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल, 28 फरवरी को पश्चिम बंगाल, 1 मार्च को तमिलनाडु और 2 मार्च को असम का दौरा करेंगे। वहीं, 7 मार्च को वे कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में भाजपा की जनसभा में शामिल होंगे। इसी दिन पश्चिम बंगाल में पार्टी की पांचों परिवर्तन यात्राओं का समापन होगा।

**पश्चिम बंगाल समेत 5 राज्यों में चुनाव होने हैं**

पश्चिम बंगाल (294 सीटें), असम (126 सीटें), केरल (140 सीटें), तमिलनाडु (232 सीटें) और पुडुचेरी (30 सीटें) में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में जहां भाजपा सत्ता में वापसी की कोशिशों में जुटी है। वहीं, पश्चिम बंगाल में उसके सामने पिछले 10 साल से सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस है। पुडुचेरी में सोमवार को ही कांग्रेस सरकार ने विश्वास मत खोया है। तमिलनाडु और केरल में भी भाजपा एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है।

### संक्षिप्त समाचार

## पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेना के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी: राजनाथ सिंह



नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच नौ दौर की राजनयिक एवं सैन्य स्तर की बातचीत के बाद पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों की सेना के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह बात रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने भारतीय सेना की बहादुरी पर संदेह जताने को लेकर कांग्रेस पर भी प्रहार किया। रक्षा मंत्री ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राज्य सम्मेलन में कहा कि देश अपनी सीमा पर किसी भी तरह की एकतरफा कार्रवाई को अनुमति नहीं देगा और इस तरह के प्रयासों को विफल करने के लिए कोई भी कीमत चुकाएगा। उन्होंने कहा, नौ दौर की सैन्य एवं राजनयिक वार्ता के बाद सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस भारतीय सेना की बहादुरी पर संदेह कर रही है.क्या यह उन सैनिकों का अपमान नहीं है, जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देते हैं। गलवान में पिछले वर्ष चीनी सैनिकों के साथ झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। संघर्ष में चीन के सैनिक भी मारे गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कभी भी देश की एकता, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता से समझौता नहीं किया और ऐसा कभी नहीं करेगी।

## पुडुचेरी में गिरी कांग्रेस सरकार नारायणसामी ने मोदी, बेदी पर साधा निशाना



**माहे।** पुडुचेरी विधानसभा में विश्वासमत के दौरान कांग्रेस पार्टी की सरकार गिर गई है। मुख्यमंत्री नारायणसामी ने उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। आपको बता दें कि छह विधायकों के इस्तीफा देने के बाद नारायणसामी की सरकार अल्पमत में आ गई थी। दो विधायकों ने रविवार को इस्तीफा दे दिया। इसके बाद यहां सियासी संकट और गहरा गई। आज पुडुचेरी के मुख्यमंत्री नारायणसामी ने समर्थक विधायकों के साथ विधानसभा से वॉकआउट कर दिया। उपराज्यपाल से मुलाकात कर उन्होंने अपना त्यागपत्र दे दिया। इससे पहले विधानसभा में पुडुचेरी के सीएम वी. नारायणसामी ने कहा, हमने द्रमुक और निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई। उसके बाद, हमने विभिन्न चुनावों का सामना किया। हमने सभी उपचुनाव जीते हैं। यह स्पष्ट है कि पुडुचेरी के लोग हम पर भरोसा करते हैं। उन्होंने पूर्व एलजी किरण बेदी पर निशाना साधते हुए कहा, बेदी और केंद्र सरकार ने विपक्ष के साथ टकराव किया और सरकार को गिराने की कोशिश की। जैसे ही हमारे विधायक एकजुट हुए, हम अंतिम 5 वर्ष निकालने में सफल रहे। केंद्र ने पुडुचेरी के लोगों के साथ विश्वासघात किया है। विधानसभा में उन्होंने कहा तमिलनाडु और पुडुचेरी में हम दो भाषा प्रणाली का पालन करते हैं लेकिन भाजपा हिंदी को लागू करने के लिए जबरन कोशिश कर रही है। नारायणसामी ने कहा विधायकों को पार्टी के प्रति वफादार रहना चाहिए। इस्तीफा देने वाले विधायक लोगों का सामना नहीं कर पाएंगे क्योंकि लोग उन्हें अवसरवादी कहेंगे। आपको यह भी बता दें कि कांग्रेस पार्टी ने अपने एक विधायक को पिछले साल बाहर का रास्ता दिखा दिया था। 33 सदस्यीय विधानसभा में 30 निर्वाचित सीटें हैं और तीन भारतीय जनता पार्टी भाजपा के नॉमिनेटेड सदस्य हैं। कांग्रेस के वर्तमान में नौ विधायक हैं। इनमें विधानसभा अध्यक्ष एसपी शिवकोलुंदी भी शामिल हैं।

## दिशा रवि को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दिशा को किसानों के विरोध प्रदर्शन से संबंधित एक ‘टूलकिट’ सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पंकज शर्मा ने पुलिस को रवि से हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दे दी, दिल्ली पुलिस ने कहा कि जलवायु कार्यकर्ता का मामले में अन्य सह-आरोपियों से आमना-सामना कराने की जरूरत है। दिशा रवि को तीन दिन की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जब पुलिस ने कहा था कि फिलहाल उससे हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। पुलिस ने कहा था कि सह-आरोपियों निकिता जैकब और शांतनु मुलुक के 22 फरवरी को पूछताछ में शामिल होने के बाद वह रवि को हिरासत में पूछताछ के लिये भेजने की मांग करेगी। रवि को दिल्ली पुलिस ने 13 फरवरी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया था। वकील निकिता जैकब और इंजीनियर शांतनु मुलुक ‘टूलकिट’ मामले में जांच में सोमवार को दिल्ली पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ के कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। दिल्ली पुलिस किसानों के आंदोलन के समर्थन में पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग द्वारा साझा किए गए ‘टूलकिट गूगल डॉक्यूमेंट’ की जांच कर रही है। मामले में दिल्ली पुलिस ने बंगलुरु की कार्यकर्ता दिशा रवि को गिरफ्तार किया था जबकि मुलुक को अदालत ने अग्रिम जमानत दे दी थी।

## दुनिया में भारत के पक्ष को प्रभावी तरीके से रखने के लिए ‘बौद्धिक क्षत्रिय’ की जरूरत: भागवत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने सत्य और ज्ञान आधारित विश्व बनाने के भारत के प्रयासों में ‘बौद्धिक गुलामी’ को मुख्य अवरोध बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में दुनिया में अपना पक्ष प्रभावशाली ढंग से रखने के लिए देश को ‘बौद्धिक क्षत्रिय’ की जरूरत है।

सरसंघचालक ने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा हिन्दुत्व सत्य के सतत अनुसंधान का नाम है, ये काम करते-करते आज हिन्दू समाज थक गया है, सो गया है, परन्तु जब जागेगा, तब पहले से अधिक ऊर्जा लेकर जागेगा और सारी दुनिया को प्रकाशित कर देगा।

‘ऐतिहासिक कालगणना: एक भारतीय विवेचन’ पुस्तक का विमोचन करते हुए भागवत ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व पर प्रभुत्व स्थापित करने को इच्छुक शक्तियां कमजोर देशों को अपने तरीके से प्रभावित करना चाहती हैं, कई देशों में लोगों को अपने तरीके से जीने की छूट नहीं है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों को भारत ही एकमात्र ऐसा देश दिखता है, जहां उन्हें आश्वस्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि सत्य और ज्ञान आधारित विश्व बनाने के लिए संघर्ष अभी जारी है और इसमें मुख्य अवरोध ‘बौद्धिक गुलामी’ है।

संघ प्रमुख ने कहा ऐसे में हमें बौद्धिक क्षत्रिय चाहिए। इसका मतलब संघ के बौद्धिक क्षत्रिय नहीं, बल्कि भारत के बौद्धिक क्षत्रिय चाहिए। भारत का पक्ष प्रभावशाली ढंग से लेकर दुनिया में चलने वाले बौद्धिक क्षत्रिय चाहिए।

## रेलवे ने ‘सोनार बांग्ला’ अभियान में बड़ा योगदान देकर खुद को सुदृढ़ किया: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विभिन्न स्थानों पर गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर बंगाल क्षेत्र में विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास और यात्री सुविधा संबंधी परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। इस दौरान भारत सरकार में महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सुश्री देबश्री चौधरी भी अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ उपस्थित रहीं। पीयूष गोयल ने कहा कि रेलवे बहुत असाधारण तरीके से राष्ट्र की सेवा कर रहा है। सोनार बांग्ला के अभियान में बहुत समय तक योगदान देकर रेलवे ने खुद को सुदृढ़ किया है। पश्चिम बंगाल में तीन साल में रेलवे का पूरी तरह से विद्युतीकरण हो जाएगा और सभी चालू परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर बंगाल प्राकृतिक रूप से सुंदर है। इस क्षेत्र का विकास अधिक पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

## कोरोना के नए स्ट्रेन से दोबारा हो सकता है संक्रमण : एम्स निदेशक रणदीप गुलेरिया

**नई दिल्ली।** घातक वायरस कोविड-19 नए स्वरूप से दुनिया में हड़कंप मचा है। भारत में भी कोरोना की एक और लहर आ गई है। चिंता की बाद ये है कि कोविड-19 के नए स्ट्रेन के मामले भी देश के कई इलाकों में दिख रहे हैं। ऐसे में देश के सबसे बड़े अस्पताल एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया ने कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि कोरोना का नया वैरिएंट ऐसे लोगों को भी दोबारा संक्रमित कर सकता है जिन्हें पहले कोरोना हुआ था। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए गुलेरिया ने कहा कि जिन लोगों में पहले से कोरोना की एंटीबॉडीज है उन्हें भी कोरोना के नए वैरिएंट से खतरा है। उन्होंने कहा, ‘भारत में एक बार फिर से बड़े पैमाने पर कोरोना के टेस्ट की जरूरत है। इनकी संख्या बढ़ानी होगी। वैक्सीन ही एकमात्र हथियार है जिससे लोग कोरोना से बच सकते हैं।’



डॉक्टर गुलेरिया ने कहा कि हर्ड इम्युनिटी को लेकर लोगों को अपनी सोच बदलनी होगी। चिंता करने वाली बात ये है कि हर्ड इम्युनिटी पूरी तरह पाना संभव नहीं है। इसे भारत जैसे देश में सोचना मुश्किल है। डॉक्टर गुलेरिया ने कहा कि भारत में कोरोना वायरस के प्रति हर्ड इम्युनिटी बनने की बात एक मिथक सी लगती है। इसके पीछे वजह है कि इसके लिए देश की 80 फीसदी आबादी में कोरोना वायरस से लड़ने के लिए एंटीबॉडी डेवलप होनी चाहिए। बता दें कि हैदराबाद स्थित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मोलिक्युलर बॉयोलॉजी (सीसीएमबी) के वैज्ञानिकों ने अपने एक अध्ययन में कहा है कि कोरोना वायरस का नया वैरिएंट देश के कुछ राज्यों में तेजी से फैल रहा है। सीसीएमबी के वैज्ञानिकों ने कहा है कि दुनिया भर में मिले कोरोना वायरस के वैरिएंट्स का भारत में कम प्रभाव देखने को मिला है, लेकिन इसके पीछे एक वजह ये भी हो सकती है कि पर्याप्त संख्या में वायरस की सीक्वेंसिंग नहीं हुई है।


## राहुल गांधी ने ईंधन को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ईंधन की बढ़ती कीमत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आम आदमी की जेब खाली कर रही है और अपने मित्रों की जेब मुफ्त में भर रही है। गांधी ने ट्वीट किया कि पेट्रोल पम्प पर गाड़ी में तेल डालते समय जब आपकी नजर तेजी से बढ़ते मीटर पर पड़े, तब यह जरूर याद रखिएगा कि कच्चे तेल का दाम बढ़ा नहीं है, बल्कि कम हुआ है। उन्होंने आगे लिखा कि पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर है। आपकी जेब खाली करके मित्रों को देने का महान काम मोदी सरकार मुफ्त में कर रही है। गांधी ने अपने ट्वीट में फ्यूललूटबायबीजेपी हैशटैग का इस्तेमाल किया। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर पेट्रोल और डीजल पर अधिक कर लगाकर लोगों को लूटने का आरोप लगाया है और इनकी कीमत कम करने की मांग की है।

## नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने सोनिया और राहुल गांधी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगाते हुए सोमवार को मामले में आरोपी कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य से भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर जवाब मांगा है।

भाजपा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी ने नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। निचली अदालत ने उनकी याचिका में पेश किए गए प्रमुख साक्ष्यों के आधार पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी एवं अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाए जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने सोनिया और राहुल गांधी, एआईसीसी महासचिव ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और ‘यंग इंडिया’ (वायआई) से 12 अप्रैल तक स्वामी की याचिका पर जवाब देने को कहा।



भाजपा सांसद की ओर से पेश हुए वकील सत्या सभरवाल और गांधी परिवार तथा अन्य की ओर से पेश वकील तरन्नुम चीमा ने उच्च न्यायालय के नोटिस जारी की और सुनवाई 12 अप्रैल तक के लिए स्थगित करने की पुष्टि की। भाजपा नेता ने निचली अदालत में दायर निजी आपराधिक शिकायत में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा अन्य लोगों पर नेशनल हेराल्ड के जरिए धोखाधड़ी एवं अनुचित तरीके से धन प्राप्त करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था।





# पुलिस हर चुनौती के लिए तैयार है : जिला उपायुक्त पुलिस इंगित प्रताप सिंह

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता




नई दिल्ली। पुलिस स्टेशन सफदरजंग एन्क्लेव दक्षिण पश्चिम जिला की ओर पुलिस नागरिक सद्भावना कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन पुलिस पब्लिक स्कूल के सभागार में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर पुलिस जिले के सभी थाना प्रमुखों , सहायक आयुक्त पुलिस अधिकारी गण, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस एवं लगभग 150 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया सम्मेलन मे देश के जाने माने कवि अशोक चक्रधर के कुशल मंच संचालन के साथ चक्रधर सहित कुवर रंजीत सिंह चौहान एवं ओम रायजादा ने कविता पाठ के साथ न केवल मनोरंजन किया अपितु काव्य माध्यम से राष्ट्र एवं समाज के प्रति जिम्मेदारियों का भी अहसास दिलाया उन्होंने सभी को अपनी कविता से मंत्रमुग्ध कर दिया जिससे सभागार तालियों की गडगडाहट से गुंज उठा।

इस अवसर पर जिला उपायुक्त पुलिस इंगित प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का उदेश्य जनता तक सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है और जिले के वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा के लिए सावधानियों से अवगत कराना है पिछले दिनों से साइबर क्राइम एक चुनौती जरुर बन गया किन्तु पुलिस हर चुनौती के लिए तैयार है कार्यक्रम का संयोजन थाना प्रमुख उमेश बरतवाल ने किया।

## हमें हर घर तक पीएम मोदी का संदेश पहुंचाना है: विजय भगत

» संध्या कुमारी




नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के उपचुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल क्षेत्र में जनता से संवाद कर रही है। रोहिणी और शाहबाद डेयरी में वार्ड नंबर 20 एन के निगम पार्षद और पूर्व उमपहापौर विजय भगत लगातार अपने कार्यकर्ताओं के साथ हर घर तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। जनता को भाजपा की नीति और कार्यों की जानकारी देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को बता रहे हैं।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान वार्ड 20 एन के निगम पार्षद विजय भगत ने कहा कि हमने अपने क्षेत्र में तय किया है कि हर घर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पहुंचाकर रहेंगे। हमारे प्रधानमंत्री ने कल भी एक बार फिर कहा कि भाजपा केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि आज हमने अपने शहरी केंद्र प्रमुख के बूथ अध्यक्षकों के साथ बैठक किया। उनके साथ लोगों के घरों तक गए। भाजपा की कार्य और नीति के बारे में बताया। हमने बूथ पालकों के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया और सभी को भाजपा के पक्ष में आने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हाईकोर्ट ने आप सरकार से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल के भीतर कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के मद्देनजर जमानत या पैरोल पर रिहा कैदियों के समर्पण के पहले टीकाकरण के संबंध में दाखिल दो याचिकाओं पर आप सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने आप सरकार को नोटिस जारी कर याचिकाओं पर 26 मार्च तक जवाब मांगकर मुद्दे पर उससे 'जल्द' कदम उठाने को कहा है। दिल्ली सरकार के स्थायी वकील (फौजदारी) राहुल मेहरा ने पीठ को आश्वस्त कर चिंता करने की कोई बात नहीं है, क्योंकि हर चीज नियंत्रण में है। उन्होंने अदालत से कहा कि जेल में कोविड-19 का संक्रमण नहीं फैला है। पीठ ने सरकार को अपने हलफनामे में उठाकर कदम और प्रस्तावित कदम के बारे में बताने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पैरोल, फरलो या जमानत पर रिहा कैदियों को लंबे समय तक बाहर रखने के बहाने ये याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पीठ ने कहा कि जब कोई अपराध करता है, तब इसतरह के व्यक्तियों को यह पता होना चाहिए कि अदालतें जब उन्हें जेल भेजती हैं, तब क्या सब हो सकता है। इनमें से याचिकाकर्ता और हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रही 65 वर्षीय महिला ने अपनी याचिका में जमानत, पैरोल या फरलो पर चल रहे विशेषकर 60 साल से अधिक उम्र के सभी कैदियों के समर्पण करने से पहले उनके टीकाकरण का अनुरोध किया है। वकील अमित साहनी की ओर से दायर याचिका में महिला ने जेल कर्मियों, सुरक्षाकर्मियों और राष्ट्रीय राजधानी की जेलों में बंद सभी कैदियों के टीकाकरण का भी अनुरोध किया है। इसी तरह की याचिकाएं चार वकीलों अभिलाषा सहरावत, प्रभाष, कार्तिक मल्होत्रा और मानव नरुला ने दायर की है। इन सभी ने अदालत से 'दिल्ली सरकार को जमानत पर चल रहे सभी कैदियों के टीकाकरण का निर्देश देने' का अनुरोध किया है।

### किसान आंदोलन तेज करने के लिए बनाई रणनीति, आज मनाएंगे 'पगड़ी संभाल दिवस'

नई दिल्ली। केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों ने अपना आंदोलन तेज करने के लिए 23 से 27 फरवरी के बीच कई कार्यक्रम आयोजित करने की रविवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि वे प्रदर्शन को लंबे समय तक चलाने के लिए जल्द ही नई रणनीति तैयार करेंगे। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत 23 फरवरी को पगड़ी संभाल दिवस और 24 फरवरी को दमन विरोधी दिवस मनाया जाएगा और इस दौरान इस बात पर जोर दिया जाएगा कि किसानों का सम्मान किया जाए और उनके खिलाफ कोई दमनकारी कार्रवाई नहीं की जाए। किसान मोर्चा ने कहा कि 26 फरवरी को युवा किसान दिवस और 27 फरवरी को 'मजदूर किसान एकता दिवस' मनाया जाएगा। किसान नेता दर्शनपाल ने कहा कि 23 फरवरी को 'पगड़ी संभाल दिवस' मनाया जाएगा जो चाचा अजीत सिंह और सहजानंद सरस्वती की याद में मनाया जाएगा। इस दिन किसान अपने क्षेत्र की पगड़ी पहनेंगे। उन्होंने कहा, 24 फरवरी को दमन विरोधी दिवस मनाया जाएगा जिसमें किसान और नागरिक, किसान आंदोलन को दबाने के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। इस दिन तहसील और जिला मुख्यालयों के जरिए भारत के राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। पाल ने कहा, 26 फरवरी को इस आंदोलन में युवाओं के योगदान का सम्मान करते हुए, युवा किसान दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दिन एसकेएम के सभी मंचों का संचालन युवा करेंगे। उन्होंने कहा, 27 फरवरी को गुरु रविदास जयंती और शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस के मौके पर किसान मजदूर एकता दिवस' मनाया जाएगा। स्वराज इंडिया के नेता योगेन्द्र यादव ने कहा, सरकार प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी, उन्हें हिरासत में लेने और उनके खिलाफ मामले दर्ज कर हर दमनकारी उपाय अपना रही है। सिंघू बॉर्डर पर किलेबंदी कर दी गई है और वह एक अंतरराष्ट्रीय सीमा की तरह प्रतीत होता है। उन्होंने कहा, संसद के आठ मार्च से शुरू हो रहे सत्र के मद्देनजर आंदोलन के लिए दीर्घकालिक योजना पर चर्चा की जाएगी और एसकेएम की अगली बैठक में रणनीति साझा की जाएगी। पाल ने भी सरकार पर दमन का आरोप लगाया।

# चुप्पी तोड़े और जागरूक बने : रेखा शर्मा अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला आयोग






» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार के मुख्य भागीदारी से सतत संस्था द्वारा मेडिकल एवं पैरा मेडिकल संगठनों मे लिंग भेदभाव विषय पर राष्ट्रीय गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन अमृत कौर नर्सिंग कॉलेज सभागार मे हुआ कार्यशाला का उद्देश्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करना है, जैसे लिंग संवेदनशीलता, लिंग पहचान, लिंग इक्विटी बनाम लिंग समानता, लिंग भेदभाव इत्यादि । पैनलिस्टों में एसोसिएट प्रोफेसर जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी एवं सतत की अध्यक्ष डॉ0 सुनीता रेड्डी, डॉ. डेजी थॉमस कार्यवाहक प्रिंसिपल राज कुमारी अमृत कौर नर्सिंग कॉलेज, प्रो सरस्वती राजू, सेवानिवृत्त , प्रो जेएनयू, बिजॉय रॉय, । प्रो संघमित्रा आचार्य और डॉ. नेमथिअंगाई गुइटे, सामाजिक चिकित्सा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संकाय एवं अन्य शामिल थे। डॉ. रेड्डी ने अपने उद्घाटन भाषण मे लैंगिक संवेदनशीलता और जागरूकता के माध्यम से लैंगिक असमानता को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थानों के अस्पतालों को विभिन्न पदानुक्रम और लिंग आधारित अंतर को समाप्त करना होगा। सेमिनार का उद्देश्य डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के लिए चिकित्सा पाठ्यक्रम के लिए लिंग संवेदीकरण मॉड्यूल के साथ आना है। डेजी थॉमस जिन्होंने लिंग की पहचान, लैंगिक संवेदनशीलता और समानता की दिशा में उचित लक्ष्यों के मुद्दों पर बात की थी। राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष रेखा शर्मा, ने महत्वपूर्ण सिफारिशों के माध्यम से आगे बढ़ने का रास्ता बताया और कहा कि ह्यकार्यस्थल अधिनियम में यौन उत्पीड़न के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, उत्पीड़न का विरोध करने के लिए एक आंतरिक समिति के अस्तित्व की आवश्यकता है । अनुचित इशारों के खिलाफ आवाज उठाने एवं ऐसे संवेदनशील विषय पर चुप्पी तोड़ने को आज के समय की आवश्यकता बताते हुए आयोग अध्यक्ष रेखा शर्मा ने महिलाओं की सुरक्षा के प्रति आयोग के विभिन्न प्रयासों का भी उल्लेख किया।

## बुजुर्ग और बीमार कैदियों की पैरोल बढ़ाने की मांग को लेकर याचिका दायर




नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट 65 साल से अधिक उम्र के कैदियों के पैरोल की अवधि बढ़ाने की मांग पर दिल्ली सरकार और जेल प्रशासन से जवाब मांगा है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने सभी जेल कर्मचारियों, अधिकारियों और कैदियों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए वैक्सीन लगाने की मांग पर भी सरकार और जेल प्रशासन से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने यह आदेश आत्माराम गुप्ता हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रही पूर्व पार्षद शारदा जैन की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिका में उन्होंने जेल में बंद सभी कैदियों और अंतरिम जमानत पैरोल पर बाहर गए कैदियों को टीका लगाने की मांग की है। चीफ जस्टिस डीएन पटेल और जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने याचिका पर विचार करते हुए सरकार और जेल प्रशासन को नोटिस जारी कर मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च से पहले जवाब करने को कहा है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील अमित साहनी ने हाईकोर्ट को जेल में कैदियों में कोरोना संक्रमण फैलने का हवाला दिया। वकील ने मंडोली जेल में कई कैदियों में कोरोना संक्रमण होने को लेकर मीडिया में आई खबरों का भी हवाला दिया। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने फिलहाल कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। हालांकि, बेंच ने कहा है कि सरकार जेल में संक्रमण रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएगी। इससे पहले दिल्ली सरकार की ओर से स्थायी अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि सरकार और प्रशासन कैदियों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है और जेल में कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी।

## अंबेडकर नगर थाने की पुलिस द्वारा बाबा चरन कबड्डी पार्क में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर




नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के अंबेडकर नगर थाने की पुलिस ने सराहनीय कदम उठाते हुए अंबेडकर नगर स्थित बाबा चरन कबड्डी पार्क में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन। यह कार्यक्रम अंबेडकर थाना व बाबा चरन कबड्डी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में दिल्ली की लगभग 10 से अधिक टीमों ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों में लड़के और लड़कियां दोनों शामिल रही। आयोजन स्थल पर छुट्टी वाले दिन हुई इस प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी तादाद में लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे अंबेडकर नगर थाने के एसएचओ मुकेश कुमार ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। वही इस कार्यक्रम में अतिथि के रुप में दिल्ली और दिल्ली के प्रधान संपादक चंद्रपाल बैरवा भी उपस्थित रहे। इन दिनों दिल्ली पुलिस अपना स्थापना दिवस मना रही है। इसी कड़ी में अंबेडकर नगर इलाके में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के बहुत सम्मानित भीष्म पहलवान, इंद्रजीत मिश्रा समाजसेवी, सुधीर राठी आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, रवि जीनवाल, राज कुमार गोठवाल, नंदकिशोर बेरवा आदि उपस्थित रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करके बाबा चरण कबड्डी क्लब की टीम अव्वल रही वही राजपुर खुर्द की टीम को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। लड़कियों की टीम में भी बाबा चरन कबड्डी क्लब की टीम अव्वल रही।

### लोकल ट्रेनें आज से शुरू, कोरोना के कारण 11 महीने पहले लगा था ब्रेक

**नई दिल्ली** । कोरोना काल में बंद हुईं लोकल ट्रेनों का संचालन 11 माह बाद आज से शुरू हो जाएगा। दिल्ली-गाजियाबाद रूट पर भी पांच ट्रेनों का संचालन होगा। इनमें से दो ट्रेनें दिल्ली और पलवल से गाजियाबाद तक चलेंगी। ट्रेनों के संचालन के लिए रेलवे ने तैयारी पूरी कर ली हैं। यह ट्रेनें स्पेशल पैसेंजर के नाम से चलाई जाएंगी और किराया भी पहले से ज्यादा देना होगा। यात्रियों को इन ट्रेनों में यात्रा करने के लिए टिकट एक्सप्रेस (स्पेशल) लेना होगा। ट्रेन संख्या 04407 पलवल से सुबह 6 बजे चलकर सुबह 8:20 बजे गाजियाबाद स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04409 सुबह नौ बजे गाजियाबाद से रवाना होगी और 10:30 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। ट्रेन संख्या- 04303 दिल्ली से बरेली के बीच चलेगी। यह ट्रेन रात 11:50 बजे दिल्ली से चलेगी और 12:30 बजे गाजियाबाद पहुंचेगी। ट्रेन संख्या-04401 दिल्ली से शाम 7:45 पर चलेगी और गाजियाबाद होते हुए दोपहर एक बजे सहारनपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04404 सहारनपुर से सुबह 4:25 पर चलेगी और सुबह 7:50 पर गाजियाबाद व 8:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

## न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम के मार्गदर्शन में जागरूकता शिविर



» सुनील कुमार जांगड़ा

फरीदाबाद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के दिशा निदेर्शानुसार व न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन मे कोरोना महामारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया। न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम ने बताया कि पैरा लीगल वालंटियर सुमन फूले द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों को बताया कि बिना मास्क के घर से ना निकले तथा अनावश्यक भीड़भाड़ वाली जगह पर जाने से बचें और यदि जाना भी पड़े तो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य करें और हाथों को सादा पानी या साबुन से समय-समय पर 20 सेकंड तक साफ करते रहें या सैनिटाइजर से हाथों को कीटाणु रहित रखें।अपने हाथों को मुंह ,नाक व आंखों को छूने से बचें क्योंकि यह रोग इन रास्तों के द्वारा ही शरीर में प्रवेश करता है और अपने इम्यूनिटी पावर को बरकरार रखें, शुद्ध शाकाहारी भोजन करें। अगली कड़ी में पैरा




लीगल वालंटियर सुमन फुले ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि केंद्र व राज्य सरकार और आयुष मंत्रालय द्वारा बताए गए दिशा निदेर्शों का पालन करें। तभी कोरोना हारेगा देश जीतेगा।

# गुरु गृह पढन गये रघुराई अल्प काल सब विद्या पाई





» मदरलैंड संवाददाता

बलरामपुर । नगर क्षेत्र में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन युवा संत सर्वेश महाराज के मुखारविंद से भगवान श्रीराम के बाल्यकाल प्रसंग का वर्णन किया गया । संत सर्वेश महाराज ने वैदिक मंत्रोचार, आरती के पश्चात भगवान श्रीराम के बाल्यकाल चरित्र को सुनाते हुए कहा कि महाराज दशरथ के पुत्र जन्म के पश्चात पूरे अवध क्षेत्र में चहुँओर खुशियाँ मानाई गयी समय बीतता गया चारो भाई राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न बड़े हुये । गुरू वशिष्ठ के आज्ञानुसार महाराज दशरथ ने चारो पुत्रों को गुरू के सानिध्य में विद्या ग्रहण करने के लिए भेज दिया । अल्प काल में ही भगवान श्री राम ने समस्त विद्या को ग्रहण किया। तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस में लिखा है कि गुरु गृह पढन गये रघुराई अल्प काल सब विद्या पाई । मयार्दा में रहते हुए श्रीराम ने अपने श्रेष्ठ कर्तव्य का निर्वहन किया और माता पिता व गुरु को आनन्दित किया । इस दौरान श्रीराम ने निषाद राज से मित्रता की । श्रीराम कथा को सुनने के लिए कथा के छठवें दिन मुख्य अतिथि के रुप में सदर विधायक पल्टूराम, जिला मंत्री भाजपा बृजेन्द्र तिवारी, शासकीय अधिवक्ता पवन शुक्ला, विनय मिश्रा सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए व संत सर्वेश महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया । कथा के उपरांत श्रोता गणों ने भोजन प्रसाद का भी आनंद लिया ।

## दिल्ली में 45 जगहों पर एक महीने तक चलेगा पंजीकरण अभियान

**नई दिल्ली**। दिल्ली की आम आदमी पार्टी आप सरकार दिल्ली सरकार कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के लिए बड़े पैमाने पर रजिस्ट्रेशन कैम्पेन शुरू करने जा रही है ताकि दिल्ली के श्रमिक शिक्षा, पेंशन, मातृत्व, विवाह आदि से संबंधित दिल्ली सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। कंस्ट्रक्शन के काम से जुड़ा कोई भी वर्कर इन कैंप में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदि कहा कि ह्यआपह्ण सरकार ने कंस्ट्रक्शन मजदूरों के लिए कई वेलफेयर स्कीम बनाई हुई हैं, लेकिन इसमें सबसे बड़ी दिक्कत है कि उन्हें इन्फॉर्मेशन नहीं है कि इन स्कीम का फायदा कैसे मिलेगा? उन्होंने कहा कि दिल्ली में 10 लाख कंस्ट्रक्शन मजदूर हैं और इनमें से 2 लाख 12 हजार ही रजिस्टर्ड नेटवर्क में हैं। कंस्ट्रक्शन मजदूरों को रजिस्ट्रेशन डोमेन में लाने के लिए 262 लेबर चौक पर अवेयरनेस कैंपेन चलाया जाएगा। दिल्ली में 45 जगहों पर सुबह 9 से लेकर शाम 5 बजे तक 1 महीने तक रजिस्ट्रेशन कैंपेन चलाया जाएगा। कंस्ट्रक्शन के काम से जुड़ा कोई भी वर्कर इन कैंप में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। सिसोदिया ने कहा कि रजिस्टर्ड कंस्ट्रक्शन मजदूर को दिल्ली सरकार से कई फायदे मिलते हैं। महिला वर्कर को मां बनने पर 30,000, अगर वर्कर 60 साल का हो जाता है तो हर महीने 3000 पेंशन और किसी वर्कर की वर्किंग साइट्स पर मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को 2 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। दिल्ली सरकार ने बीते गुरुवार को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 488 निर्माण श्रमिकों को 3.18 करोड़ रुपये वितरित किए थे। लाभार्थियों को चेक सौंपने के बाद सिसोदिया ने कहा था कि यह सरकार का एक दायित्व है कि वह जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करे। दिल्ली सरकार कामगारों के लिए दावा वितरण को सुचारू बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए अनुदान देने की प्रक्रिया की समीक्षा की और उन्हें सरल बनाया गया है।

## सपाइयों ने पेट्रोल-डीजल-रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में किया प्रदर्शन




» मदरलैंड संवाददाता

मुजफ्फरनगर। महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी की अध्यक्षता में नगर कमेटी ने पैदल बाइक लेकर व सर पर गैस सेलेंडेर रखकर नगर के मुख्य चोराहे अहिल्या बाई चौक से चलकर शिव चौक तक जाने के प्रयास को योगी की पुलिस ने अस्पताल चौराहे पर ही रोक लिया। जहां पर महानगर अध्यक्ष व पुलिस के बीच तीखी नोक झोंक व हाथापाई हुई। इसके बाद एस डी अम सदर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर समाजवादी पार्टी नेताओ ने गगनभेदी नारे लगाये।तथा केंद्र व प्रदेश सरकार से माँग की कि तेल की कीमतों में लगाये गये सरकार के बेतहाशा करो में कमी कर जनता को राहत देने का काम ये डबल इंजन की सरकार करे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अलीम सिद्दीकी,शलभगुप्ता,बोबी त्यागी इंदरलोक,वरिष्ठ सपा नेता शौकत अंसारी, शमशाद अहमद, उमर खान,जनारधन विश्वकर्मा, सलीम अंसारी, महक सिंह,अमित शील, नदीम राणा, जॉनी अरोरा,सोनू कुमार, नदीम खान, इद्रीस मलिक, डॉक्टर नौशाद खान, जावेद सैफी, माजिद अंसारी प्रधान जी, फराज अंसारी, प्रदीप बर्मन,सावन कुमार, सरफराज काजी, सुरेश चंद, संदीप कुमार, फहीम सिद्दीकी, फराज आदि मौजूद रहे।

## एसएसपी अभिषेक यादव द्वारा किया गया कंट्रोल रुम का निरीक्षण




» सरताज अहमद

मुजफ्फरनगर। एसएसपी अभिषेक यादव द्वारा जनपद के नगर एवं ग्रामीण कंट्रोल रुम का निरीक्षण किया गया तथा नगर क्षेत्र में मुख्य चौराहों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे उउळश कैमरों की सक्रियता का भी परीक्षण किया गया।एसएसपी द्वारा कंट्रोल रुम में नियुक्त समस्त पुलिस बल को डियूटी के समय सजग रहते हुए छोटी से छोटी सूचना का संज्ञान लेकर सम्बन्धित को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

## साले ने जीजा की चाकू घोंप कर की हत्या, एक गिरफ्तार तीन फरार

» शकील सैफी



किठौर। थाना क्षेत्र के गेसूपुर जूनूबी मे साले ने जीजा के पेट में धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंप दिया उसके 3 साथी भागने में सफल रहे पत्नी गर्भवती बताई जाती है बच्चा पैदा होने से पहले ही बाप का सिर से साया उठ गया है इस संबंध में एसपी देहात केशव मिश्रा का कहना है कि नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और जो लोग इसमें नामजद है उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। एसपी देहात केशव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के खादर गांव गेसूपुर जानूबी में लगभग डेढ़ वर्ष पहले सरवन कुमार पुत्र मंसाराम उम्र लगभग 24 वर्ष जोगी ने अपने ही गांव की सुंदर की लड़की से प्रेम विवाह किया था तब से वह अपनी पत्नी के साथ बाहर ही रह रहा था कल वह अपने माता-पिता से मिलने के लिए अपने गांव आया था। उसके आने की सूचना उसके ससुराल वालों को भी लग गई। जब सरवन कुमार अपने घर से निकला तो उसका साला अपने तीन साथियों के साथ आ गया और बताया जाता है कि तीन लोगों ने उसे पकड़ लिया और साले ने उसके पेट में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया आनन-फानन में ग्रामीण व पुलिस उसे मेडिकल अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इस घटना से गांव में कोहराम मच गया पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाने पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है मृतक की मां की तहरीर पर चार लोगों को नामजद किया गया है पुलिस ने 4 आरोपियों के नाम कोशिंदर, अमित, अंकित पुत्र गण सुंदर उसकी मौसी का लड़का रोहित पुत्र ना मालूम निवासी पबरसा मेरठ बताए हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## एसपी क्राइम दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



मदरलैंड संवाददाता, मुजफ्फरनगर। कचहरी परिसर की सुरक्षा के दृष्टिगत एसपी क्राइम दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा जनपदीय पुलिस बल,डॉग स्क्वायड व छकव टीम द्वारा जनपद में स्थित कचहरी परिसर में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। डॉग स्क्वॉड व छकव टीम ने स्थानीय पुलिस बल के साथ मुजफ्फरनगर कचहरी परिसर में खडे वाहनों एवं संदिग्ध वस्तुओं की जांच की साथ ही परिसर के आसपास घूम रहे। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा वहां मौजूद व्यक्तियों से अपील की गयी कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति वस्तु दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे।

## जिलाधिकारी ने शस्त्र व्यवसायियों के साथ की बैठक

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। बचत भवन में शस्त्र व्यवसायियों के साथ आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी के बालाजी ने पंजीकृत शस्त्र व्यवसायियों से कहा कि वह अपना रिकार्ड अद्यतन रखें तथा नये कारतूस देने से पूर्व आर्म्स लाईसेंसी से पूर्व में निर्गत कारतूस का ब्यौरा भी लें। उन्होने कहा कि सभी शस्त्र व्यवसायी शासन द्वारा दिये गये दिशा ङ्गनिदेशों का पालन करते हुये शस्त्र व कारतूस दे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, एडीएम सिटी अजय तिवारी, एसपी सिटी अखिलेश नारायण सिंह सहित शस्त्र व्यवसायी उपस्थित रहे।

## राज्य निर्वाचन आयोग ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। राज्य निर्वाचन आयोग ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया एक जनपद एक चरण में संपन्न कराये जाने में मंडल के अन्य जनपदो तथा दूसरे मंडलो से बुलाये जाने वाले कार्मिको की संख्या व उनके आवागमन की व्यवस्था, कार्मिको का प्रशिक्षण व मतदान केन्द्र व मतदेय स्थलों की स्थिति आदि विषयो पर समीक्षा की। इस अवसर पर आयुक्त अनीता सी0 मेश्राम, जिलाधिकारी के बालाजी, अपर आयुक्त रजनीश रॉय, अपर जिलाधिकारी वित्त सुभाष चन्द्र प्रजापति उपस्थित रहे।

## डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना में सात दिवसीय शिविर शुभारंभ

» उमाकांत शर्मा



मुजफ्फरनगर। डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर का प्रारंभ हुआ जिसका उद्घाटन महाविद्यालय सचिव अरविंद कुमार एवं प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। शिविर के प्रथम दिन एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों पानी का संरक्षण जरूरी वर्तमान व्यवस्था के प्रति आक्रोश एवं सुधार हेतु उपाय। महिलाओं से भेदभाव पूर्ण व्यवहार तथा सामाजिक स्तर पर सरकार द्वारा उपाय शिक्षा के प्रति जागरूकता तथा विद्युत ऊर्जा संरक्षण पर क्रम अंबुज तुषार लायबा साहेबान सारिक मलिक आदि छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए तथा इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस) टीम द्वारा खड़ंजा निर्माण एवं महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई का कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ संगीता चौधरी, प्रतिभा चौधरी, प्रशांत मलिक, डॉ अनीता शर्मा, ध्रुव कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शिखा कौशिक सहित पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## योगी सरकार ने पेश किया सरकार का बजट

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। भाजपा की योगी सरकार ने आज उप्र का बजट पेश किया जिसपर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खां ने कहा कि प्रदेश का बजट सुनहरी योगी काल में सुनहरा बजट माना जायेगा। उन्होने कहा कि योगी सरकार ने अपने बजट में किसान, नौजवान, पशु, चिकित्सा, स्वास्थ्य, खेल, रोजगार, स्वदेशी उत्पाद, गरीब, मजदूरों को पूरा ख्याल रखा हैं। उप्र का बजट सुनहरी योगी काल में सुनहरा बजट माना जायेगा। हर वर्ग हर सम्प्रदाय खासतौर से महिला और मुस्लिम समाज के उत्थान के साथ-साथ तलाक पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में पेशन देने व अन्य योजनाओं से मुसलमान गदगद हैं। बजट की सराहा ही नहीं बल्कि प्रदेश का मुसलमान योगी सरकार का आभार व्यक्त करता हैं। उन्होने प्रदेश की योगी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसा बजट पेश किया गया हैं जो काबिले तारीफ होने के साथ-साथ विरोधियों के मुंह पर तमाचा भी हैं। जो लोग योगी व भाजपा सरकार को मुस्लिम विरोधी बताते हैं आज इसी सरकार ने मुस्लिम समुदाय विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया हैं जो विरोधियों को हज्म नहीं होगा।

## योगी सरकार के बजट में जनता के लिए कुछ भी नहीः प्रमोद त्यागी

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने योगी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को जनहितों के विपरीत बताते हुए जनता के लिए सिर्फ धोखा बताया है। प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने कहा कि बजट में किसानों,मजदूरो व अन्य वर्ग के हितों के लिए कुछ भी नही है। किसानों के बकाया भुगतान व खाद बिजली पर कोई सब्सिडी व लाभ पहुंचाने की कोई घोषणा नही है,किसानों के 5 लाख के बीमा व फ्री सिंचाई की योजना पहले से ही सपा सरकार द्वारा चलाई गई थी। बजट पूरी तरह किसान विरोधी है। प्रमोद त्यागी ने कहा कि पूर्व सपा सरकार में मजदूरो के हित मे अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई गई थी लेकिन भाजपा सरकार ने अपने बजट में कुछ नही दिया है। प्रमोद त्यागी ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए पहले से ही मुलायम सिंह यादव सरकार द्वारा चेम्बर निर्माण की योजना से असंख्य अधिवक्ताओं को लाभ पहुंचाते हुए अन्य कई योजनाएं दी गयी लेकिन योगी सरकार अपने बजट में वकीलों के हितों में कुछ नही कर पाई है। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने कहा कि एक्सप्रेसवे निर्माण व मेट्रो योजना भी सपा सरकार की ही देन है।

## नोडल अधिकारी ने किया वार्डो का निरीक्षण



» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। रामपुर के नोडल अधिकारी एल वेंकटेश्वर लू ने भ्रमण के दूसरे दिन नगर पालिका रामपुर के वार्ड संख्या 37 व 38 का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने वार्डो का पैदल भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होने सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण मुहैया कराने के बारे में अधिकारियों से पूछा तथा ईओ को निर्देशित किया कि वह सफाई कर्मियों को उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के दृष्टिगत जरूरी सुरक्षा किट मुहैया करायें। उन्होने कहा कि सफाई व्यवस्था को स्थाई रूप से दुरूस्त बनाने के लिए जगह-जगह स्लोगन लिखवाये जिसके जरिये आमजन को डस्टबिन का उपयोग करने और अपने आसपास सफाई बनाये रखने के बारे में जागरूक किया जाये। उन्होने कहा कि दुकानदार एवं अन्य स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित करें कि वह नालियों में कूड़ा डालने के बजाये डस्टबिन का उपयोग करें ताकि नालियों में जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो। उन्होने स्थानीय लोगों से पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति आदि के बारे में बातचीत भी की।

इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम जी मिश्र, इओ डा. इंदु शेखर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संविधान बचाओ देश बचाओ अभियान की घोषणा : मोहम्मद सुलेमान

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि पार्टी द्वारा पूरे देश में संविधान बचाओ देश बचाओ अभियान के दो मार्च से अभियान चलाया जायेगा। शौकत अली रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता में बोलते हुए इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सुलेमान ने कहा कि देश में भाजपा की सरकार बनने के बाद आरएसएस पूरी तरह हावी हो चुका हैं जिस कारण प्रशासन की चाटुकारिता के चलते समाज के हर वर्ग में कुंठा की भावना प्रबल होती जा रहीं हैं। लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रहीं हैं यही कारण हैं कि समाज का हर वर्ग विशेष कर बेरोजगार, युवा, किसान व महिलाएं अपना भविष्य अंधकारमय महसूस कर रहें हैं। देश फासीवादी अधिनायक वाद की ओर बढ़ रहा हैं हमारी पार्टी ने इन्हीं कुछ तथ्यों को महसूस करते हुए संविधान बचाओ देश बचाओ अभियान को दो मार्च से केरल के त्रिवेन्द्रम से आरम्भ करने की योजना बनाई हैं। इस अभियान को केरल, तमिलनाडू, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, बिहार, उप्र में आयोजन करते हुए समापन राजधानी दिल्ली में करोड़ों लोगों के जत्थे में करेंगे। उन्होने कहा कि हर वर्ग जाति को साथ लेकर चलने की जरूरत हैं। सरकार की एक जाति वर्ग को साथ लेकर चलने मुस्लिम-दलित विरोधी नीति को अपनाने से राष्ट्र की एकता अखंडता को कायम रखा जा सकेगा। आज देश का 85 प्रतिशत आबादी मुस्लिम वंचित वर्ग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा हैं।

## छात्राएं भारत का भविष्य है: निदेशक नवदीप कौर




» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। राजकीय महिला डिग्री कालेज द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चलाये जा रहें सात दिवसीय शिविर का समापन संकल्प दिवस के रूप में हुआ। समापन समारोह में स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुती। जिसमे मोनलिका ने डांस के जरिये संदेश दिया कि एसिड अटैक के किस तरह एक इंसान की जिन्दगी बर्बाद हो जाती हैं यह एक गंभीर अपराध हैं। इस प्रकार की घिनौनी हरकत करने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। समरा जफर, सायमा, गुजन, शबीना ने अपने हास्यात्मक अदाकारी से सभी का खूब मनोरंजन किया। शालू, कंचन, मुस्कान, पूजा, कशिश, खुशी, सबीना, समरा आदि छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आकाशवाणी केन्द्र रामपुर की निदेशक नवदीप कौर छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उन्हे रोजगार के विभिन्न आयाम से परिचित कराते हुए सफलता के नये-नये मंत्र दिये। भीम अनार्य ने कहा कि छात्राएं भारत का भविष्य है और उन्हे एक उज्जवल भारत के निर्माण के लिए जात पात के भेद से ऊपर उठकर एकजुट काम करना चाहिए। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य डा. रजनी रानी अग्रवाल, शत्रुजीत सिंह, अतुल शर्मा, शांति पाल, सुरेन्द्र नथू सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डा. रजिया परवीन ने किया।

## चायनीज मांझे की बिक्री पर रोक की मांग



» अफाक खान

रामपुर। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मामून शाह खां ने जिला प्रशासन से रामपुर में खुलेआम बिक रहे चायनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाये जाने की मांग की हैं। मामून शाह खां ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि लोगों को मौत बांटने वाला खूनी चायनीज मांझा आज भी रामपुर में खुलेआम बिक रहा हैं। चायनीज मांझे के कारण अब सैकड़ों लोग बुरी तरह जख्मी हो चुके हैं कई लोगों की जान भी जा चुकी हैं लेकिन इस खूनी मांझे का कारोबार करने वाले अपनी हकरतों से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होने जिला प्रशासन से चायनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाकर इस खूनी मांझे को बेचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की हैं।

## डीजल,पेट्रोल व रसोई गैस के दामों में हुई वृद्धि को वापस ले सरकारः विवेक पाण्डेय

» अजय सक्सेना



मैनपुरी। सम्पूर्ण देश मे डीजल पैट्रोल एवं रसोई गैस के दामों में हुई वृद्धि को वापस लेने की मांग को लेकर भ्रष्टाचार मिटाओ अभियान के संयोजक समाजसेवी विवेक पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित एक माँग पत्र उपजिलाधिकारी रतन वर्मा को दिया। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने डीजल पैट्रोल एवं रसोई गैस के दामों में हुई वृद्धि को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा डीजल पैट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं। पड़ोसी देशों की अपेक्षा अपने देश मे डीजल पेट्रोल के दाम बहुत अधिक है। जिसके चलते आम जनमानस को भारी परेशानी हो रही है डीजल पैट्रोल के दामों में हुई वृद्धि की वजह से महंगाई भी बड़ी है आम आदमी का गुजारा नहीं हो पा रहा है।

## लड़की पर एसिड अटैक करने वाला आरोपी गिरफ्तार





» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के एक गांव में एक 17वर्षीय लडकी पर रविवार की देर सांय एसिड अटैक उसे गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने रात्रि में ही गिरफ्तार करने में कामयाबी पायी है। एसपी,एसडीएम सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारीयों ने घटना स्थल व गांव का दौरा करते हुऐ ग्रामीणो से शांति बनाये रखने की अपील की है। सोमवार की सुबह ग्रामीणो ने अफवाह के चलते हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम लगा दिया जिसे अधिकारीयों ने समझाते हुऐ खुलवाया ओर गांव में गश्त की। घायल लडकी की हालत में सुधार बताया जा रहा है। विधायक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनो के कार्यकर्ता घायल लडकी के परिजनो से मिलने पहुंचे। घटना को कुछ लोगो ने समुदायों से जोडकर संप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया लेकिन पुलिस प्रशासन व सामाजिक लोगो की जागरूकता के चलते वह अपने गलत इरादों में सफल नही हो सके। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि सिंभावली क्षेत्र के एक गांव में 17वर्षीय लडकी पर रविवार की देर सांय एसिड अटैक करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी व एसओजी प्रभारी के नेतृत्व में दो टीमें लगाई गई थी पुलिस टीमों ने एसिड अटैक करने वाले आरोपी राहिल उर्फ रोहिल खान निवासी राजपुर को पुलिस ने रात्रि में ही गांव राजुपर के जंगल से ही बल प्रयोग करके गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद एसपी नीरज कुमार जादौन,एएसपी सर्वेश कुमार मिश्रा, एसडीएम विजय वर्धन तोमर, सीओ पवन कुमार सिंभावली, गढ, बहादुरगढ व बाबूगढ सहित जिले के विभिन्न थानो के पुलिस बल व अर्धसैनिक बलों के साथ गांव में पहुंचे। अधिकारियों ने घटना स्थल व गांव का दौरा करते हुऐ ग्रामीणो से शांति बनाये रखने की अपील की है।

# पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता में दो छात्राए सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता




गढमुक्तेश्वर। किसान पीजी कालिज सिंभावली की दो छात्राओ को सडक सुरक्षा को लेकर आयोजित पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरूस्कृत व सम्मानित किया गया। कालिज प्राचार्य ने भी छात्राओ को कालिज में सम्मानित किया। सिंभावली स्थित किसान पीजी कालिज सिंभावली में सोमवार को कालिज की दो छात्राओ कु0 तनु चैहान एवं कु0 शीतल को प्राचार्य डा0 तेजवीर सिंह ने सडक सुरक्षा को लेकर हापुड में आयोजित पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरूस्कृत व सम्मानित किया । प्राचार्य डा0 तेजवीर सिंह ने बताया कि सडक सुरक्षा माह 2021 पर राजकीय महाविद्यालय बीबी नगर ने हापुड के मोदीनगर रोड पर स्थित सरस्वती बाल मंदिर में डा0 सुरभि मिततल व डा0 प्रभात कुमार के निर्देशन में पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता के आयोजन में दोनो छात्राओ कु0 तनु चैहान एवं कु0 शीतल ने प्रथम स्थान प्राप्त करके अपना व कालिज का नाम रोशन किया है।

## आशा घर घर जाकर संचारी रोग नियंत्रण को लेकर करेगी जागरूक

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर अधीक्षक डाक्टर वीके सोनी के नेतृत्व में आशा कार्यकत्रीयों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीसीपीएम सोनू वाथम ने आशा कार्यकत्रीयों को संक्रामक बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के बारे में जागरूकता लाने को प्रेरित किया तथा एन सीटी फार्मेट में कैन्सर,मधुमेह,बुखार,टीबी के मरीजो की सूची बनाने पर जोर दिया। इस दौरान हरदेवी,भारती, रजनी,भाग्यवती, सरोज, लीलावती, पुष्पा,अनीता सहित खेरागढ़ ब्लाक की समस्त आशा कार्यकत्रीयां मौजूद रही।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रतिभावान खिलाडी अपनी प्रतिभा दिखाने में लगे

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। गढ नगर के डीआर इंटरनेशन स्कूल में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रदेश के 42जनपदो के भाग ले रहे सैकडो प्रतिभावान पुरूष व महिला वर्ग के खिलाडी अपने खेल से अपनी प्रतिभा दिखाने में लगे है। प्रदेश स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए गढ के डीआर इंटरनेशन स्कूल का चयन होने पर स्कूल में पांच दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। तीरंदाजी संघ हापुड के जिलाध्यक्ष डा0 संदीप त्यागी ने बताया कि तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रदेश के 42जनपदो के पुरूष व महिला वर्ग के खिलाडी भाग ले रहे सैकडो प्रतिभावान खिलाडी अपने खेल से अपनी प्रतिभा दिखाने में लगे है।तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेता खिलाडीयों को गोल्ड, सिल्वर व कांस्य पदक देकर उन्हें पुरूस्कृत व सम्मानित किया जा रहा है। तीरंदाजी प्रतियोगिता को देखने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक कमल सिंह मलिक ने कहा कि गढ क्षेत्र का पुष्पावती पूठ महाभारत काल में गुरू द्रोणाचार्य की तपोस्थली तथा कौरव पाण्डवो की शिक्षा का केंद्र रहा है यहां अर्जुन जैसे धर्नुधर बने है। इस मौके पर भारत भूषण गर्ग, गौरव मिततल, योगेन्द्र, राहुल उपाध्याय आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

## नाराज अधिवक्ताओ ने एसडीएम के न्यायालय के बहिष्कार की घोषणा की

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। बार एशोसिएशन गढमुक्तेश्वर की बैठक में एसडीएम के व्यवहार से नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम के न्यायालय के बहिष्कार करते हुऐ उनके तबादले की मांग की है। सोमवार को बार एशोसिएशन गढमुक्तेश्वर की बैठक एक बैठक अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा की अध्यक्षता में ओर सचिव अवनिश चैधरी के संचालन में हुई। बैठक में गढ एसडीएम के व्यवहार से नाराज अधिवक्ताओ ने एसडीएम के न्यायालय के बहिष्कार की घोषणा करते हुऐ उनके तबादले की मांग की है। अधिवक्ताओ का कहना है कि एसडीएम अपनी हठधमीर्ता करते है जब तक एसडीएम का तबादला नही होता वह एसडीएम न्यायालय का बहिष्कार करेंगे। बैठक में बार से जुडे अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## 16 लोगों पर की गई जिला बदर की कार्रवाई

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने न्यायालय में विचाराधीन वादों पर 22 फरवरी को सुनवाई के उपरांत गुंडा प्रवृति के दबंग 16 व्यक्तियों को जिला बदर करने, करने के आदेश निर्गत किए हैं। उन्होने बताया कि थाना बरनाहल के अन्तर्गत इकहरा नि. रनवीर पुत्र ओमप्रकाश, सलूकपुर नि. गौरव उर्फ लम्बू उर्फ दीपक पुत्र जितेन्द्र कुमार, रीकेश पुत्र श्यामवीर, नगला शिवकरन नि जमालुउददीन पुत्र इस्लाम, कैशोपुर नि. शरीफ पुत्र नत्थू खां, थाना घिरोर के अन्तर्गत नगला किसी नि. कलाम हुसैन पुत्र मेहदी हसन, शाहजहाँपुर नि. इन्द्रवीर पुत्र नारायन सिंह, नगला मंगली नि. पीता पुत्र वीरेन्द्र सिंह, थाना औंछा के अन्तर्गत नि. नगला आन्ध्रा शिवम पुत्र ताराचन्द, कुम्हरौहा नि. कुलदीप पुत्र अजव सिंह, थाना किशनी के अन्तर्गत नि. कुरामरा सोनू अग्निहोत्री पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, थाना एलाऊ के अन्तर्गत नि. नगला सडक रवि पुत्र वीरेन्द्र सिंह, रोबिन पुत्र वीरेन्द्र सिंह, थाना दन्नाहार के अन्तर्गत नि. जसवन्तपुर छुटवा उर्फ अरविन्द पुत्र वीरेन्द्र सिंह, थाना करहल के अन्तर्गत नगला टांक नि. अभिषेक उर्फ अफसर पुत्र सत्यपाल, गढा अहलादपुर नि. अभय उर्फ भूरे पुत्र गोरेलाल को गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करते हुये जिला बदर किया गया है।

## सबका है कहना अनपढ़ ना रहना- भूमि दिवाकर

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के कृष्णांजलि नाट्यशाला में राष्ट्रीय सेवा संस्थान के तत्वाधान में रघुवीर बाल विद्या मंदिर की नन्ही छात्रा ने 'राइट टू एजुकेशन' को बढ़ावा देने के लिए युगल नृत्य की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी। केंद्र व प्रदेश सरकार प्रत्येक बच्चे को शिक्षा मुहैया कराने के लिए कटिबद्ध है। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बालक बालिका शिक्षित हो, इसके लिए विभिन्न प्रकार के अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं। सरकार के अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रघुवीर बाल विद्या मंदिर की छात्रा भूमि दिवाकर में युगल नृत्य प्रस्तुत कर संदेश दिया कि सभी बच्चों को स्कूल जाकर शिक्षा अवश्य हासिल करनी चाहिए। भूमि दिवाकर के पिता दीपेश दिवाकर केनरा बैंक में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत हैं। इस नन्ही सी बालिका ने भाव नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी और तालियां बटोरी। भूमि दिवाकर ने फिल्म संत ज्ञानेश्वर के गीत 'एक दो तीन चार, भईया बहिनों होशियार, सबका है कहना, अनपढ़ न रहना, जाओ गुरुजी के द्वार भैया बहनों होशियार 'गीत पर भाव नृत्य प्रस्तुत किया। 1980 में बनी शिक्षाप्रद फिल्म संत ज्ञानेश्वर में स्वर कोकिला लता मंगेशकर द्वारा गीत को स्वर दिया गया है। इससे पूर्व भी नन्ही बालिका भूमि दिवाकर कई बार कृष्णाजलि नाट्यशाला में भाव नृत्य की प्रस्तुति प्रदान कर चुकी हैं। भाव नृत्य में भइया की भूमिका विजडम पब्लिक स्कूल के छात्र सिद्धार्थ द्वारा निभाई गयी।

## ट्रक चालक ने गले मे रस्सी डालकर की आत्महत्या

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। थाना क्षेत्र के ग्वालियर बरेली मार्ग पर सुबह नगला अखे गांव के समीप ट्रक चालक युवक ने पेड़ पर गले मे रस्सी डालकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भेजा और परिजनों को सूचना दे दी है। सोमवार को गांव नगला अखे के समीप भरे ढाबे के सामने गन्ना के कोल्हू के पास खड़े पेड़ पर ट्रक चालक संजीव सिंह पुत्र उदय सिंह(41) निवासी अग्रवाल कालौनी भिंड मध्य प्रदेश ने रस्सी का फंदा गले मे डालकर आत्महत्या कर ली।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी आंगनवाड़ी कार्यकत्रिया

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। सोमवार को विकास खण्ड पर बाल संरक्षण संमिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में बाल संरक्षण अधिकारी ने भाग लिया और आंगनवाड़ी कार्यकत्री भी भारी संख्या में मौजूद रहकर उनको जिम्मेदारी भी दी गयी।बाल संरक्षण अधिकारी अलका मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लोंगो को कार्यकत्री जानकारी दे।बाल विवाह गलत है इसको किसी भी कीमत पर होने न दे।अगर बाल विवाह की कोई जानकारी मिले तो तुरंत सूचना दे जो ऐसा अपराध करता है उसके खिलाफ अधिनियम 2015 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। चाइल्ड हेल्प लाइन नम्ब 1098 व 1811090 को लो लोंगो के बीच जाकर बताए साथ ही गुड़ टच,बेड टच की भी जानकारी दे। इस मौके पर एडीओ ओमप्रकाश तिवारी सीडीपीओ सुमनलता सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी मौजूद रही।

# जर्जर हाइवे पर फिर हुआ काम शुरू ,लोंगो ने की डीएम से जांच की मांग

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। नगर से निकल रहा एनएच 92 पर मरम्मत के नाम पर फिर से निर्माण कार्य चालू हो गया है। लोंगो का कहना है कि 6 माह पहले भी कार्य हुआ था पर घटिया सामग्री को लेकर थोड़े समय मे ही हाइवे जर्जर हो जाता है।गड्ढा भरने के नाम पर लूट हो रही है नगर के लोंगो ने डीएम से जांच कराने की मांग की है। नगर निवासी विनोद गुप्ता,डॉक्टर के. के. यादव मुकेश यादव सचिन यादव रमाकान्त मिश्रा जावेद खान लालू यादव आदि का कहना है कि हाइवे आये दिन जर्जर हो जाता है जिस पर जगह जगह गड्ढा भरने का काम भी चालू हो जाता है पिछले दो बर्ष में कम से कम चार बार हाइवे पर गड्ढा भरने का काम किया जा चुका है। जिस समय काम होता है उस समय भी लोंगो द्वारा घटिया सामग्री लगाने का विरोध किया जाता है पर कोई सुनवाई नहीं होती नतीजा हाइवे जगह जगह उखड़ने लगता है सोमवार को फिर से गड्ढा भरने का काम शुरू हुआ तो लोंगो ने डीएम से शिकायत कर जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्वास्थ्य केन्द्र नूरपुर के प्रभारी जवाब तलब

» अवनीश त्यागी

बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सूचना के बावजूद जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अनुपस्थित रहने तथा परिवार कल्याण में कोई प्रगति न करने पर स्वास्थ्य केन्द्र नूरपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी का जवाब तलब करें और जिस एमओआईसी द्वारा भी अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतना प्रकाश में आये उनके विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाएं। समस्त एमओआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि अधिक कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हे जिला अस्पताल स्थित एनआरसी में भिजवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के समस्त क्षय रोगियों की शत प्रतिशत एच आई वी जांच कराना सुनिश्चित करे तथा कल आयोजित होने वाले कोविड वैकशिनेशन सत्र की समस्त तैयारी पूरी कर ली जाये और डाटा फिडिग में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के गुणवत्तापूर्वक संचालन के लिए सभी एमओआईसी को निर्देश दिए कि संस्थागत डिलीवरी केस बढ़ाएं ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की विश्वसनीयता में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कामता प्रसाद सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनोद कुमार गौड़, मुख्य चिकित्साधिकारी डा विजय कुमार यादव, जिला मलेरिया अधिकारी बृजभूषण, डीपीएम फारूक अजीज के अलावा सभी उप मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री स्ट्रीट वैण्डर्स निधि योजना के अंतर्गत 31 मार्च से पूर्व शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करे: जिलाधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता



बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वैण्डर्स निधि योजना के अंतर्गत अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि पूरी गम्भीरता और तत्परता के साथ इस महत्वपूर्ण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाएं और जिन निकायों द्वारा कार्य में शिथिलता अथवा लापरवाही बरती जा रही है, उनके विरूद्व कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 32.36 प्रतिशत वैण्डर्स को ऋण उपलब्ध कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति खेदजनक है। उन्होंने जिला अग्रिणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि स्ट्रीट वैण्डर्स को ऋण उपलब्ध कराने वाली स्वीकृत पत्रावली को अनावश्यक रूप से लम्बित न रहने दें और प्राथमिकता के आधार पर उन्हें ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी पाण्डेय कलैक्ट्रेट स्थित सभागार में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वैण्डर्स निधि योजना के अंतर्गत आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में 31 मार्च,21 तक जिले के शत प्रतिशत पथ विक्रेताओं का पंजीकरण तथा उनको ऋण उपलब्ध कराया जाना है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनोद कुमार गौड़, जिला अग्रिणी बैंक प्रबंधक परियोजना अधिकारी डूडा नरेन्द्र कुमार मिश्र के अलावा बैंकर्स एवं सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद थे।

# मैक्स गाड़ी ने बच्ची को मारी टक्कर, हुई मौत

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। आगरा जनपद के थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत पिनाहट भदरौली मार्ग पर कुकथरी गांव के पास एक तेज रफ्तार मैक्स गाड़ी ने सड़क किनारे शौच गई सात वर्षीय बच्ची को चपेट में लेकर टक्कर मार दी। जिससे बच्ची की मौत हो गई, मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश के गांव कलाद निवासी कृष्णा थाना पिनाहट के कुकथरी गांव में परिवार के साथ आलू खुदाई का मजदूरी का कार्य करने के लिए आया है। सोमवार को सुबह मजदूर की सात वर्षीय पुत्री शबनम गांव के ही पास पिनाहट भदरौली मार्ग किनारे शौच गई थी। तभी तेज रफ्तार दूध डेयरी की मैक्स गाड़ी ने बच्ची को चपेट में लेकर रौंद दिया, जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ग्रामीणों ने घेराबंदी कर मैक्स गाड़ी को पकड़ लिया वहीं चालक गाड़ी से खेतों में कूदकर भाग गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मैक्स गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर मृतक बच्ची के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक बच्ची के परिजनों की तहरीर पर मैक्स गाड़ी एवं अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की निधि संग्रह के बाद अब लोक संग्रह की तैयारी




» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड फतेहाबाद द्वारा फतेहाबाद खण्ड में मण्डल एकत्रीकरण आयोजित किये गये। जिसमें कोरोना कॉल के समय से बन्द शाखाओं को पुनः प्रारम्भ और समाज की बीच में कार्य करने वाले संघ की गतिविधि के कार्यकर्ताओं के दायित्वों की घोषणाएं हुई।

जिसमें पैंतीखेड़ा मंडल में आगरा विभाग के विभाग प्रचारक धर्मेन्द्र जरारी मंडल में विभाग ग्राम्य विकास प्रमुख संजीव ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

मण्डलों के एकत्रीकरण में प्रमुख रूप से जिला सह संघचालक राजेश पालीवाल जिला प्रचारक अनुराग, देवेन्द्र सिकरवार ,महेश,खण्ड संघचालक राजेश ,खण्ड प्रचारक वेद, खण्ड कार्यवाह देवेन्द्र ,सह खण्ड कार्यवाह मोहित ,राजकुमार ,विजय लवानियां, आलोक ,अवधेश, विमल, अनिल, मंडल कार्यवाह प्रदीप, संकेत, नरेश, हरीचंद, टिंकूराम आदि स्वयंसेवक कार्यकर्ता रहे।

## मुठभेड़ में पकड़ा गया पचास हजार का वांछित गब्बर सिंह



» शंकरदेव तिवारी

आगरा। थाना खेरागढ़ पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने सिपाही हत्याकांड के पचास हजार के वांछित आरोपी को मुठभेड़ में पकड़ लिया और दूसरा भागने में सफल रहा। पुलिस से हुई मुठभेड़ में वांछित आरोपी गब्बर सिंह पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मौके से भागे दूसरे वांछित रवि को पकड़ने के लिए पुलिस ने काफी देर तक कांबिंग की लेकिन वह भागने में सफल रहा पुलिस के हाथ नहीं आया। सिपाही हत्याकांड में पचास हजार रुपए का वांछित था गब्बर सिंह जिसकी पुलिस काफी दिनों से तलाश में लगी हुई थी।

बीते करीब तीन माह पूर्व थाना खेरागढ़ क्षेत्र में खनन माफियाओं ने सैंया पुलिस की कार्यवाही में सिपाही सोनू चौधरी की ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर हत्या कर दी गई थी जिसमें दर्ज मुकदमे में गब्बर सिंह और रवि के ऊपर आगरा पुलिस ने पचास हजार रूपए का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस दोनों वाछितों की सरगर्मी से तलाश में थी लेकिन हाथ नहीं आ रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गब्बर सिंह।

# बैठक में डीएफओ द्वारा प्रतिभाग न करने पर जिलाधिकारी नाराज

» मदरलैंड संवाददाता



बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में पर्यावरण समिति की बैठक आहूत की गई थी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के पी सिंह के अलावा वन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक में डीएफओ द्वारा प्रतिभाग न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त सम्बन्ध में आगामी बैठक प्रभागीय निदेशक वानिकी की उपस्थिति में सम्पन्न नहीं होगी। उन्होने बताया कि वर्ष 2021-22 में भी समस्त विभागो का समावेश करते हुए जन आन्दोलन के रूप में सबकी जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2020-21 की भांति वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होने सम्बन्धित विभागो को निर्देश दिये है कि 2021-22 के दिये गये लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन कर ले ताकि समय रहते दिये गये लक्ष्यों को पूरा किया जा सके यदि किसी विभाग को किसी भी प्रकार की परेशानी है तो वह प्रभागीय वनाधिकारी से मिलकर अपनी समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण हेतु ग्राम पंचायत को नोडल इकाई मानते हुऐ उसके स्तर से मनरेगा गाईडलाइन्स के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्य कराया जाना है और वृक्षारोपण कार्य के तकनीकी स्वरूप को देखते हुऐ हल्का वन रक्षक को ग्राम पंचायत में विशिष्ठ आंमत्री के रूप में नामित किया जायेगा।

# एसएसपी कार्यालय पर युवती ने खाया जहर

» अर्जुन वार्ष्णेय



अलीगढ़। थाना सिविल लाइन इलाके के एसएसपी कार्यालय पर उस वक्त हड़कंप मच गया। जब एसएसपी से फरियाद लगाने पहुँची करीब एक 18 वर्षीय युवती अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। जिसे आनन-फानन में अन्य फरियादी गोद में उठाकर पास में ही खड़ी गाड़ी की ओर लेकर दौड़ पड़े। मामले की जानकारी दफ्तर के अंदर बैठे एसएससी मुनिराज तक पहुंची तो कार्यालय पर मौजूद महिला व पुरुष पुलिसकर्मी युवती को गाड़ी में डालकर मलखान सिंह जिला अस्पताल लेकर पहुंच गए। जहां डॉक्टरों की टीम इलाज करने में जुट गई। युवती के मुंह से झाग निकल रहे हैं। लेकिन युवती की हालत गंभीर होने के चलते उसे जैन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। युवती के बराबर में बैठे एक व्यक्ति ने बताया कि वह खैर थाना क्षेत्र से आया है। उसी के बराबर में यह युवती बैठी हुई थी। जिसके शिकायत पत्र पर रिंकी नाम लिखा हुआ है। बताया जा रहा है कि वह अतरौली की निवासी है। प्रत्यक्षदर्शी व्यक्ति विष्णु चैधरी के मुताविक युवती ने जहर खाने की बात खुद उसे बताई है। शिकायत पत्र एसएसपी तक पहुंच गया है। अभी तक यह जानकारी नहीं हो सकी है कि आखिरकार युवती किस बात की शिकायत लेकर एसएसपी दफ्तर पहुंची थी। एसपी क्राइम डॉ. अरविंद कुमार के बताए अनुसार पीड़ित युवती थाना अतरौली इलाके के नगला बंजारा की निवासी है। जिसका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उस मामले में पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही भी कर चुकी है। आज एसएसपी दफ्तर पर युवती शिकायत लेकर आई थी। जिसकी जांच सीओ अतरौली को सौंपी गई है। आगे जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल युवती का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

## प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग से एमसी में ट्रांसफर और सेवामुक्त हुए कर्मचारियों की पेंशन का रास्ता हुआ साफ

» विनोद कुमार



चंडीगढ़। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लाईज एंड वर्कर्स का शिष्टमंडल ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कन्वीनर अशवनी कुमार की अगुवाई में प्रशासक के सलाहकार मनोज परिदा को मिला और कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र सौपा।अशवनी कुमार ने सलाहकार को बताया कि चंडीगढ़ प्रसाशन से एमसी में ट्रांसफर हुए कर्मचारी जो अब सेवामुक्त हुए है। अभी तक उनको पेंशन और पेंशन लाभ नही मिले। इस पर सलाहकार ने कहा कि प्रसाशक चंडीगढ़ दुवारा एमसी में ट्रांसफर हुए। कर्मचारी जो अब सेवामुक्त हुए हैं उनकी पेंशन की अप्रूवल दे दी है। अब उनको पेंशन इंजीनियरिंग विभाग चंडीगढ़ देगा। अशवनी कुमार ने एडवाइजर को कहा कि आउटसोर्सिंग वर्कर्स का जेम के द्वारा आए ठेकेदार ठेका बदलने पर पुराने आउटसोर्सिंग को द्वारा नौकरी पर रखने के लिए पैसो की मांग करता है, उस पर करवाई होनी चाहिए।इस पर उन्होने कहा के आज ही पर्सोनल विभाग दुवारा सभी विभागों के प्रमुखों को चिट्ठी जारी की जाएगी कि कोई भी ठेकेदार आउटसोर्सिंग वर्कर्स से पैसो की मांग न करे। अगर करता है उस पर करवाई की जाए। डीसी रेट पर एडवाइजर ने शिष्टमंडल को भरोसा दिया के जल्द ही डीसी रेट बढ़ाया जाएगा और कहा कि जल्द ही कर्मचारियों नेताओं से बैठक कर रहती मांगो पर चर्चा की जाएगी। अशवनी कुमार ने कहा जब तक कर्मचारियों की मांगे पूरी नही होती क्रमवार मटका फोड़ आंदोलन जारी रहेगा। इस लड़ी में तीसरा मटका फोड़ प्रदर्शन 25 फरवरी को एमसी कार्यलय सेक्टर 17 में होगा।

## त्रिभाषी साहित्यिक मंच ने आयोजित की काव्य गोष्ठी

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। त्रिभाषी साहित्यिक मंच की और से आज कश्यप भवन सैक्टर-37 के सभागार में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कवि प्रेम विज जबकि अध्यक्ष मंडल में आर.के. गल्होत्र व बहादुर सिंह गोयल थे। कार्यक्रम का संचालन गायिका कंच भल्ला ने किया।

अनन्त शर्मा, सुभाष भास्कर, राज कुमारी, दर्शन टिओणा, जोगा सिंह, आरिक सिंह, पी.एस. भटिया, रविन्द्र मल्होत्रा के कविताएं सुना कर खुब वाहवाही लूटी। चमन शर्मा व प्रेम विज ने गजलें पेश कर तालियां बटोरी।

वरिष्ठ नागरिक एवं विद्धान स्वर्गीय राज स्वरूप तिवारी का परिवार विशेष रूप से उपस्थित था। उन्हे सम्मानित किया।

## डंपिंग ग्राउंड में लगी आग का धुआं आधे चंडीगढ़ में फैला, दो दिन से नहीं पाया जा सका काबू

चंडीगढ़। डड्डूमाजरा के डंपिंग ग्राउंड में रविवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वहां धुएं का गुबार उठने लगा। हालांकि अभी तक आग के कारणों का पता नहीं लग पाया है, लेकिन वहां से निकलने वाले धुएं से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं, डंपिंग ग्राउंड में लगी आग को सोमवार तक बुझाया नहीं गया है। हालांकि दमकल विभाग की पांच गाड़ियां अभी भी आग बुझाने में जुटी हुई हैं। आग से निकलने वाले धुंआ शहर में फैलता जा रहा है। धुएं के कारण वाहन चालकों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। इस समय शहर के आधे से ज्यादा हिस्से में डंपिंग ग्राउंड से उठने वाला धुआं फैल चुका है। मालूम हो कि गर्मियों में यहां पर बार-बार आग लगती रहती है। ऐसे में डड्डूमाजरा के लोगों का कहना है कि गर्मियों के लिए स्थायी तौर पर दमकल विभाग की गाड़ी तैनात की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### चंडीगढ़ में बिजली कट और बिल की टेंशन होगी खत्म, इस प्रोजेक्ट के तहत मिलेगी मुफ्त बिजली

चंडीगढ़। बिजली के रेट दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। खासकर गर्मी के मौसम में एयर कंडीशनर और पंखे चलने पर तो बिल कुछ ज्यादा ही आने लगता है। कई बार तो यह घर का बजट पूरी तरह से बिगाड़ कर रख देता है। बिल पसीने छुड़ा देता है। लेकिन अब बिजली के इस बिल की चिंता नहीं रहेगी। यह बिल एकदम जीरो हो जाएगा। बिना कोई खर्च किए घर में निर्बाध बिजली की सप्लाई मिलेगी। वह भी बिना किसी पावर कट और उलझन के। यह कोई सपना नहीं है बल्कि हकीकत है। वह हकीकत जो आपके काम की है। यह सपना आपकी प्रॉपर्टी की छत पूरा करेगी। इस छत पर सोलर पावर प्रोजेक्ट लगने से न बिल का झंझट रहेगा और न ही पावर कट की टेंशन रहेगी। अब सोच रहे होंगे सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए पैसा कहां से आएगा। यह मुश्किल भी आसान कर देते हैं। आपको इस प्रोजेक्ट के लिए कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा। केवल घर की छत ही देनी होगी। अब मकान या किसी निजी प्रॉपर्टी पर सोलर पावर प्रोजेक्ट बिना किसी इन्वेस्टमेंट के लग जाएगा। रिन्यूएबल एनर्जी सर्विस कंपनी (रेस्को) मॉडल के तहत यह प्लांट कंपनी लगाएगी। इतना ही नहीं प्लांट से जेनरेट होने वाली बिजली घर में इस्तेमाल होने के बाद जो बचेगी उससे कंपनी को पैसा जाता रहेगा। इससे कंपनी के पैसे पूरे हो जाएंगे। जबकि 15 साल बाद कंपनी इस प्रोजेक्ट को प्रॉपर्टी ऑनर को हैंडओवर कर देगी। इसके बाद प्रॉपर्टी मालिक का इस पर पूर्ण अधिकार होगा। कंपनी ही प्रोजेक्ट की इंस्टालेशन से लेकर मेंटेनेंस का काम भी देखेगी।

### पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में पीएचडी और साइंस स्टूडेंट्स को एंट्री

चंडीगढ़। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ कैंपस में करीब एक साल बाद फिर से रौनक लौटनी शुरू होगी। कोरोना महामारी के कारण बीते मार्च 2020 में पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस पूरी तरह से बंद है। स्टूडेंट्स अपने घरों से ही ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। विदेशी और दूसरे राज्यों के स्टूडेंट्स भी साल भर से कैंपस में नहीं आए हैं। लेकिन अब पंजाब यूनिवर्सिटी में रौनक लौटेगी। पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सोमवार से कैंपस के हॉस्टल में स्टूडेंट्स को एंट्री देने का फैसला लिया है। पीयू कुलपति प्रो.राजकुमार ने कैंपस को खोलने को लेकर गठित कमेटी की रिपोर्ट पर मुहर लगी दी है। इसके तहत अब पीयू कैंपस को विभिन्न चरणों में खोला जाएगा। कमेटी के सिफारिशों के तहत पहले चरण में पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस में सिर्फ पीएचडी स्कॉलर और विभिन्न साइंस संकायों के फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को ही एंट्री दी जाएगी। पीयू प्रशासन पीएचडी और साइंस संकाय के स्टूडेंट्स को हॉस्टल अलॉटमेंट करेगा।

## हिंदी पुस्तक शेड्स ऑफ करैक्टर का हुआ विमोचन



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़ः साहित्य विज्ञान केंद्र की ओर से विशाल कुमार के नव प्रकाशित हिंदी कहानी संग्रह 'शेड्स ऑफ करैक्टर' का विमोचन प्रेस क्लब सेक्टर, 27 में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम विज ने की और प्रसिद्ध शायर अशोक भंडारी नादिर मुख्य अतिथि थे। सेवी रयात और गुरदर्शन मावी की उपस्थिति में पुस्तक का लोकार्पण हुआ।

पुस्तक पर बोलते हुए प्रेम विज ने कहा कि कहानी आज भी पाठकों में लोकप्रिय है, कहानियों की विशेषता यह है कि वह पाठक को बांधे रखती हैं। अशोक नादिर ने कहा कि लेखक की पहली पुस्तक ही उसकी कहानी के बारे में समझ को प्रदर्शित करती है। पुस्तक पर प्रपत्र पढ़ते हुए कवियत्री नीरू मित्तल ने कहा की कहानियों में पात्रों के चरित्र का गठन इतना अच्छा है कि एक बार पढ़ना शुरू कर लिया जाए तो बीच में छोड़ पाना असंभव है। मंच के अध्यक्ष सेवी रयात ने विशाल कुमार को इतनी कम उम्र में इतना सशक्त कहानी संग्रह निकालने के लिए बधाई दी। महासचिव गुरुदर्शन सभी ने पुस्तक की कहानियों को रोचक व सनसनी भरपूर बताया। मलकीयत बसरा, दविंदर कौर, मलकीत नागरा, बलविंदर ढिल्लों ने गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। अवतार सिंह पतंग ने धन्यवाद किया।

## कस्तूरबा जी गांधी जी की प्रेरणास्रोत थी: रंजू प्रसाद

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। गांधी स्मारक निधि पंजाब हरियाणा व हिमाचल प्रदेश की ओर से आज राष्ट्रमाता कस्तूरबा गांधी जी की 77वीं पुण्यतिथि मातृदिवस के रूप में गांधी स्मारक भवन सैक्टर 16ए, चंडीगढ के सभागार में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ श्रीमती कंचन त्यागी के भजन एवं सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती रंजू प्रसाद, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, हरियाणा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महात्मा गांधी के ऐतिहासिक कार्यों में कस्तूरबा गांधीजी का जो योगदान रहा है उसका स्मरण भारत सदैव करता रहेगा। वे भारत की जनता की माता थीं तथा माता की तरह ही सबकी चिंता करती थीं। कस्तूरबा जी गांधी जी की प्रेरणास्रोत थी।

देवराज त्यागी, निदेशक गांधी स्मारक भवन ने कहा कि कस्तूरबा गांधीजी ने स्वतंत्रता आन्दोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने सत्याग्रह आंदोलन में हिस्सा लिया तथा कई बार जेल गई। गांधी जी के जेल जाने के बाद उन्होंने महिलाओं को जागृत किया। आश्रम की व्यवस्था में सहयोग करने के पीछे उनकी मातृत्व की ही प्रेरणा थी। विनोबा जी ने कहा था कि वशिष्ठ और अरूंधती, राम और सीता की तरह ही हमारे देश मे गांधी जी एवं कस्तूरबा जी के नाम सदा अमर रहेंगे। बा का खादी प्रेम इतना अधिक था कि एक बार उनकी अंगुली में चोट लग गई तो खादी का कपड़ा पट्टी बांधने के लिये ढूंढ रही थी। एक बहन ने उनको महीन पट्टी लाकर दी तो उन्होंने कहा कि मुझे खादी की पट्टी ही बांधनी है। वह खुरदरी भी रहेगी तो मुझे नहीं चुभेगी।

अशोक नादिर भंडारी, सरिता मेहता, प्रेम विज, विजय कपूर, सुभाष भास्कर, हरेन्द्र सिन्हा, संतोष गर्ग, बी.डी.शर्मा, ने कविताओं से कस्तूरबा गांधी को श्रृद्धाजलि दी। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. एम. पी.डोगरा ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. सरिता मेहता, प्रेम विज, विनोद शर्मा, डॉ. एम. पी.डोगरा, पापिया चक्रवर्ती, कंचन त्यागी, ऊषा शर्मा, गुरप्रीत, आनन्द राव, भूपेन्द्र शर्मा, सुमन बेरी, अशोक बेरी, नरेश शर्मा, संजय शर्मा खादी आश्रम चण्डीगढ ने भाग लिया।

## कांग्रेस का धरना स्थाई रहेगा :चंद्रमोहन

» मदरलैंड संवाददाता




पंचकूला। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन ने कहा हमारा धर्म बनता है। किसानों के अनदोलन में हम उनका साथ दें और साथ ही यह भी कहा कांग्रेस का धरना रोज चलेगा. ।अलग -अलग सेक्टरो में किसानों के काले कानूनों को वापस लेने के लिये व डीजल व पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ चन्द्रमोहन जी ने कहा हरियाणा सरकार, केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि सुधार बिलों का विरोध कर रहे किसानों की आवाज को दबाने के लिए कुत्सित प्रयास कर रही है।

ज़िला कांग्रेस प्रभारी अनील सैनी, शशी शर्मा, विजय बासलं, उपिंदर कौर आहलुवालिया, रवीन्द्र रावल,सुधा भारद्वाज, मनवीर गिल,डाक्टर राम प्रकाश, सन्दीप सोही,ओम शुक्ला, भावना गुप्ता, प्रियंका, हेमन्त किगरं,आर के ककड, राकेश सोधी, रमेश बामल, प्रवेश पैतका, सुषमा खन्ना, विजय धिर, आर सी गुप्ता, इन्द्रजीत सिंह बडेच, कमलेश लोहाट, सन्तोष शर्मा,संजीव भरद्वाज, रवीकातं स्वामी,जगदीश राय, पकजं, उषा रानी, गुरमैल कोर, दलवीर, योगीनदर कवातरा, देविंदर शर्मा, आर बी पहुजा,सुनील सोहा उपस्थित थे।

## मलोया के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूर्ण



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। मलोया कॉलोनी के पुराने कम्युनिटी सेंटर में आज संपर्क सेंटर का उद्घाटन चंडीगढ़ के महापौर रवि कांत शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। यह संपर्क सेंटर पूर्व मेयर एवं स्थानीय पार्षद राजेश कालिया के अथक प्रयास से संपन्न हुआ।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विजय राणा ने बताया कि मलोया के निवासियों की कई वर्ष पुरानी मांग आज पूर्ण हुई है जिसके लिए वह सभी मलोया निवासियों की ओर से स्थानीय पार्षद राजेश कालिया को हार्दिक धन्यवाद करते हैं।

इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विजय राणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरवन मिश्रा, राजेश कुमार, शीलानाथ गुप्ता, दीनानाथ चौहान, कन्या, पूनम, चमेली, उदय, राज यादव, चमन लाल आदि कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## मैढ़ राजपूत सभा, चण्डीगढ़ के चुनाव में राकेश वर्मा बने अध्यक्ष



» मदरलैंड संवाददाता,

चण्डीगढ़ : मैढ़ राजपूत सभा, चण्डीगढ़ के चुनाव डॉ. ओपी वर्मा की अध्यक्षता में बनी चुनाव समिति की देखरेख में से. 24 स्थित मैढ़ राजपूत भवन में हुए जिसमें राकेश वर्मा एडवोकेट ने जीत हासिल की। उन्होंने 175 वोट हासिल किए जबकि उनके प्रतिद्वंदी मोहिंदर सिंह को 119 वोट मिले। राकेश वर्मा के ही पैनल के सुभाष सोनी वित सचिव के पद पर 176 वोट लेकर विजयी रहे जबकि उनके सामने चुनाव लड़े योगेश वर्मा के पक्ष में 115 वोट पड़े। महासचिव पद के लिए हरशरण सिंह का पहले ही निर्विरोध चयन हो चुका है। डॉ. ओपी वर्मा ने बताया कि सभा के कुल 489 सदस्य हैं। उन्होंने जानकारी दी कि सभा के चुनाव हर दो साल बाद होते हैं। हालाँकि ये चुनाव पिछले वर्ष होने तय थे परन्तु महामारी के कारण स्थगित करने पड़े थे। चुनाव समिति में हरबंस लाल, संदीप वर्मा, रविन्दर वर्मा, सुरेश वर्मा व शिवम वर्मा शामिल थे।

## पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने भी नवजोत सिंह सिद्धू को दिया झटका

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के महासचिव व पंजाब के प्रभारी हरीश रावत का कहना है कि नवजोत सिंह सिद्धू को अगर सरकार में काम करना है तो उन्हें मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के साथ चलना होगा। रावत ने यह बात सोमवार को सिद्धू को नई जिम्मेदारी देने की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए कही। रावत का कहना है कि उन्हें उम्मीद थी कि सिद्धू को जिम्मेदारी निकाय चुनाव से पहले मिल जानी चाहिए थी, लेकिन अब यह फैसला पंजाब के बजट सत्र (1 से 10 मार्च) के बाद ही होगा। इस मौके पर रावत ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को कांग्रेस हाईकमान का एक हिस्सा बताते हुए कहा कि पंजाब में दूसरी कतार के नेताओं को विकसित करना उन्हीं (कैप्टन) की जिम्मेदारी है। लंबे समय से सिद्धू को नई जिम्मेदारी देने के पक्षधर रहे हरीश रावत का कहना है कि आगे जो कुछ भी होगा वह सिद्धू की क्षमता और भविष्य में पार्टी की संभावनाओं को देखते हुए ही होगा। उन्होंने कहा कि अब दोनों नेताओं (कैप्टन और सिद्धू) के बीच संवादहीनता खत्म हो चुकी है, इसलिए उम्मीद है कि जल्द ही दोनों नेताओं के बीच अगर कुछ है तो वह दूर हो जाएगा और सिद्धू को उनकी क्षमता के अनुसार जिम्मेदारी दी जाएगी।

## महाराष्ट्र, केरल, पंजाब में कोरोना के नए स्ट्रेन की पुष्टि

### एम्स के डायरेक्टर डॉ गुलेरिया बोले- बेवजह यात्रा न करें



**चंडीगढ़।** दिल्ली एम्स के डायरेक्टर डॉ रणदीप गुलेरिया ने नए कोरोना स्ट्रेन के आने की पुष्टि की है, साथ ही लोगों से बेवजह यात्रा न करने की भी सलाह दी है। यह जानकारी उन्होंने जयपुर में हो रहे लिटरेचर फेस्टिवल में ह्यइंडियाज फाइट अगेंस्ट द कोविडह्न सेशन में दी है। उन्होंने कहा है कि महाराष्ट्र और केरल में भी नए स्ट्रेन के मरीज सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि कोराना अभी खत्म नहीं हुआ है, वैक्सीन के बाद भी अगर इससे बचा सकता है तो वे एहतिहात ही हैं। ब्राजील का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि वहां एक बार फिर से लोग करोना की चपेट में आ रहे हैं। जबकि वहां लोग 70 फीसदी सुरक्षित हो चुके थे। उन्होंने कहा की 6 दिसंबर से 4 जनवरी तक दिल्ली में सर्वे में 40 फीसदी लोग अभी तय नहीं कर पाए थे कि वे वैक्सीन लगवाना भी चाहते हैं या नहीं।

पंजाब में कोराना एक बार फिर से रफ्तार पकड़ने लगा है। रविवार को सूबे में कोरोना के 351 मामले सामने आए हैं। इनमें पटियाला के 6 बैंककर्मी और 4 टीचर्स, लुधियाना में 7 छात्र, 2 टीचर, 2 सरकारी मुलाजिम, एक हेल्थ वर्कर, एक परिवार के पांच सदस्य, अमृतसर में 5 टीचर और 3 छात्र शामिल हैं। उधर स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य कर्मियों के बीच टीकाकरण की कम दर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक 2.06 लाख हेल्थ वर्कर्स और 1.82 लाख फ्रंटलाइन वर्कर्स ने टीकाकरण के लिए पंजीकरण कराया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कुछ 79,000 या 38 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों और 4,000 फ्रंटलाइन वर्कर्स को टीका लगाया गया है और यह कवरेज, लक्ष्य से बहुत दूर है। वैक्सीन, सुरक्षित और प्रभावी है। पंजाब में किसी की मृत्यु या किसी भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव का एक भी मामला नहीं है। अफवाहों और गलत सूचना से किसी को गुमराह नहीं होना चाहिए।

## रेडी-फडी वालों को उनके सैक्टरों में एक ही जगह पर स्थान उपलब्ध करवाने की दिशा में एक अनूठी पहल




» मदरलैंड संवाददाता

पंचकूला। नगर निगम पंचकूला के महापौर श्री कुलभूषण गोयल व निगम के आयुक्त श्री आर0के0सिंह के प्रयासों के दृष्टिगत विभिन्न सैक्टरों के रेडी-फडी वालों को उनके सैक्टरों में एक ही जगह पर स्थान उपलब्ध करवाने की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुये वेंडिग साईटों के आवंटन के कार्य में तेजी लाई गई है ताकि नागरिकों को एक ही स्थान पर खरीद-फरोत करने में सुविधा उपलब्ध हो सकें।

नगर निगम ने सैक्टर-12 स्थित सामुदायिक केन्द्र में विभिन्न सैक्टरों के पात्र पथ विक्रेताओं का वेंडिग साईटों का ड्रा निकाला। इस मौके पर नगर निगम के आयुक्त श्री आर0के0सिंह, निगम के संयुक्त आयुक्त संयम गर्ग, डी0एम0सी अशोक कुमार, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी रत्ती राम तथा निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। विभिन्न सैक्टरों के रेडी-फडी वालों की ओर से निगम को वेंडिग साईटों के आवंटन की दिशा में 308 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से 238 पात्रों के ड्रा निकाले गये। नगर निगम द्वारा विभिन्न 7 सैक्टरों के ड्रा निकाले गये जिनमें पंचकूला के सैक्टर-2,4,8,10,11,12 व 15 शामिल है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# भारतीयों को स्वयं भी सोचना होगा कि वह अपनी प्राइवेसी की रक्षा कैसे करें?

लोकप्रिय मैसेजिंग एप वाट्सएप की हालिया घोषणा के मुताबिक यूरोपीय क्षेत्र से बाहर रहने वाले उसके उपभोक्ताओं को आठ फरवरी तक इसमें आए अपडेट को मंजूर करना होगा, अन्यथा उसे वाट्सएप की सेवाएं मिलनी बंद हो जाएंगी। असल में फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी वाट्सएप ने हाल में निजता संबंधी अपनी शर्तों और नीतियों में बदलाव किया है, जिसके अनुसार अब वह भारत जैसे देशों में रहने वाले अपने उपयोगकताओं की तमाम निजी जानकारियां जिसे चाहे, दे सकेगी। इनमें यूजर का आइपी एड्रेस, फेसबुक, इंस्टाग्राम अकाउंट, भाषा, देश, शहर, टाइम जोन, मोबाइल नंबर, सर्विस प्रोवाइडर से लेकर बैंकिंग और पैसे के लेनदेन संबंधी सूचनाएं शामिल रहेंगी, जिन्हें एक व्यक्ति की निजी संपत्ति के तौर पर देखने का चलन है। वाट्सएप ने कहा है कि ग्राहकों की ये सारी निजी सूचनाएं सहमति हासिल करने के साथ ही अमेरिका स्थित उसके डाटा सेंटर के अलावा दुनिया में वहां भी भेजी जा सकती हैं, जहां वाट्सएप

**फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी वाट्सएप ने हाल में निजता संबंधी अपनी शर्तों और नीतियों में बदलाव किया है, जिसके अनुसार अब वह भारत जैसे देशों में रहने वाले अपने उपयोगकताओं की तमाम निजी जानकारियां जिसे चाहे, दे सकेगी। इनमें यूजर का आइपी एड्रेस, फेसबुक, इंस्टाग्राम अकाउंट, भाषा, देश, शहर, टाइम जोन, मोबाइल नंबर, सर्विस प्रोवाइडर से लेकर बैंकिंग और पैसे के लेनदेन संबंधी सूचनाएं शामिल रहेंगी, जिन्हें एक व्यक्ति की निजी संपत्ति के तौर पर देखने का चलन है।**

और फेसबुक के दफ्तर हैं। उल्लेखनीय यह है कि भारत और




निजता को लेकर लचीले कानूनों वाले अन्य देशों के उपभोक्ताओं से जबरिया सहमति लेने की कोशिश करने वाले वाट्सएप को अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों में भी ऐसा ही करने का शायद ही ख्याल आया हो। आपने कई बार देखा होगा कि आप किसी पर्यटन स्थल पर जाने के लिए किसी दूर आपरेटर की सर्च कर रहे हैं तो चंद मिनटों बाद आपके मोबाइल या लैपटाप पर ढेरों टूर एंड ट्रैवल्स आपरेटरों के मैसेज आने शुरू हो जाएंगे। अगर आप किसी उत्पाद के लिए गूगल कर रहे हैं तो कुछ सैकेंड के भीतर गूगल के साथ-साथ एक ऐसे ही प्लेटफार्म पर आपके सामने उसी तरह के उत्पाद के ढेरों विज्ञापन आने लगते हैं। यह विभिन्न प्लेटफार्म पर ट्रेकिंग या डाटा शेयरिंग का ही रूप है और यह पूरी तरह से लोगों की निजता पर हमला है। यह बिना किसी पूर्व सूचना या सहमति के पीछा करना या निगरानी करने जैसे ही है। अब यह सच जान गए हैं कि तकनीकी कम्पनियां उपभोक्ता की निजता का डाटा बेचती हैं। भारतीय उपभोक्ताओं के डाटा को किसी को भी बेचना निजता संबंधी दिशा-निदेर्शों का उल्लंघन है और इसे किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए।

जब आपके सामने डाटा और सामग्री को फैला दिया जाए तब आपके मन और मस्तिष्क में जो विचार पहले से चल रहे हैं वे प्रभावित हो जाएं। आप अपने पूर्व के फैसले को बदल दें और किसी खास उत्पाद, किसी राजनीतिक दल वह चाहे अच्छा हो या बुरा के प्रति झुकने लगें और आपको अहसास तक न हो तो यह मान लेना चाहिए कि आपने अपनी निजात बेच दी है। सोशल मीडिया आजकल यही कर रहा है। लेकिन समस्या यह है कि व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और इंस्ट्राग्राम तो जीवन की जरूरतों में शामिल हो गए हैं। मोबाइल के बिना जीवन अधूरा है। यदि आप भूलवश मोबाइल घर पर या कहीं और भूल गए या फिर उसमें कोई खराबी आ जाए तो आप दिनभर बेचैनी महसूस करते हैं। सबको इसकी लत लग गई है, दुनिया भर की खबरें आपकी अंगुली पर होंगी लेकिन आपको यह पता नहीं होगा कि पड़ोस में कौन रहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लोग अन्य देशों की तुलना में स्मार्टफोन पर अैसतन ज्यादा समय बिताते हैं। आज लगभग 70 करोड़ भारतीय इंटरनेट यूजर्स हैं। तकनीक ने हमें भी दुनिया से इतना जोड़ दिया है कि अब हम इन बदलावों से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। दूसरी तरफ भारत में निजात का मामला बहुत बड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय यूजर्स की प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर फेसबुक और व्हाट्सएप को कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी कर दिए है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मैसेजिंग एप से कई तरह की जानकारी शेयर करने के लिए कहा है। कोर्ट ने व्हाट्सएप से कहा है कि ये हमारा अधिकार है कि हम यूजर्स की प्राइवेसी की रक्षा करें, कम्पनी कितनी भी कीमती क्यों न हो लेकिन लोगों की प्राइवेसी सबसे ज्यादा कीमती और जरूरी है। केन्द्र सरकार के इलैक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भी व्हाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी का संज्ञान ले लिया है और कम्पनी से इसके औचित्य को स्पष्ट करने के लिए कहा है। सूचना औद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 43 ए में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों समेत किसी भी कम्पनी की ओर से लिए जाने वाले डाटा को लेकर यूजर्स को डाटा की सुरक्षा प्रदान की जाती है। अभी भी व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक 2019 पर विचार ही चल रहा है। विधेयक में भारतीय नागरिकों की निजता और हितों के सुरक्षा उपायों के लिए प्रावधान है। सोशल मीडिया कम्पनियों के सीईओ लोगों के सांविधानिक अधिकार का अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित करने में जुटे हैं। जब तक कोई सख्त कानून नहीं आता तब तक यूजर्स की शिकायतों की सुनवाई और उनके समाधान की व्यवस्था के बिना भारतीय सोशल मीडिया यूजर्स इनकी मनमानी के अधीन ही रहेंगे। यह कम्पनियां कारोबारी कामकाज में भारतीय कानूनों का पालन करती हैं तो यहां के नागरिकों की अभिव्यक्ति और निजात का सम्मान के लिए ऐसा क्यों नहीं करतीं। दिल्ली पुलिस और कश्मीर पुलिस के खुलासों से स्पष्ट है कि सोशल मीडिया में संगठित तरीके से अफवाह, अपराध और हिंसा फैलाने के पीछे बड़े गिरोह और विदेशी ताकतें संलग्न हैं। भारतीयों को स्वयं भी सोचना होगा कि वह अपनी प्राइवेसी की रक्षा कैसे करें?

**अशोक भाटिया**

## संपादकीय



# जानवरों पर जुल्म

प्रकृति के साथ किए अन्याय का प्रतिफल बताया जा रहा कोरोना संक्रमण कहीं न कहीं यह उम्मीद लेकर आया कि शायद अब मानवता जीवनदायी प्रकृति और इसके सभी हिस्सेदारों के प्रति कृतज्ञ रहेगी। इसके उत्थान और सम्मान के लिए जागरूक होगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है। पिछले साल केरल में एक हथिनी को अनानास में पटाखा रखकर खिला दिया गया। बाद में दर्द से कराहती उस हथिनी की मौत हो गई। भारत जैसे देश में, जहां हर जीव को ईश्वर के साथ जोड़कर देखा जाता है, वहां सिर्फ शरारतवश किए गए कुकृत्य ने हथिनी और उसके गर्भस्थ शिशु को मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना की पूरे देश में तीव्र प्रतिक्रिया हुई। जानवरों को उनका हक देने और उन्हें सम्मान से जीने के लिए तमाम बातें की गईं, मगर सब व्यर्थ रहीं। अब तमिलनाडु में एक हाथी को बेरहमी से पीटने का वीडियो सामने आया है। यह वीडियो एक रिजुवेनेशन कैंप का है। इसमें दिख रहा है कि दो लोग पेड़ से बंधे हाथी के पैरों पर लकड़ी के डंडे से बुरी तरह मार रहे हैं। दोनों आरोपी महावत बताए जा रहे हैं। इस घटना का एक विजिटर ने वीडियो बना लिया। यह कैंप कोयंबटूर से करीब 50 किलोमीटर दूर ठेक्कमपट्टी में लगा है। वीडियो सामने आने के बाद वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वीडियो बनाने वाले शख्स के मुताबिक, यह हाथी बीमार है और उसका इलाज चल रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि जब महावत हाथी को पीट रहे हैं, तब वह दर्द से बुरी तरह चिंघाड़ रहा है। हाथी को श्रीविल्लिपुथुर मंदिर का बताया जा रहा है। 48 दिन का यह कैंप हिंदू रिलिजस एंड चैरिटेबल एंडोमेंट्स लगाता है। इस मसले पर संस्था के अधिकारियों का कहना है कि हमने वीडियो देखा है। एक महावत को सस्पेंड कर दिया गया है। सवाल कार्रवाई का नहीं है। अगर देश में सजा का खौफ होता तो अपराध कभी का खत्म हो गए होते। सवाल यहां मानसिकता का है। कैसे कोई अपने स्वार्थ या गुस्से के लिए निर्दयी हो सकता है। हमें समझना होगा कि इस प्रकार जानवरों के साथ की गई हरकत को किस तरह रोका जाए। हालांकि जानवरों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए भारत सरकार ने वर्ष 1972 में भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम पारित किया था। भारतीय दंड संहिता की धारा 428 और 429 के तहत जानवर को जहर देने, जान से मारने, निरुपयोगी करने की चेष्टा करने के लिए दो साल तक की सजा और जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(ए) के मुताबिक, हर जीवित प्राणी के प्रति सहानुभूति रखना भारत के हर नागरिक का मूल कर्तव्य है। जीव-जंतु अपने अधिकारों के लिए लड़ नहीं सकते। ऐसे में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इनके लिए आवाज उठाएं। अगर नियम अपने लिए हैं तो फिर इनके लिए भी तो हैं जिनका पालन करना हमारा कर्तव्य है। बचपन में हम सभी पढ़ते हैं जानवरों को सताना बुरी बात होती है लेकिन बड़े होकर हम इस चीज को महत्व नहीं देते। कभी खुद ही इस तरह की शरारत का हिस्सा होते हैं या बच्चों को ऐसा करते देख हंसते रहते हैं या उन्हें इस बात के लिए न रोकने पर कहीं न कहीं प्रोत्साहित करते रहते हैं। जबकि इस तरह की छोटी-छोटी आदतें हैं जो इंसानों को बड़े सबक देने के लिए काफी होती हैं। इन्हें हम सभी ने बचपन में किताबों में बखूबी पढ़ा है मगर जिस वक्त इन बातों को अमल में लाने की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, व्यस्क होते ही हम इन्हें भूल जाते हैं। सिर्फ किताबों ही नहीं प्रत्येक धर्म व ग्रंथों में जानवरों के प्रति करुणा के ढेरों सबक मौजूद हैं, मगर हम उससे कुछ नहीं सीखना चाहते।

# देश मे बढ़ते सड़क हादसे: दोषी कौन?

> **देश में घटित होने वाले इन भीषण हादसों पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। 16 फरवरी 2021 मंगलवार को सुबह करीब साढे सात बजे मध्यप्रदेश के सीधी में एक बस के 22 फुट गहरी बाणसागर नहर में गिरने से 47 यात्रियों की दर्दनाक मौत से हर भारतीय गमगीन है।मृतको में 12 छात्र थे।जो रेलवे की परीक्षा देने सतना जा रहे थे। सात लोगों को बचा लिया है।32 सीटर बस में 60 लोग सवार थे।हादसे का कारण तेज रफतार माना जा रहा है।बस का चालक ने तैरकर नहर से बाहर आ गया पुलिस से उसे हिरासत मे ले लिया है।सरकार ने मुआवजे का ऐलान कर दिया है। देश में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए समय रहते संज्ञान लेना होगा।1जनवरी 2021 से लेकर 16 फरवरी 2021 तक दो महिनों में हजारों सड़क हादसे हो चुके है।**

प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है। मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो देश में घटित होने वाले इन भीषण हादसों पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। 16 फरवरी 2021 मंगलवार को सुबह करीब साढे सात बजे मध्यप्रदेश के सीधी में एक बस के 22 फुट गहरी बाणसागर नहर में गिरने से 47 यात्रियों की दर्दनाक मौत से हर भारतीय गमगीन है।मृतको में 12 छात्र थे।जो रेलवे की परीक्षा देने सतना जा रहे थे। सात लोगों को बचा लिया है।32 सीटर बस में 60 लोग सवार थे।हादसे का कारण तेज रफतार माना जा रहा है।बस का चालक ने तैरकर नहर से बाहर आ गया पुलिस से उसे हिरासत मे ले लिया है।सरकार ने मुआवजे का ऐलान कर दिया है। देश में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए समय रहते संज्ञान लेना होगा।1जनवरी 2021 से लेकर 16 फरवरी 2021 तक दो महिनों में हजारों सड़क हादसे हो चुके है। वर्ष 2021 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहें है। हर रोज देश में मौत का तांडव हो रहा है। देश में हर रोज इतने भीषण हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नीद सो रहे हैं। प्रतिदिन हादसों में लोग मारे जा रह है।लाशों को अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे है। 11 से 20 जनवरी 2021 तक पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया ।मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है प्रतिदिन देश की सडकें रक्तरजित हो रही है नौजवानों से लेकर बुजुर्ग काल का ग्रास बन रहे हैं। आंकडें बताते है कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर हैं।।28 जुलाई 2018 को महाराष्ट में रायगढ़ जिले में शनिवार दोपहर को चालक के नियंत्रण खोने से एक बस 500 फुट खाई में गिर गई।हादसे में 33 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मारे गए लोग विश्वविद्यालय के कर्मचारी थे। बस कोकण क्षेत्र में एक कृषि विश्वविद्यालय के इन कर्मचारियों को पिकनिक के लिए महाबलेश्वर ले जा रही थी।पल भर में ही मौत की नींद सो गए।अभागे लोगों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी इतनी दर्दनाक मौत होगी।अभी बीते 1 जुलाई 2018 को उतराखंड में घटित हुआ था । उतराखंड के गढवाल मंडल के पौडी जिले के नैनीडांडा विकास खंड के पिपली भौन मोटर मार्ग पर धूमाकोट के नजदीक एक यात्रियों से भरी एक बस के 70 फुट गहरी खाई में गिर जाने से 50 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी बस में मरने वालों में 22 पुरुष तथा 17 महिलाए और आठ बच्चे शामिल थे। कुछ माह पहले एक भीषण हादसा पशिचिमी बंगाल में हुआ था मुर्शिदाबाद जिले के इस्माइलपुर में एक सरकारी बस के नदी में गिरने से 36 यात्रियों की मौत हो गई थी। यह बस नदी पर बनी रेलिग तोड़कर नदी में जा गिरी।9यात्रियों ने तैर कर अपनी जान बचा ली तथा 9 लोग घायल हो गए।बस में 60 यात्री सफर कर रहे थे। शराब पीकर बाहन चलाना ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखो लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए।हादसों की सूची बढती ही जा रही है। 26 अप्रैल को कुशीनगर में चालक की घोर लापरवाही से हुए एक हादसे में कई घरों के चिराग चिरनिद्रा में सो गए थे। 2018 को एक भीषण हादसा



कांगड़ा के नूरपुर के चेली में घटित हुआ था जहां एक निजि स्कूल की बस के खाई में गिरने से 26 बच्चो समेत 30की मौत हो गई थी।अधिकतर बच्चे नर्सरी में पढ़ने वाले थे इस हादसे में मरने वालों में बस का चालक ,एक शिक्षक व एक युवती शामिल थे। एक तेज रफतार मोटर साईकल सवार को बचाने के चलते यह हादसा सामने आया।हादसा इतना भंयकर था कि 24 बच्चो ने घटनास्थल पर ही दम तोड दिया था यह दर्दनाक हादसा सुबह छह बजे के करीब हुआ।यात्रीयों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि यह उनका आखिरी सफर होगा। लापरवाही के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है सडक हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। पिछले दिनों पंजाब में एक जीप व ट्रक की आपसी टक्कर में दर्जनों स्कूली अध्याापक बेमौत मारे गए थे। बीते साल 2020 में कुछ महीनों में तो हादसों पर पुरी तरह लेगाम रह पर लाकडाउन के खुलते ही हादसों में बृद्वि हो गई। भी सड़क हादसों का सिलसिला पूरी साल अनवरत चलता रहा और लोग लाखो लोग हादसों का शिकार होते रहे।हजारों लोग अपंग हो गए ताउम्र हादसों का दंश झेलते रहेगें। 2018 में भी सडक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं तथा प्रतिदिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढता ही जा रहा है इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा। ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते है क्योकि धुंध के कारण आपसी टक्कर में दुर्घटनाएं होती हैं।देश की सड़को पर लाशों के चिथड़े बिखर रहे हैं। पंजाब, दिल्ली व उतरप्रदेश व हिमाचल प्रदेश में दर्जनों हादसों में सैकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। मगर राज्यों की सरकारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जातें है।सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी।जागरुकता अभियान चलाने होगें। सरकारों को लोगों को यातयात नियमों से संबधित शिविरों का आयोजन करना चाहिए।आज करोडों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालो की संख्या कम है क्योकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता।पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे है मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनो को हवा में चलाते है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाईसैस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं भले ही पुलिस यन्त्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं।बढती सड़क दुर्घटनाओं के अनेक कारण है सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं।लापरवाह लोग सीट बैल्ट तक नहीं लगाते और तेज रफतार में वाहन चलाते हैं।देश में सड़क हादसों में स्कूली बच्चों के मारे जाने के हादसे भी समय≤ पर होते रहते हैं मगर कुछ दिन चैक रखा जाता है फिर वही परिपाटी चलती रहती है।जबकि होना तो यह चाहिए कि इन लापरवाह चालको को सजा देनी चाहिए ताकि मासूम बेमोत न मारे जा सके। अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों के पास प्राथमिक चिकित्सा बाकस तक नहीं होतें ताकि आपातकालिन स्थिती में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा सके । प्रत्येक साल नवरात्रों में श्रध्दालू मंदिरों में ट्रको में जाते है और गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है तथा मारे जाते हैं।ओबरलोडिग से भी ज्यादातर हादसे होते हैं। बेलगाम हो रहे यातायात पर लगाम लगाना सरकार व प्रशासन का कर्तव्य है लोगों को भी इसमें सहयोग करना होगा तभी इस समस्या का स्थायी हल हो सकता है यदि लोग सही तरीके से यातायात नियमों का पालन करते है तो सड़को पर हो रहे मौत के तांडव को रोका जा सकता है।लापरवाही के कारण देश में दुर्घटनाओं का कहर बरपता रहेगा। मावन जीवन को बचाना होगा क्योकि मानव जीवन दुर्लभ है। केन्द्र सरकार को इस पर गौर करना होगा तथा देश में बढ रही सड़क दुर्घटनाओ पर रोक के लिए कारगर कदम उठाने होगें नही तो देश के प्रत्येक महानगरों व शहरों से लेकर गांवों तक हर रोज लाशें बिछती रहेगी लोग मरते रहेगें। सरकार को इन हादसों से सबक लेना चाहिए और व्यवस्था की खामियों को दूर करना चाहिए। सरकारों को अपना दायित्व निभाना चाहिए ताकि सड़क हादसों पर पूरी तरह रोक लग सके।यदि सरकारे ऐसे ही सोती रहेगी तो देश की सड़कें मानव खून से लाल होती रहेगी।

**नरेन्द्र भारती**

# मित्र राष्ट्र से सतत संवाद जरूरी

भारत के विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला अभी-अभी मास्को होकर आए हैं। कोविड के इस भयंकर माहौल में हमारे रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और विदेश सचिव को बार-बार रूस जाने की जरूरत क्यों पड़ रही है ? ऐसा नहीं है कि किसी खास मसले को लेकर भारत और रूस के बीच कोई तनाव पैदा हो गया है या भारत-रूस व्यापार में कोई गंभीर उतार आ गया है। लेकिन ऐसे कई मुद्दे हैं, जिनकी वजह से दोनों मित्र-राष्ट्रों के बीच सतत संवाद जरूरी हो गया है। सबसे पहला मुद्दा तो यह है कि रूस से भारत जो एस-400 मिसाइल 5 बिलियन डॉलर में खरीद रहा है, उसे लेकर अमेरिका कोई प्रतिबंध तो नहीं लगा देगा। ट्रंप-प्रशासन के दौरान यह खतरा जरूर था लेकिन अब इसकी संभावना कम ही है। ये रूसी मिसाइल इस वक्त दुनिया के सबसे तेज मिसाइल हैं। दूसरा, कोरोना महामारी से निपटने में दोनों राष्ट्र परस्पर खूब सहयोग कर रहे हैं। यों भी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन और मोदी अब तक 19 बार मिल चुके हैं। कोराना-काल में पिछले साल उनकी चार बार बात भी हुई है। तीसरा, मुद्दा है- भारत-प्रशांत का याने रूस को यह चिंता है कि प्रशांत महासागर क्षेत्र में भारत कहीं अमेरिका का मोहरा बनकर चीन और रूस के विरूद्ध मोचाबंदी तो नहीं कर रहा है ? इसके जवाब में श्रृंगला ने कहा है कि भारत किसी भी देश के विरुद्ध नहीं है। वह चेन्नई से व्लादिवस्तोक तक समुद्री गलियारा बनाने की भी तैयारी कर रहा है। चौथा, अफगानिस्तान के सवाल पर श्रृंगला ने कहा कि भारत को इस बात से कोई एतराज नहीं है कि रूस और पाकिस्तान के बीच सीधा संवाद चल रहा है। यदि यह संवाद अफगानिस्तान में शांति लाता है तो भारत इसका स्वागत करेगा लेकिन अफगानिस्तान पर वह किसी राष्ट्र के कब्जे को बर्दाश्त नहीं करेगा। इधर भारत की चिंता यह है कि अफगानिस्तान के बहाने रूस-पाक फौजी-सहकार जोरों से बढ़ रहा है। अभी-अभी अफगानिस्तान पर रूस के विशेष दूत जमीर काबुलोव ने इस्लामाबाद-यात्रा की है। दुर्भाग्यपूर्ण सच्चाई तो यह है कि अफगान-समस्या को हल करने में भारत की भूमिका नगण्य है। भारत सरकार और भाजपा में ऐसा कोई नहीं है, जो अफगान-स्थिति को ठीक से जानता-समझता हो। वैसे भी हमारी सर्वज्ञ सरकार अपने बयानों की नौटंकी से ही खुश होती रहती है। दक्षिण एशिया के सबसे बड़े देश होने के नाते हमारी जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है लेकिन अफगान-मामले में हम हाशिए में पड़े हुए हैं।



**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

# अमेरिका में पांच लाख के पार पहुंची कोरोना से मरने वालों की संख्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका लगातार कोरोना वायरस से लड़ रहा है। यहां पर मौत का आंकड़ा 5 लाख के पार पहुंच गया है। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडन कोरोना की वजह से जान गंवाने वाले इन लोगों को श्रद्धांजलि देंगे। वह व्हाइट हाउस में एक मिनट का मौन रखेंगे और मोमबत्ती जलाएंगे। व्हाइट हाउस ने अपने एक बयान में बताया है कि बाइडन प्रशासन संक्रमण के चलते जान गंवाने वालों लोगों की याद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। उनके साथ प्रथम महिला जिल बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस सहित उनके पति डग एमहॉफ भी मौजूद रहेंगे। इस समारोह के दौरान वह सभी मौन रखेंगे और मोमबत्ती जलाएंगे। जॉन हॉप्किन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार संक्रमण के चलते एक साल में करीब पांच लाख लोगों की मौत हुई है। मृतकों की यह संख्या कंसास सिटी, मिसौरी और अटलांटा शहर की आबादी के बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में 19 जनवरी 2021 को संक्रमण से मरने वाले लोगों की संख्या चार लाख पार हो गई थी। डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के दौरान राष्ट्रपति के तौर पर आखिरी दिनों में चार लाख मृतकों की संख्या होने पर उनकी काफी आलोचना भी हुई थी। यही नहीं, इस वायरस से ट्रंप भी खुद नहीं बच पाए थे, हालांकि बाद वह ठीक हो गए थे। अमेरिका में कोरोनावायरस से पहली मौत का मामला फरवरी 2020 में सामने आया था। इस दौरान कैलिफोर्निया के सांता क्लारा काउंटी में एक व्यक्ति की मौत हुई थी।



# अमेरिका के अलबामा में विमान दुर्घटना में पायलट और प्रशिक्षक की मौत

**मोंटगोमरी, अमेरिका।** अमेरिका के अलबामा में हवाई प्रशिक्षण के कार्य में लगे एक विमान के हादसाग्रस्त हो जाने से एक पायलट और जापानी वायु आत्म रक्षा बल के एक प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई। अमेरिकी वायु सेना ने इस बारे में बताया। वायुसेना ने फ्लाइंग प्रशिक्षण का नाम जारी किया। मोंटगोमरी के निकट शुक्रवार को टी-38सी तालोन प्रशिक्षु विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उनकी मौत हो गई। उनकी पहचान 24 वर्षीय स्कॉट एम्स जूनियर के रूप में हुई। वह इंडियाना के पेकिन के रहनेवाले थे। वहीं प्रशिक्षु पायलट का नाम अभी जारी नहीं किया गया है। उनका नाम जापान से संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी किया जाएगा। कर्नल सेथ ग्राहम (14वें फ्लाइंग ट्रेनिंग विंग कमांडर) ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम एक परिवार की तरह हैं और हमारी टीम के दो सदस्यों की मौत से हम शोक में हैं।' घटना की वजह का पता लगाने के लिए जांच जारी है। विमान शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मोंटगोमरी में डेनेली फील्ड के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुआ।




# चीन ने अमेरिका से कारोबार पर लगाए प्रतिबंध को हटाने का अनुरोध किया

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने सोमवार को अमेरिका से कारोबार और लोगों के बीच संपर्क पर रोक हटाने का आह्वान किया। अमेरिका के इस प्रतिबंध को ताइवान, हांगकांग, शिनजियांग और तिब्बत के इलाकों में चीन एक गैरजरूरी दखल मानता है। विदेश मंत्रालय के एक मंच से अमेरिका-चीन संबंधों पर वांग का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब चीन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन पर उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उठाये गए टकराव पैदा करने वाले कदमों को वापस लेने का दबाव बना रहा है। इनमें कारोबार और प्रौद्योगिकी से संबंधित शिकायतें शामिल हैं जिनकी वजह से ट्रंप ने 2017 में चीन से आयातित वस्तुओं पर कर बढ़ा दिया था या चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के आदान-प्रदान पर प्रतिबंध लगा दिया था। ट्रंप ने ताइवान के साथ सैन्य एवं राजनयिक संबंधों को भी बढ़ाया, जिसे चीन अपना क्षेत्र बताता है। ट्रंप ने शिनजियांग में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार और हांगकांग में आजादी को दबाने का आरोप लगाते हुए चीनी अधिकारियों पर भी प्रतिबंध लगाया था। वांग ने लैंटिंग फोरम में राजनयिकों, विशेषज्ञों और पत्रकारों से कहा कि हम जानते हैं कि अमेरिका का नया प्रशासन अपनी विदेश नीति की समीक्षा और आकलन कर रहा है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका के नीति निमार्ता समय के साथ तालमेल बनाएंगे। दुनिया के रुख को देखेंगे, पक्षपातपूर्ण रवैया को छोड़ेंगे, गैर जरूरी संदेह नहीं करेंगे और चीन-अमेरिका संबंधों में बेहतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए चीन को लेकर पुरानी नीति पर लौटेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### ताइवान सीमा में घुसे चीनी लड़ाकू विमान

ताइपे। चीन की सीमाओं में घुसपैठ को लेकर अब ताइवान ने करारे जवाब देने दशुरू कर दिए हैं। वायुसेना ने ताइवान की सीमा में फिर घुसे चीनी लड़ाकू विमान को पीछा करके खदेड़ दिया व अपना मिसाइल सिस्टम भी अलर्ट कर दिया। इस बार चीन के एक दर्जन लड़ाकू विमानों ने युद्धाभ्यास करते हुए ताइवान की सीमा में घुसने का प्रयास किया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार चीन लगातार इस तरह की खसावे वाली गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। शनिवार को भी इसके 11 लड़ाकू विमान उसके द्वीप के निकट पहुंचे। इनमें से आठ जेट लड़ाकू विमान और दो परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम एच-6 बमवर्षक विमान और एक पनडुब्बी रोधी विमान था। इस अभ्यास में चीनी नौसेना भी सक्रिय थी। ताइवान की नौसेना ने चीनी विमानों को क्षेत्र छोड़ने की चेतावनी देते हुए अपनी मिसाइल सिस्टम को सक्रिय कर दिया। चीन ने अपनी गतिविधियों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। चीन पहले से ही यह आरोप लगाता रहा है कि यह सब ताइवान और अमेरिका की साठगांठ से चल रहा है। वह यहां पर अपना अधिकार जताता रहा है और इस क्षेत्र पर बल पूर्वक कब्जे की धमकी भी दे चुका है। अमेरिका ने चीन को सलाह दी है कि वह ताइवान में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार के काम में दखल न दे।

### जी हां तानाशाह किम जोंग को चेयरमेन नहीं 'राष्ट्रपति' कहिए

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को लेकर अब खबर आ रही है कि देश के चेयरमैन नहीं रहेंगे। वह पद से हटने नहीं जा रहे बल्कि उनका टाइटल 'चेयरमैन' की जगह अब 'राष्ट्रपति' होगा। कोरियन समाचारों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि किम को अब औपचारिक रूप से 'राष्ट्रपति' कहा जाएगा। अब तक यह टाइटल उनके दादा और देश के संस्थापक किम इल सुंग के लिए रिजर्व था। न्यूज एजेंसी ने बुधवार को किम को लेकर एक रिपोर्ट जारी की थी। किम प्योंगयांग के बाहर कुमसूसन पैलेस ऑफ द सन के दौरे पर गए थे। वह अपने पिता चेयरमैन किम जोंग इल की जयंती पर यहां गए थे। रिपोर्ट में किम जोंग उन को 'डेमोक्रेटिक पीपल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के स्टेट अफेयर्स के प्रेजिडेंट' बताया गया है। इससे पहले एजेंसी उन्हें स्टेट अफेयर्स कमिशन का चेयरमैन बताता रहा है। हालांकि, यह टाइटल अंग्रेजी में बदला गया है और कोरियन में वही है। यह खबर सामने आने के बाद से इस पर चर्चा शुरू हो गई है कि आखिर सिर्फ अंग्रेजी में नाम बदलने के पीछे क्या वजह होगी। दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी ने विशेषज्ञों के हवाले से बताया है कि शायद उत्तर कोरिया दुनिया के सामने एक 'सामान्य देश' दिखने की कोशिश कर रहा है। रूस और चीन जैसे दूसरे देशों की तरह अपने हेड ऑफ स्टेट को प्रेजिडेंट कहलाना इसी कोशिश का हिस्सा हो सकता है। यह भी दावा किया जा रहा है कि किम जोंग अपने दादा की तरह ताकत अपने नाम करना चाहते हैं। किम इल सुंग 46 साल सत्ता में रहे थे और 1994 में उनका निधन हो गया था। पिछले महीने हुई पार्टी की एक बैठक में किम को वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया का महासचिव चुना गया। इससे पहले इस पद पर किम जोंग इल थे जो 17 साल तक शासन में थे। उनका 2011 में निधन हो गया था।

### टीकाकरण में और आगे बढ़ा रूस

मास्को। कोरोना वायरस के कहर के बीच रूस ने ऐलान किया कि वह कोरोना रोधी टीकाकरण अभियान में अपनी तीसरी वैक्सीन को भी शामिल करेगा। रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन ने टेलीविजन के जरिये बताया कि तीसरे टीके का नाम कोविवैक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रूस कोरोना रोधी टीकाकरण में अपने तीन टीके इस्तेमाल करने वाला दुनिया का पहला देश होगा। रूस ने कहा कि मार्च से तीसरे टीके को भी देशवासियों को लगाया जाएगा। कोविवैक का उत्पादन चुमाकोव स्थित सरकारी कंपनी कर रही है। हालांकि इस वैक्सीन के अंतिम चरण का क्लिनिकल परीक्षण मार्च में 3000 लोगों पर किया जाएगा। इसे 60 साल से कम उम्र के लोगों को देने की सिफारिश की गई है। गौरतलब है कि रूस पिछले साल अगस्त में टीका बनाने का ऐलान करने वाला पहला देश बन गया था। उसने क्लिनिकल परीक्षण के पूरा होने से पहले ही स्पुतनिक-वी वैक्सीन को लोगों को लगाने की मंजूरी दे दी थी। इसके बाद से स्पुतनिक-वी टीके के इस्तेमाल को दो दर्जन से अधिक देश मंजूरी दे चुके हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गत अक्तूबर में ऐलान किया था कि रूस ने अपने दूसरे टीके एपिवैककोरोना के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। प्रधानमंत्री ने बताया कि रूस अब तक स्पुतनिक-वी की एक करोड़ खुराक और एपिवैककोरोना की 80 हजार खुराक बना चुका है।

### अमेरिका में रेकॉर्डतोड़ सर्दी सामने लाई इंसानों का क्रूर चेहरा

टेक्सस। अमेरिका के टेक्सस में ऐसी रेकॉर्डतोड़ सर्दी शायद ही कभी देखी गई हो। सर्दी के कारण बिजली ठप है और लोग ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं। ऐसे वक्त में जब किसी के दर्द को सबसे ज्यादा समझे जाने की जरूरत होती है, लोगों का क्रूर चेहरा सामने आने लगा है। यहां पालतू जानवरों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है जिससे वे सर्दी में तड़प रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में एक कुत्ते की मौत होने पर प्रशासन ने उसके मालिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। जानवरों के खिलाफ क्रूरता रोकने वाली एसपीसीए ने बताया है कि यहां एक दुकान के सामने 6 कुत्तों को छोड़ दिया गया था। इनमें से एक की मौत हो गई। उसके ऊपर बर्फ जमा हो गई थी।

# म्यांमार-हड़ताल के आह्वान पर प्रदर्शनकारियों को जुंटा ने दी धमकी

**यांगून।** म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के बाद अस्थिरता के बीच प्रदर्शनकारियों के सोमवार को हड़ताल का आह्वान करने के खिलाफ जुंटा ने कार्रवाई की धमकी दी है। म्यांमार में सेना ने एक फरवरी को तख्तापलट करते हुए आंग सान सू ची समेत कई प्रमुख नेताओं को हिरासत में ले लिया था। तख्तापलट के खिलाफ कई शहरों में लोग विभिन्न प्रतिबंधों के बावजूद प्रदर्शन कर रहे हैं। इन प्रदर्शनों की अगुवाई करने वाले 'सिविल डिसोबीडीअन्स मूवमेंट' ने लोगों से सोमवार को हड़ताल करने का आह्वान किया है। वहीं, सरकारी प्रसारक 'एमआरटीवी' पर जुंटा ने रविवार देर रात हड़ताल के खिलाफ कार्रवाई करने की आधिकारिक घोषणा की। 'स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल' ने कहा, 'ऐसा पाया गया है कि प्रदर्शनकारियों ने दंगा करने और अराजकतापूर्ण तरीके से एकत्र होने वाली भीड़ को 22 फरवरी के लिए भड़काया है। प्रदर्शनकारी अब लोगों को भड़का रहे हैं, खासकर युवकों को... टकराव के इस रास्ते पर जान को खतरा हो सकता है।' पूर्व में प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा का जिक्र करते हुए सेना ने प्रदर्शनकारियों में आपराधिक गिरोह के शामिल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस वजह से ही 'सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी'। प्रदर्शन में अभी तक तीन लोगों की मौत हुई है।

# अंततः तंजानिया के राष्ट्रपति ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण की बात स्वीकारी

**नैरोबी, केन्या।** तंजानिया के राष्ट्रपति जॉन मगुफुली ने लंबे समय तक ईश प्रार्थना के द्वारा कोविड-19 को शिकस्त देने के अंधविश्वासी दावे के बाद अंततः अब देश में वायरस के मामले होने बात स्वीकार ली है। मगुफुली ने पूर्वी अफ्रीकी देश के लोगों से एहतियाती उपाय करने और मास्क पहनने का अनुरोध किया। उन्होंने महामारी के दौरान कोविड-19 टीकों सहित विदेश में निर्मित सामानों को लेकर आगाह भी किया। राष्ट्रपति का यह बयान जांजीबार के उपराष्ट्रपति के निधन के कुछ दिन बाद आया है। उनकी पार्टी ने नेता के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की थी। राष्ट्रपति के मुख्य सचिव का भी हाल ही में निधन हो गया था, लेकिन मौत के कारण का खुलासा नहीं किया गया है। मुख्य सचिव के अंतिम संस्कार के मौके पर मगुफुली ने अनिर्दिष्ट श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए लोगों से तीन दिन की प्रार्थना में शामिल होने का आग्रह किया। यह बयान राष्ट्रीय प्रसारक पर शुक्रवार को प्रसारित किया गया था। तंजानिया ने पिछले साल अप्रैल से ही देश में कोविड-19 के मामलों को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है और राष्ट्रपति लगातार इस बात का दावा करते रहे हैं कि ईसे मात दी जा चुकी है। तंजानिया में कोविड-19 के आधिकारिक तौर पर केवल 509 मामले हैं, लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि कई लोगों ने सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत की है और अस्पतालों में निमोनिया के मरीज भी बढ़े हैं।

# दुबई में सुंदर लड़कियों से मसाज के चक्कर में लुटा भारतीय, 55 लाख रुपए गंवाए

**दुबई।** दुबई में एक भारतीय से चार महिलाओं के गिरोह द्वारा कथित रूप से 55,30,806 रुपए लूटने का मामला सामना आया है। रिपोर्ट के मुताबिक इन महिलाओं ने पीड़ित (43 वर्ष) को डेटिंग ऐप पर फर्जी मसाज पार्लर का लालच दिया था। दुबई की अदालत में मामले की पहली सुनवाई हुई। अदालती दस्तावेज के मुताबिक पीड़ित (पहचान जाहिर नहीं की गई) को सुंदर लड़कियों की तस्वीर दिखाकर 200 दिरहम (करीब 3,950 रुपए) में मसाज करने की पेशकश की गई, जिसपर पीड़ित ने ऐप पर मौजूद फोन नंबर पर संपर्क किया एवं नवंबर 2020 में दुबई के अल रफा इलाके स्थित अपार्टमेंट गया। पीड़ित ने बताया कि जब वह अपार्टमेंट में गया तो वहां पर चार अफ्रीकी

### तीन महिलाएं गिरफ्तार, लूट, धमकी देने, पीड़ित को बंधक बनाने, वेश्यावृत्ति का केस दर्ज

महिलाएं थीं। उन्होंने उससे मोबाइल पर बैंक का ऐप खोलने को कहा और रुपए ट्रांसफर कर लिए। उन्होंने गले पर चाकू रख धमकी दी और थप्पड़ भी मारे। पीड़ित ने बताया कि एक महिला ने उसका क्रेडिट कार्ड छीन लिया और एटीएम से 30 हजार दिरहम (5,92,586 रुपए) निकाल लिए जबकि एक दिन तक उसे अपार्टमेंट में बंधक बनाकर रखा गया एवं महिलाओं ने बैंक खाते से 2,50,000 दिरहम (49,38,219 रुपये) निकाल लिए। पीड़ित ने बताया, उन्होंने उसका आईफोन लेने के बाद ही अपार्टमेंट से जाने दिया। बाद में उसने इसकी जानकारी बैंक को दी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि तीन नाइजीरियाई महिलाओं को शारजाह से गिरफ्तार किया गया है जबकि चौथी महिला अब भी फरार है। पुलिस ने बताया, एक महिला ने स्वीकार किया है कि वह टिंडर ऐप के जरिये खूबसूरत महिलाओं की तस्वीर दिखा मसाज का लालच देती है। वे पीड़ित को अपार्टमेंट में बंद रखती हैं और उनके खाते से पैसे निकाल देश से बाहर मौजूद खातों में हस्तांतरित करती हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों महिलाओं के खिलाफ लूट, धमकी देने, पीड़ित को गैरकानूनी तरीके से बंधक बनाने एवं वेश्यावृत्ति करने का मामला दर्ज किया गया है।

# समुद्र में तेल के रिसाव के बाद इजरायल ने तटीय इलाकों को बंद किया

**यरूशलम।** इजरायल से सटे समुद्रीय तटों में तेल रिसाव के चलते फैले प्रदूषण के मद्देनजर इजराइल ने अगले नोटिस तक अपने सभी भूमध्यसागरीय तटों को बंद कर दिया। रिसाव के बाद कई टन तेल 100 मील से अधिक दूरी तक फैल गया है जिसे देश की सर्वाधिक भीषण पारिस्थितिकी आपदाओं में से एक माना जा रहा है। पिछले सप्ताह भीषण तूफान के बाद समुद्र में तेल फैल गया था। हालांकि, तेल रिसाव के सही कारण का अब तक पता नहीं चल पाया है। इजराइल के 'नेचर एंड पार्क्स अथॉरिटी' ने इस घटना को देश के इतिहास में सर्वाधिक भीषण पारिस्थितिकी आपदाओं में से एक करार दिया है जिससे समुद्री जीव-जंतुओं के लिए खतरा पैदा हो गया है। स्वयंसेवी शनिवार को तेल की परत हटाने के काम में मदद करने पहुंचे, लेकिन इनमें से कई लोग इसकी गंध के चलते बीमार हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इजराइल ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रविवार को अगले नोटिसतक अपने सभी भूमध्यसागरीय तटों को बंद कर दिया। यह तबाही इतनी भीषण है कि इजरायली अधिकारियों का मानना है कि इससे निपटने में कम से कम साल भर का समय लग सकता है। अब इजरायली अधिकारी उस जहाज की तलाश में जुटे हैं जिससे यह लीकेज हुई है। इजरायल की सेना ने कहा कि वह इस प्रयास में मदद करने के लिए हजारों सैनिकों को तैनात कर रहा है। अधिकारियों ने अगली सूचना तक सभी को समुद्र तटों से दूरी बनाए रखने की चेतावनी दी है। यूरोपीय एजेंसियों के साथ मिलकर इजरायल उन जहाजों की खोज में जुटा है जो उसके तट से 50 किलोमीटर के इलाके में 11 फरवरी को गुजरे थे। माना जा रहा है कि इनमें से एक के कारण यह प्रदूषण फैला है।

# पाकिस्तान पर मंडराया एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में जून तक बने रहने का खतरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पर एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में जून तक बने रहने का खतरा मंडराने लगा है। आज से होने वाली एफएटीएफ की बैठक में उसे कोई राहत मिलने की उम्मीद कम ही है। उधर, फ्रांस के अलावा कुछ अन्य यूरोपीय देशों ने माना है कि पाकिस्तान ने एफएटीएफ की निर्धारित कार्ययोजना के सभी बिंदुओं का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया है। अमेरिका भी इमरान खान से डेनियल पर्ल के हत्यारों की रिहाई को लेकर चिढ़ा हुआ है। एफएटीएफ की मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के फाइनेंसिंग पर निगरानी के लिए पूर्ण बैठक 22 फरवरी से होने वाली है। पेरिस स्थित वित्तीय कार्रवाई कार्यदल (एफएटीएफ) ने जून 2018 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट' में रखा था। जिसके बाद एफएटीएफ ने इस्लामाबाद को 2019 के अंत तक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के फाइनेंसिंग पर लगाम लगाने के लिए कार्ययोजना को लागू करने के लिए कहा था। लेकिन, बाद में कोविड-19 महामारी के कारण यह समय सीमा बढ़ा दी गई थी। एक पाकिस्तानी समाचार पत्र के अनुसार, एफएटीएफ का पूर्ण सत्र 22 फरवरी से 25 फरवरी तक पेरिस में आयोजित होगा जिसमें पाकिस्तान सहित ग्रे सूची में रहने समेत विभिन्न देशों के मामलों पर विचार किया जाएगा और बैठकों के समापन पर इस पर निर्णय लिया जाएगा। अक्टूबर 2020 में आयोजित अंतिम पूर्णसत्र में, एफएटीएफ ने निष्कर्ष निकाला था कि पाकिस्तान फरवरी 2021 तक अपनी ग्रे लिस्ट में जारी रहेगा क्योंकि यह वैश्विक धनशोधन और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी के 27 में से छह दायित्वों को पूरा करने में विफल रहा है। उसके अनुसार इसमें भारत के दो सबसे वांछित आतंकवादी-जैश-ए मोहम्मद प्रमुख मौलाना मसूद अजहर और जमात-उद-दावा प्रमुख हाफिज सईद के खिलाफ कार्रवाई भी शामिल है। अजहर और सईद भारत में कई आतंकवादी कृत्यों में उनकी संलिप्तता के लिए सबसे वांछित आतंकवादी हैं, जिनमें 26/11 मुंबई आतंकवादी हमला और पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ की बस पर आतंकी हमला शामिल है। इन घटनाक्रमों से जुड़े एक आधिकारिक सूत्र ने शनिवार को अखबार को बताया कि पाकिस्तान ने छह सिफारिशों का अनुपालन किया है और एफएटीएफ सचिवालय को विवरण भी प्रस्तुत कर दिया है। सूत्र ने कहा कि अब सदस्य बैठक के दौरान पाकिस्तान की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करेंगे। सूत्र ने कहा कि निर्णय सदस्यों के बीच आम सहमति से लिया जाएगा। अखबार ने एफएटीएफ को कवर करने वाले एक पत्रकार के हवाले से कहा कि कुछ यूरोपीय देशों, विशेष रूप से मेजबान फ्रांस ने, एफएटीएफ को पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में बनाये रखने की सिफारिश की है और यह रुख अपनाया है कि इस्लामाबाद द्वारा सभी बिंदु पूरी तरह से लागू नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अन्य यूरोपीय देश भी फ्रांस का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्टून मुद्दे पर इस्लामाबाद की हालिया प्रतिक्रिया से फ्रांस खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पेरिस में एक नियमित राजदूत भी तैनात नहीं किया है।




# सऊदी अरब ने महिलाओं को सेना में शामिल होने को दी अनुमति

**रियाद।** इस्लामिक कानूनों सख्ती से पालन करने वाले देश सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने नम्र रवैया अपनाते हुए महिलाओं अब महिलाएं के सेना में शामिल होने की इजाजत दे दी हैं। सऊदी अरब ने सेना के तीनों ही अंगों आर्मी, एयरफोर्स, नेवी, मेडिकल सेवा और रॉयल स्ट्रेटजिक मिसाइल फोर्स में महिलाओं के शामिल होने की अनुमति दे दी है। सऊदी अरब के महिलाओं के अनुमति देने को बड़ा कदम माना जा रहा है। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अब महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकती हैं। सऊदी अरब की महिलाओं को सैनिक, लांस नायक, नायक, सार्जेंट और स्टाफ सार्जेंट के पद के लिए आवेदन कर सकती हैं। कहा जा रहा है कि सऊदी अरब ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के विजन 2030 के तहत उठाया गया है। क्राउन प्रिंस सऊदी महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए सुधारों को अंजाम दे रहे हैं। सऊदी अरब में महिलाओं के सेना में शामिल होने के लिए उनकी उम्र 21 से 40 साल के बीच होनी चाहिए। उनकी लंबाई 155 सेंटीमीटर या उससे ऊपर होनी चाहिए। महिलाओं को सरकारी कर्मचारी नहीं होना चाहिए। महिलाओं को एडमिशन प्रक्रिया को पास करना होगा। महिलाओं का कोई आपराधिक रेकॉर्ड नहीं होना चाहिए और मेडिकल तौर पर उन्हें फिट होना चाहिए। महिलाओं के विपरित सेना में भर्ती होने के इच्छुक पुरुषों की उम्र 17 साल से 40 साल के बीच होनी चाहिए। सऊदी अरब सरकार ने इस योजना की सबसे पहले घोषणा साल 2019 में की थी। बता दें कि सऊदी सरकार जहां महिलाओं को अवसर देने का दावा कर रही है, वहीं देश में महिलाओं को ड्राइविंग का अधिकार दिए जाने के लिए संघर्ष करने वाली देश की मशहूर महिला अधिकार कार्यकर्ता को लुजैन अल-हथलौल को 6 साल के लिए जेल में डाल दिया गया है। लुजैन को कथित तौर पर आतंकवाद के खिलाफ बनाए गए कानून के तहत सोमवार को करीब छह वर्ष जेल की सजा सुनाई गई। सऊदी अरब में महिला अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाली लुजैन अल-हथलौल पिछले करीब ढाई वर्ष से जेल में हैं, जिसकी आलोचना कई दक्षिणपंथी समूह ओर अमेरिकी सांसदों समेत यूरोपी संघ के सांसद भी कर चुके हैं। अल-हथलौल उन चंद सऊदी महिलाओं में शुमार थीं, जिन्होंने महिलाओं को गाड़ी चलाने की अनुमति देने और 'पुरुष अभिभावक कानून' को हटाने की मांग उठाई थी जोकि महिलाओं के स्वतंत्रतापूर्वक आने-जाने के अधिकारों का अतिक्रमण था।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# नारी कभी ना हारी लेखिका साहित्य संस्थान द्वारा अतीत के पन्नों से का लोकार्पण किया गया

## साहित्य के मर्म को व्यक्त करने में नारी लेखन को महारत हासिल है: डॉ. प्रबोध गोविल

» देशबंधु जोशी

जयपुर। 'नारी कभी ना हारी' लेखिका साहित्य संस्थान एवं सपनाह्लज ड्रीम्ज चेरिटेबल ट्रस्ट जयपुर के तत्वावधान में श्रीमती रतना कौशिक के कहानी संग्रह 'अतीत के पन्नों से 'का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर प्रबोध गोविल ने संस्थान अध्यक्ष के प्रयास से लेखन में दिनों दिन बढ़ते चरणो को प्रशंसनीय बताया। साहित्य के मर्म को व्यक्त करने में नारी लेखन को महारत हासिल है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर बजरंग सोनी ने संस्थान की अध्यक्ष को बधाई देते हुए नारी लेखन के बढ़ते कदमों के प्रति अपनी शुभ कामनाएँ प्रेषित की।भारतीय संस्कृति का निर्वहन करते हुए नारी लेखन के कर्म क्षेत्र में खरी उतर रही है, इसकी बहुत प्रसन्नता है। लेखन को ओर अधिक सटीक व खरा उतरने की सलाह दी। संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती वीना चौहान ने अपने प्रेरक उद्बबोधन में




कहा, कोरोना काल के लम्बे अंतराल में भी बहनों ने अपना लेखन कार्य जारी रखा।सकंट के समय नारी कभी ना हारी लेखिका साहित्य संस्थान की बहनों ने एकजूट होकर आर्थिक रूप से कमजोर बहन भाईयों की मदद। इस बीच बहनों का एक कहानी संग्रह प्रकाशित हुआ व अन्य कई बहनों की पुस्तकों का विमोचन होने का इंतजार चल रहा है। कई लाइन में है। यह विमोचन कार्यक्रम गुणात्मकता से भरपूर उत्साहित करने वाला था।संस्थान की क्रियाशीलता व निरंतर सफल होने वाली उपलब्धिया अविरल गति से बढ़ रही हैं।यही गौरव का विषय है। मुख्य वक़्ता के रूप में डॉक्टर आशा शर्मा ने कहानी संग्रह मुख्य मुख्य प्रेरक कथनों को लिया की ये सामाजिक कहानियाँ मनोविश्लेषणात्मक धरातल पर मानवता के प्रति सजग करने का संकेत दे रही हैं। कहानियाँ समाज की दिशा सूचक होती हैं।कहानियाँ प्रभावशाली बन पड़ी हैं।कहानी का शिल्प प्रभावशाली है। कोरोना का पूर्ण ध्यान रखते हुए,नियमों का पालन करते हुए कार्यक्रम सम्पूर्ण हुआ। मंच संचालन श्रीमती रानी तंवर ने किया। आभार नीलम सपना शर्मा ने व्यक्त किया।

# श्री गोविन्द देव परोपकारी ट्रस्ट ने आयोजित की योग कक्षा

» मदरलैंड संवाददाता



रैणी उपखण्ड अन्तर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लालका में श्री गोविन्द देव परोपकारी ट्रस्ट के तत्वावधान में आरोग्य प्राप्ति हेतु कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए योग शिविर आयोजित किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में योग आयुर्वेद प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से आरोग्य प्राप्ति हेतु जन मानस को प्रेरित करते हुए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर बल दिया। योग प्रचारक एवं योगा इन्स्ट्रेक्टर केदार नाथ ने कक्षा में उपस्थित सभी को योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग से मानव जीवन आरोग्य प्राप्त करने में सक्षम है केवल इसे अपनाने की जरूरत है नियमित योग करना एवं कराना जिस दिन स्वभाव बन जायेगा उस दिन से योग द्वारा सभी प्रकार के आरोग्य तन व मन में घटित होने लगेगा। प्रधानाध्यापक नरेन्द्र कुमार बैरवा एवं शारीरिक शिक्षक अमर दीन खान ने आभार व्यक्त करते हुए सभी को योगाभ्यास करने की सलाह दी। इस मौके पर मुकेश कुमार बैरवा मनोहर लाल, शिवराम मीना कपिल जैमन बृज बिहारी मीना पंकज योगी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाविद्यालय में पालिका ने मास्क व पोस्टर वितरित किए




मदरलैंड संवाददाता, खैरथल। राजस्थान सरकार द्वारा चलाये जा रहे कोरोना जन आंदोलन अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका खैरथल की और से नवीन राजकीय महाविद्यालय खैरथल में मास्क व जागरूकता हेतु स्टीकर पोस्टर पंपलेट वितरण किये गए। महाविद्यालय में बालिकाओ ने रंगोली बना कर दो गज की दूरी मास्क है जरूरी का संदेश दिया।इस मौके पर नगर पालिका राजस्व निरीक्षक नारायण गुप्ता, सहायक अभियंता अनिल जाटव, कनिष्ठ सहायक कुलवंत धवन, सफाई निरीक्षक प्रेम कुमार, महा विद्यालय प्राचार्य अंजू रानी, सरस्वती मीणा, हरकेश मीणा, हितेश शर्मा उपस्थित रहे।

### श्रीराम मन्दिर निर्माण के लिए 51 हजार रुपए समर्पित किये



श्रीराम मन्दिर निर्माण हेतु 51 हजार का चैक सौंपते।

मदरलैंड संवाददाता, बहरोड़। बिंझपुर गांव में संदीप यादव पुत्र श्रीभगवान ने श्री राम मंदिर निर्माण हेतु जयप्रकाश झाबर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, डॉ यादव, जयहिंद ठेकेदार, ताराचंद प्रधान, मदनलाल, कैलाश यादव के सानिध्य में 51000रुपए का चेक साहब सिंह यादव एवं कुलदीप योगाचार्य को समर्पित किया। इस अवसर पर सत्यनारायण, रामानंद यादव, ओमप्रकाश, वीरसिंह, लालाराम पंच, इंद्रपाल यादव, नरेश शर्मा, अमर सिंह जैतपुर, नवनीत जयपुर, मनीष जयपुर, योगेश कुमार, प्रतीक यादव मौजूद रहे।

### नवजीवन योजना के अंतर्गत अवैध शराब कारोबार को लेकर लगाया गया शिविर




मदरलैंड संवाददाता, रायसिंहनगर। नवजीवन योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों को सरकार द्वारा सहायता राशि देकर अपना कारोबार चलाने के लिए वह अवैध शराब बंद करने के लिए श्रीगंगानगर समाज कल्याण विभाग द्वारा आज गांव 9 एलपीएम, बरूवाला, 43 पीएस, आदि गांव में जिला समन्वयक द्वारा सर्वे कर उनके फार्म भरे गए वह जो लोग हथकढ़ शराब में लिप्त है वह भी नया जीवन यापन करना चाहते हैं सरकार द्वारा चलाई गई योजना की की गई इन लोगों द्वारा सहराना की गई व योजना मैं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं जिला समन्वयक बिक्कर सिंह ने बताया कि इस योजना से अनेक परिवार जो अवैध शराब में लिप्त थे उनको राज्य सरकार द्वारा अपना और कोई काम चलाने के लिए सहायता राशि दी जाएगी जिससे वह अवैध शराब का कारोबार छोड़कर अपना अलग से कोई कारोबार कर सके इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे जो अवैध शराब में लिप्त थे कृपाल सिंह कुलवंत सिंह अमर सिंह वह अनेक ग्रामीणों ने फार्म भर आए अवैध शराब छोड़ने का संकल्प लिया।

# जल्द ही गोविन्दगढ़ में भी रुकेगी प्रयागराज-जयपुर एक्सप्रेस: सांसद

## सांसद बोले लगातार प्रयास जारी है जल्द ही हम होंगे कामयाब

» अमित भारद्वाज



गोविन्दगढ़। रविवार को कस्बे में अलवर सांसद महंत बालकनाथ योगी के आगमन पर स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओ ने सांसद से मिलकर उनका भव्य स्वागत किया तथा फिर से ट्रैन संख्या 12403/04 प्रयागराज-जयपुर एक्सप्रेस ट्रैन का गोविन्दगढ़ स्टेशन पर ठहराव करवाने हेतु व गोविन्दगढ़ स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु ज्ञापन सौंपा तथा जोरदार तरीके से अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत करवाया। गौरतलब है कि गोविन्दगढ़ में प्रयागराज-जयपुर एक्सप्रेस ट्रैन की मांग पिछले 7 वर्षों से लगातार की जा रही है परन्तु इस ओर रेलवे अधिकारियों और स्थानीय नेताओ का कोई ध्यान नही है। कस्बेवासी और यात्री बडी परेशानी में है पर अब तक इस मामले पर कोई भी निर्णय नही लिया गया।कस्बेवासियों ने बताया फरवरी 2020 में इस ट्रैन का 10 दिन के लिए अस्थायी रूप से गोविन्दगढ़ स्टेशन पर ठहराव दिया गया था तब बहुत अच्छा यात्रीभार रेलवे को प्राप्त हुआ था और यदि इसे कम से कम 6 महीने के लिये प्रायोगिक रूप से रोका जाता तो एक जंक्शन की भांति अच्छी आमद एवं यात्रीभार मिल सकता था। इसको देखते हुए गोविन्दगढ़ की क्षेत्रीय जनता,रेलवे विकास समिति तथा भाजपा कार्यकताओं ने सांसद से व्यक्तिगत मुलाकात कर गोविन्दगढ़ स्टेशन पर प्रयागराज-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शीघ्र-अतिशीघ्र करवाने तथा गोविन्दगढ़ स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं की बढ़ोतरी करवाने तथा अलवर-मथुरा रेलमार्ग पर गोविन्दगढ़ तथा रामगढ़ ठहराव के साथ लम्बी दूरी की एक-दो नई ट्रेन चलवाने हेतु ज्ञापन सौंपा। सांसद ने प्रयागराज-जयपुर एक्सप्रेस के ठहराव का मुद्दा शीघ्र ही रेलवे बोर्ड में जोर-शोर से उठा स्वीकृति दिलवाने का आश्वासन दिया एवं स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं को जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने की भी बात कही। इस दौरान अलवर सांसद सहित भाजपा नेता सुखवंत सिंह, महाराज बालकदास, गोपाला सोनी, जतिन पंडित, महेंद्र, देवराज, ओमदीप, शुभम समेत हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# श्रेया शर्मा को मिला गार्गी पुरस्कार



छात्रा श्रेया को पुरस्कार प्रदान करते जिला कार्यकारी प्रभारी।

» सुनील जालेन्द्रा

बहरोड़। कुमारी श्रेया शर्मा पुत्री सुनील शर्मा कक्षा 12वीं बायो मे 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। जिसको लेकर बहरोड़ जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षा विभाग कार्यलय में छात्रा को गार्गी पुरस्कार प्रदान किया। जिला शिक्षा के कार्यालय प्रभारी कपिल यादव ने छात्रा को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। होनहार छात्रा ने पूरे परिवार का बहरोड़ क्षेत्र में नाम रोशन किया।

# राजगढ़ पंचायत समिति सभागार में विधायक थानागाजी कांति मीणा करेंगे जनसुनवाई

» शिवा जोशी

राजगढ़। थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा विधानसभा क्षेत्र के थानागाजी द्वारा मंगलवार को पंचायत समिति राजगढ़ में प्रातः 11:00 जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। उपखंड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक कांति मीणा मित्र वासियों की विभिन्न जनसमस्याओं पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सड़क, ग्राम पंचायत / ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, राजस्व आदि से संबंधित शिकायतों के संबंध में जनसुनवाई की जाएगी। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के मौके पर ही निस्तारण हेतु समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जिनमें उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अधिशासी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, निदेशक कृषि विस्तार, सहायक अभियंता जल संसाधन एवं अन्य समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# गोयल मसाला उद्योग खैरथल का प्रथम वितरक सम्मेलन व पुरूस्कार वितरण समारोह 28 को

» हीरालाल भूरानी

खैरथल। गोयल मसाला उद्योग खैरथल के निदेशक अभिषेक गोयल व आदर्श गोयल ने बताया कि 1 जून 2001 को गोयल मसाला उद्योग खैरथल की नींव हमारे पिताश्री रामप्रकाश गोयल ने रखी थी इस 20 वर्ष के संघर्षमय जीवन में अनेक बार उतार-चढ़ाव आए लेकिन हमनें बिना डगमगाये इस सफर को शानदार तरीके से पार किया। आज गोयल मसाला उद्योग खैरथल के श्री शक्ति ब्रांड के मसाले राजस्थान व हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों में अपनी पहचान रखते है। हमारा पहला ध्येय क्वालिटी का है हमारा मुख्य फोकस यहीं है कि क्वालिटी से किसी भी सूरत में समझोता नहीं होगा। मसाले के क्षेत्र में श्री शक्ति मसाले ब्रांड एक बहुत बड़ा ब्रांड बन गया है। श्री शक्ति ब्रांड के मिर्च, हल्दी, धनिया, जीरा, नमक, काली मिर्च, लोंग, इलायची, पनीर चाट सहित विभिन्न मसाले मार्केट में सभी दुकानों पर उपलब्ध है। विशेष रूप से तेजा मिर्च पाउडर की क्वालिटी में श्री शक्ति ब्रांड का कोई सानी नहीं है आमजन और व्यापारी वर्ग श्री शक्ति फ्रेश मिर्च के स्पेशलिस्ट के नाम से जानते है।प्रथम वितरक व पुरूस्कार वितरण समारोह श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर खैरथल के पीठाधीश महंत शशिभूषण गल्यान मिश्र के सानिध्य में,श्री बाबा मस्तनाथ मठ अस्थल बोहर,रोहतक के गद्दीनशीन व माननीय सांसद अलवर महंत बालकनाथ योगी के मुख्य आतिथ्य में,किशनगडबास के पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव की अध्यक्षता में,लायंस क्लब खैरथल मंडी के पूर्व अध्यक्ष लायन डॉ रिंकू मेहता व पी आर एजेंसीज के निदेशक पदम चंद गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में 28 फरवरी रविवार को सुन्दरम् गार्डन खैरथल में सांय 3 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गोयल मसाला उद्योग खैरथल के सभी वितरक उपस्थित रहेंगे।

# श्री श्याम मंदिर से 20 वीं विशाल पदयात्रा अलवर से खाटू धाम के लिए रवाना

## कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं श्रम मंत्री जूली ने ध्वज पताका सौंप कर किया रवाना

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर। श्री श्याम प्रचार मित्र मंडल के तत्वाधान में प्राचीन काला कुआ,स्कीम नंबर 8 स्थित श्री श्याम मंदिर से 20 वीं विशाल पदयात्रा अलवर से खाटू धाम के लिए रवाना हुई। पदयात्रा को कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं राजस्थान सरकार में श्रम मंत्री टीकाराम जूली ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रम मंत्री ने पदयात्रियों को 21 फुट ऊँची व 51 ध्वज पताका सौंपी। श्याम भक्तों ने गगनभेदी बाबा के जयकारों के साथ पदयात्रा आरंभ की। पदयात्रा में 251 पद यात्री बाबा के दरबार में पहुंचकर खाटूश्यामजी का दर्शन करेंगे। कोरोना महामारी को देखते हुए सभी पद यात्रियों की कोविड जाँच करवाई गई और मास्क, सेनीटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा गया है। इससे पूर्व मंडल के अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, सचिव मुन्ना लाल सैनी मिस्त्री के नेतृत्व में अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर काँग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, जिला उपभोक्ता मंच के पूर्व सदस्य महेन्द्र सैनी, युवक काँग्रेस जिलाध्यक्ष दीनबंधु शर्मा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राकेश चौधरी, युवक काँग्रेस के अलवर शहर विधानसभा अध्यक्ष सुनील सैनी, पार्षद अंशुल कुमार सैनी शामिल रहे।

# नाटकीय तरीके एवं मनमाने ढंग से होती है एनडीपीएस की कार्यवाही




## पुलिस की चिट्टे को लेकर की गई कार्रवाई पर लगा सवालिया निशान

» रामस्वरूप नायक

रायसिंहनगर। लंबे समय के बाद हो रही अवैध नशीले पदार्थों की कार्रवाई को लेकर रायसिंहनगर पुलिस की कार्रवाईयों को सवालिया निशान लग रहा है। गत दिनों पुलिस के द्वारा अवैध नशीला पदार्थ चिट्टे बरामदगी की लेकर कार्रवाई को लेकर पुलिस फिर से चर्चा में है। रविवार को पुलिस ने मीडिया कर्मियों को एक जारी प्रेस नोट में बताया गया कि पुलिस ने नई धान मंडी के पास रविवार को कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ चिट्टे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं मामले में सामने आया है कि पुलिस ने इस करवाई को पूरे दिन दबाएं रखा तथा एक नाटकीय तरीके से रविवार को आरोपी से चिट्टा बरामद होना बताया गया। काफी दिनों से पुलिस की कार्रवाई संदेह के दायरे में हैं। मामले में यह कार्रवाई नई धान मंडी के पास लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई हो गई। जहां स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है कि पुलिस द्वारा यह कार्यवाही को शनिवार को अंजाम दिया गया था। पुलिस अधिकारी मनमाने तरीके से उच्च अधिकारियों की वाहवाही बटोरने को लेकर एनडीपीएस के मुकदमे बनाए जा रहे हैं। जबकि पुलिस द्वारा बड़े सप्लायरओं का खुलासा नहीं किया जा रहा है। लगातार अवैध मादक पदार्थों का तस्करी का गढ़ कस्बा बनते जा रहा है जहां मेडिकल नशा, पोस्त, अफीम, गांजा की बिक्री काफी खुले तौर पर हो रही है। स्थानीय थाना प्रभारी छोटी-छोटी कार्यवाही है दिखाकर उच्च अधिकारियों को गुमराह भी कर रहे हैं। लेकिन बड़े सप्लायर अपना बेखौफ अवैध कार्य कर रहे हैं। रविवार को पुलिस ने जो कार्रवाई बताई है उसमें थाना प्रभारी भी वाहवाही लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी के नेतृत्व में बताई गई तथा थाने के कुछ कांस्टेबलों का नाम देख कर इस छोटी कार्रवाई को बड़ी कार्रवाई में बनाने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस के द्वारा आम जनता को तो गुमराह कर लिया गया लेकिन मीडिया कर्मियों ने पूरे घटनाक्रम को साफ कर दिया।

# नीमराना में बिजली विभाग के ऑफिस में लाखों रुपये के उपकरण चोरी

» मदरलैंड संवाददाता



नीमराना बिजली पॉवर हाउस में चोरी।

नीमराना। थाना क्षेत्र में पुलिस थाने में मात्र 100 मीटर दूरी पर स्थित बिजली निगम के कार्यालय में रविवार रात चोरों ने लाखों रुपये के बिजली के ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण चोरी कर लिये। साथ ही बिजली निगम के कार्यालय में शनिवार और रविवार को आई कलेक्शन की राशि भी चोरी कर ले गए। मामले की जानकारी पावर हाउस में ड्यूटी पर मौजूद गार्ड घनश्याम को सबसे पहले हुई। उसने सुबह 4 बजे कृषि क्षेत्र में पावर सप्लाई बंद करने के लिए मोबाइल देखा तो उसका मोबाइल गायब मिला। इसके बाद उसने बाहर आकर देखा तो स्टोर रूम और कार्यालय के ताले टूटे हुए मिले। साथ ही 8 ट्रांसफार्मर चोरी मिले। मामले की जानकारी मिलने के बाद एईएन गजानंद निम्भोरिया मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। लेकिन नीमराणा थानाधिकारी ने जांच के लिए टीम नहीं भेजी। इसके बाद बिजली निगम के जयपुर मुख्यालय से भिवाड़ी पुलिस कंट्रोल रूम के जरिए सूचना भेजवाई तब नीमराणा के डीएसपी के निर्देश पर नीमराणा थाना पुलिस जांच के लिए पहुंची। पुलिस थाने से महज 100 मीटर दूर चोरी होने से पुलिस की गश्त पर सवाल उठ रहे हैं।

# दो माह बीत जाने के बाद भी पुराने पार्षदों की पहचान बरकरार

## अभी तक नहीं हटी नाम पट्टिका

» मदरलैंड संवाददाता




खैरथल नगरपालिका बोर्ड के गठन हुए दो माह बाद भी कस्बे के वार्डो में पुराने पार्षदों की नाम पट्टिका नहीं हटाए जाने की लापरवाही का दंश आम लोग झेल रहे हैं। कांग्रेस सेवादल के हीरालाल भूरानी ने बताया कि कस्बे के लगभग सभी वार्डों में आज भी पुराने पार्षदों की पट्टिका लगी होने से आमजन भ्रमित हो रहा है। जबकि दो माह पूर्व से नए पार्षद बन गए हैं।अनेक पूर्व पार्षद भी परेशान हैं जब किसी समस्या को लेकर पट्टिका से नंबर लेकर उनके पास फोन करते हैं। भूरानी ने बताया कि हाल ही में बोर्ड की सम्पन्न हुई बैठक में नए पार्षदों ने पुराने शाइन बोर्ड हटवाकर नए बोर्ड लगवाने की मांग की थी। लेकिन पालिका प्रशासन इस ओर गौर नहीं कर रहा है। उन्होंने शीघ्र ही पुराने बोर्ड हटवाकर नए पार्षदों के बोर्ड लगवाने की मांग की है।
फोटो कैप्शन- पालिका के पूर्व चेयरमैन का लगा हुआ बोर्ड।

## एनकेपी खानपुर, केवी-1 में मना स्काउट एंड गाइड दिवस

» राजकुमार

रुड़की। केंद्रीय विद्यालय नं.-1 रूड़की में स्काउट एंड गाइड संस्थापक बेडेन पावेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य वीके त्यागी ने सर बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्काउट एवं गाइड शिक्षकों व छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्काउट गाइड की प्रार्थना की, प्रतिज्ञा ली। प्राचार्य वीके त्यागी ने कहा कि इस वर्ष स्काउट एंड गाइड का मुख्य विषय मजबूति से खड़े रहो, समझें कि शांति का मतलब क्या है, उन मुद्दों और कार्यों का पता लगाएं, जिनके कारण संघर्ष हुआ और जिनसे शांति बनी। शांतिदूत बनने के लिए खुद को सशक्त बनायें। खड़े हो जाओ विभिन्न दृष्टिकोणों से संघर्ष का पता लगाना, संघर्ष को सुलझाने और इसके बजाय शांति का निर्माण करने के लिए अपने व्यवहार को अपनाने का अभ्यास करें। भेदभाव, बहिष्करण और शांति के बीच संबंध का पता लगाना। साथ में खड़े रहो उनके मूल्यों में निहित विकल्प बनाओ, विचार करें कि उनके कार्य विभिन्न समूहों को कैसे प्रभावित करते हैं। अधिक स्वागत योग्य और शांतिपूर्ण समाज बनाने की दिशा में कदम उठाएं। प्राचार्य वीके त्यागी ने कहा कि अच्छे काम समाज के लिए करते रहना ही स्काउट गाइड का कर्तव्य है, दूसरों की सेवा करना ही सच्ची मानव सेवा है। स्काउट गाइड कैप्टेन नीलम सिंह ने स्काउट गाइड की महत्ता को बताते हुए इसके नियमों के पालन करने पर जोर दिया।




स्काउट गाइड व कब बुलबुल को पढाई का महत्व समझाया। कहा कि 3 प्रतिज्ञाएं और 9 नियमों के अधीन स्काउट गाइड को कार्य करना चाहिए। स्काउट गाइड विश्वसनीय एवं मितव्ययी होता है। उप प्राचार्या अंजू सिंह ने कहा कि स्काउट एवं गाइड देश की रीढ़ होतें है। यही देश के सच्चे नागरिक है स्काउट एवं गाइड यूनिट ने विभिन्न अवसरों पर समाज सेवा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। कार्यक्रम में मुख्य अध्यापिका शिल्पिका सिंह, राखी दायमा, गुलशन खान, कुसुम जोशी, जयबीर सिंह, संध्या पंवार का सहयोग रहा। नेशनल कन्या इटर कालेज खानपुर में विश्व स्काउट दिवस पर प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने पोस्टर प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुये कहा कि स्काउटिंग बच्चों में अनुशासन, समाजसेवा, कत्र्तव्य परायणता प्रकृति प्रेम एवं सामंजस्य के भाव पैदा करती है। विश्व स्काउट दिवस को चिन्तन दिवस के रूप में मनाते हुये स्काउट-गाइड्स ने प्रकृति प्रेम से सम्बन्धित पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रधानाचार्य डॉ. गुप्ता ने कहा कि बढ़ती उम्र में बच्चे उस कच्ची मिट्टी की भांति होते हैं जिन्हें जिस आकार में ढाल दिया जाये उनका जीवन वैसा ही हो जाता है। गाइड कैप्टन बबीता देवी, स्काउट मास्टर अखिल वर्मा व मुकेश कुमार ने कहा कि स्काउट-गाइड की स्थापना का उद्धेश्य विश्व भर में बच्चों को विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से अनुशासन व शिष्टाचार का पाठ पढ़ाना हैं। बताया कि भारत में स्काउटिंग की शुरूआत नैतिकता व योग्यता के विकास के लिये 1913 में ऐनी बेसेन्ट ने की थी। स्टिफैंस स्मिथ बैडन पावेल और उनकी पत्नि ओल्वे लेडी बैड़न पावेल के जन्मदिन को विश्व स्काउट दिवस के रूप में 216 देशों में मनाया जाता हैं। विश्व स्काउट दिवस पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा-9 की सुहानी प्रथम, अन्नु दूसरे व प्रियांशु तृतीय स्थान पर रहे हैं। विशाखा, अंश, शताक्षी, भारती, साक्षी पंवार, वंशिका, रजत कुमार, ईशा सैनी को सान्तवना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुरेशचन्द, बलराम गुप्ता, प्रमोद कुमार शर्मा, मीनू यादव, सविता धारीवाल, मिनाक्षी, विजय कुमार, गायत्री, सुलता सिकदार, अजुंली गुप्ता, बबीता देवी, संजय गुप्ता, सुधा रानी, कुशमणि चैहान, डॉ. रजंना, रूबी देवी, अमित कुमार, विशाल कुमार, ओमपाल सिंह, बृजपाल, सुन्दर, अशोक कुमार, संजय मौजुद रहें।

## मानव श्रंखला बनाकर महिला मोर्चा ने जताया सीएम का आभार



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा महिलाओं को पति की संपत्ति में सहखातेदार का अधिकार दिए जाने पर लंढौरा मंडल भाजपा महिला मोर्चा ने मानव श्रंखला बनाकर इस पर खुशी जाहिर की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश भाजपा और केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। सोमवार को अशोक नगर, ढंडेरा में लंढौरा मंडल भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरन सिंह के नेतृत्व में धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने मानव श्रंखला बनाकर और मिठाई बांटकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद प्रकट किया। किरन सिंह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक कानूनी अधिकार है जो भाजपा ने महिलाओं को दिया है इस कानून के आने से महिला सशक्त हुई है। कानून के आने से पत्नी को पति की पैतृक संपत्ति में बराबर का अधिकार मिलेगा। जिसके चलते वह अपने रोजगार को आगे बढ़ाने के लिए उस संपत्ति को मॉर्गेज करके बैंक से लोन ले सकेगी एवं अपने रोजगार को और अधिक आगे बढ़ा पाएगी। यदि किसी महिला का तलाक हो जाता है एवं वह दूसरा विवाह नहीं करती है तब उस महिला को भी इस संपत्ति मे हक मिलेगा एवं वह अपना भरण पोषण कर सकती है। निःसंतान महिला को भी पति की मृत्यु के बाद संपत्ति में अधिकार मिलेगा। जिसके चलते वह अपना जीवन यापन कर सकती है। कहा कि इससे आर्थिक स्तर पर महिलाओं को मजबुती मिलेगी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक एवं शैक्षिक तौर पर मजबूती देने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाए हुए है। इसलिए सभी प्रदेश सरकार, प्रदेश नेतृत्व का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद करते हैं। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व मानव श्रंखला बनाकर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष सुनन्दा नौटियाल, मंडल महामंत्री ममता बसेरा, मंडल मंत्री भारती रौतेला, सोशल मीड़िया प्रभारी पार्वती पांडेय, सरस्वती बड़थ्वाल, सुमित्रा पटवाल, वीरा बिष्ट, दिक्का ध्यानी, मधु रावत, माया नेगी, कुसुम नेगी, उमा देवी नेगी, ललिता, उर्मिला देवी, गंगोत्री देवी, मंजू नेगी, बीना आदि मौजुद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने खोला मोर्चा, प्रदर्शन किया

मदरलैंड संवाददाता, रूड़की। महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता ने केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने मोदी सरकार को किसान, मजदूर व मध्यमवर्ग विरोधी बताते हुए आम आदमी को महंगाई की आग में झोंकने की बात कही। कांग्रेसियो ने महंगाई काबू करने की मांग को राष्ट्रपति के नाम ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कांग्रेस सचिव व खानपुर विधानसभा प्रभारी शोभाराम के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के समक्ष केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा गया है जब से केंद्र व प्रदेश सरकार में भाजपा की सरकार आई है तबसे महंगाई नियंत्रित बढ़ रही है। आम आदमी का जीवन बेहाल हो गया है। केंद्र की मोदी सरकार में गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल ,खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं और देश की अर्थव्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है। किसान विरोधी कृषि कानूनों के कारण देश का किसान सड़कों पर है। प्रदेश कांग्रेस सदस्य उदय सिंह पुंडीर ने कहा कि आज के समय में भाजपा सरकार ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। व्यापारियों का व्यापार ठप हो गया है और कर्मचारियों की पेंशन बंद हो गई है। जनता का भरोसा भाजपा की प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार से उठ चुका है और आने वाले 2022 में फिर से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। हाजी राव नवबहार ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण देश की जनता पहले से भुखमरी की कगार पर थी। अब केंद्र सरकार ने महंगाई का बोझ बढ़ा दिया है जिससे कि देश की जनता अब सरकार बदलने का अपना मूड बना चुकी है। उन्होंने बढ़ती महंगाई के लिए डबल इंजन की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित करने की बात कही है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रवक्ता श्री गोपाल नारसन, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव अनिल पुंडीर, राव कुर्बान, राव साजिद, जितेंद्र पवार आदि मौजूद रहे।

### किसानों का उत्पीड़न बंद करे बिजली विभाग: मुबारिक

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मुबारिक अली ने कहा कि विद्युत विभाग बिलो की वसूली के नाम पर किसानों का शोषण न करे। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन इसे लेकर विद्युत अधिकारियों के खिलाफ अभियान चलाएगी। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में भाकियू जिला उपाध्यक्ष मुबारिक अली ने बकाया विद्युत बिलों की अदायगी के नाम पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया। कहा कि विद्युत विभाग गांव में किसानों के कनेक्शन और आरसी काटने में लगा है, जो पूरी तरह से गलत है। एक तो किसान को अभी तक उसके गन्ने का पूरा भुगतान नहीं हो सका है और ऊपर से विद्युत अधिकारी किसान का शोषण करने में लगे हैं, जिसे सहन नहीं किया जाएगां। कहा कि चकबंदी में भी भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन आलाधिकारी और सरकार इस पर आंख मूंदे बैठे हैं, जिससे किसान परेशान है। अब अगर किसान का शोषण नहीं रूका तो यूनियन इसे लेकर सड़क पर उतरेगी। जल्द ही विद्युत अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। इसे लेकर वह गांव-गांव किसानों को भी जागरूक और एकजुट करने में लगे हैं।

### चिकित्सक समेत 25 पर मुकदमा

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी दो पक्षों में संपत्ति विवाद चला आ रहा है। 28 जनवरी को भी दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। इसमें दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों के मुचलके पाबंद किए थे। रविवार दोपहर दोनों पक्ष संपत्ति विवाद को लेकर दोबारा भिड़ पड़े। एक पक्ष का कहना है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने धारदार हथियारों से घर में घुसकर हमला किया। उन्हें तमंचे से आतंकित किया गया। परिजनों को जाति सूचक शब्द भी बोले गए। वहीं दूसरे पक्ष ने रंजिश में मारपीट करने के आरोप लगाए है। एसएसआई देवराज शर्मा ने बताया कि शेखपुरी निवासी दीपाली की तहरीर पर साबिर रहमान निवासी रुड़की समेत 25 लोगों के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़, बलवा और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मरियम साबरी की तहरीर पर शेखपुरी निवासी शुभम की सास, ससुर और साली के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### सीपीयू ने बचाई युवती

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। सुसाइड नोट में प्रेमी को मौत की वजह बताकर गंगनहर में कूद रही युवती को सीपीयू ने एक युवक की मदद से बचा लिया। पुलिस युवती से पूछताछ कर रही है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र की एक युवती का हस्तमोली निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर सोमवार को विवाद हो गया। जिसके बाद दोपहर में युवती स्कूटी से रुड़की के सोलानी पार्क पहुंची। यहां युवती फोन पर प्रेमी से बात करने लगी। इसी दौरान उसने प्रेमी को गंगनहर में कूदने की बात बताई। युवती ने पास में ही स्कूटी खड़ी कर दी और गंगनहर की तरफ चल दी। युवती की बात सुन एक अन्य युवती ने इसकी सूचना पास में ही चेकिंग कर रही सीपीयू टीम को दे दी। इस पर सीपीयू टीम मौके पर पहुंची। युवती बात करते हुए गंगनहर में कूदने वाली थी कि सीपीयू और मौके पर मौजूद एक युवक मोनू ने उसे पकड़ लिया। युवती कूदने पर आमादा थी। किसी तरह से उसे काबू में किया गया। पुलिस को उसकी स्कूटी की सीट पर रखा एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने प्रेमी को अपनी मौत का जिम्मेदार लिखा है। इसमें युवक का नाम और मोबाइल नंबर भी लिखा है। सीपीयू टीम ने युवती को सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस के हवाले किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश साह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। युवती को उसके स्वजनों की सुपुर्दगी में दिया गया है।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने की कार्यकारिणी गठित

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रधान बहरोज आलम में मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के निदेर्शानुसार व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. जयपाल सिंह चैहान की संस्तुति पर जनपद के सभी मंडलों के अध्यक्ष के नामों की घोषणा की है। बनाए गए सभी मंडल अध्यक्षों से अपेक्षा करते हुए उन्होंने पार्टी के हित में कार्य करने तथा संगठन की मजबूती के लिए तन-मन-धन से समर्पित होकर काम करने की आशा व्यक्त की है। मंडल अध्यक्षों में मध्य हरिद्वार मंडल मजाहिर हसन, सप्तऋषि मंडल रिक्की अरोड़ा, कनखल लक्की सलूजा, रानीपुर चैक बाजार नौशाद मंसूरी, शिवालिक नगर शुजात अली, बहादराबाद गुलशेर अली, ज्वालापुर उत्तर अशफाक मलिक, ज्वालापुर पश्चिम अकरम अब्बासी, बुग्गावाला जुल्फान, भगवानपुर ग्रामीण गफ्फार अली, भगवानपुर नगर राव शाहबाज, झबरेड़ा ग्रामीण तसव्वुर अली, झबरेड़ा नगर डा. परवेज अख्तर, सुभाष नगर राव तय्यब अली, पिरान कलियर अजहर सिद्दीकी, रुड़की पश्चिम अंजुम गौर, रुड़की पूर्वी मनजीत चड्ढा, खानपुर नसीम अहमद, लंढौरा इशरत अली, मंगलौर नगर इरशाद अंसारी, मंगलौर ग्रामीण ममरेज, लक्सर नगर फुरकान अहमद, लक्सर ग्रामीण मुनीश अहमद, हरिद्वार उत्तर जमालपुर थल्ला मोहम्मद जावेद, हरिद्वार दक्षिण भोगपुर पंचपुरी मोहम्मद गनी कसाना एवं लालढांग मंडल मोहम्मद आलम के नाम प्रमुख हैं।

## तेल में लगी आग, लोगों ने कहा, अब बस करो सरकार

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। लगातार बढ़ते तेल और रसोई गैस के दामों ने लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। मजदूर से लेकर मध्यमवर्ग तक आसमान छूती तेल और रसोई गैस की कीमतों को लेकर टेंशन में आ गया है। मदरलैंड वाइस से वार्ता में लोगों ने कहा कि सरकार जानबुझकर महंगाई को काबू में नहीं कर रही है। जिससे आम आदमी का तेल निकल गया है। पहले कोरोना और अब डायन महंगाई ने चूल्हे ठंडे करने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने लोगों को सिलेंडर पर सब्सीड़ी का लॉलीपॉप दिया, लेकिन अब वह भी







खातों से गायब हो चली है। अशोक नगर निवासी रिटायर्ड सैनिक एवं समाजसेवी चंद्र दत्त पांडेय कहते हैं कि सहाब महंगाई ने तो कमर तोड़कर रख दी है। सरकार ने आम आदमी को पूरी तरह से महंगाई की आग में झोंक कर रख दिया है। तेल और रसोई गैस की कीमते उनके बजट से बाहर हो गई हैं। दाल, सब्जी, आलू, प्याज के दाम भी पसीना निकाल रहे हैं। उन्होने मांग की कि पैट्रोल, डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाए। ताकि आम आदमी पर महंगाई का बोझ कम हो। क्योकिं तेल महंगा होगा तो सब चीजे अपने आप महंगी हो जाएगी। उत्तराखण्ड युवा संस्थापक राकेश चैहान का कहना है कि डीजल, पेट्रोल जेब खाली कर रहा है। 800 रुपये के पार पहुंची रसोई गैस की कीमते भी चूल्हा ठंडा करने लगी है। राकेश चैहान कहते हैं कि महंगाई अब डायन बनकर खाने लगी है, जिस पर सरकार को नियंत्रण करना चाहिए। चिन्हीत राज्य आंदोलनकारी समिति के संरक्षक एवं सनराई स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह रावत ने शायराना अंदाज में महंगाई पर वार किया, कहा कि तेल देखो, तेल की धार देखो और देखना है तो देश में मोदी सरकार देखो। रावत के मुताबिक डीजल, पैट्रोल की कीमते कमर तोड़ रही हैं। पहले रुड़की व आसपास जाने में उनका महीने में 7-8 सौ रुपये का पेट्रोल लगता था, लेकिन अब डेढ़ हजार रुपये से ऊपर का लग रहा है, जिससे जेब ढीली होने लगी है। पहले ही कोरोना और लॉक डाउन झटका दे चुका है, अब महंगाई का करेंट पूरी तरह से रूला रहा है। राजेंद्र रावत के मुताबिक मनमोहन सरकार में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमते 568 डॉलर पर पहुंच गई थी, तब सरकार को पेट्रोल 73 रुपये लीटर करना पड़ा, लेकिन आज अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमते 112 डॉलर यानि सबसे निचले स्तर पर हैं और पैट्रोल 91 रुपये के पार है। रसोई गैस की कीमते भी आए दिन आसमान छू रही हैं। साफ है कि मोदी सरकार जानबुझकर आम लोगों को महंगाई की आग में झोंक रही है।

## प्रशासन ने खाली कराई दुकाने, अब नए सिरे से होगें ठेके

» मदरलैंड संवाददाता

पिरान कलियर (तौकीर आलम)। दरगाह के ठेकों की अवधि समाप्त होने के बाद प्रशासन ने प्रसाद और सोहन हलवे की दुकानों को खाली करवाया। इस बीच ठेकेदारों और प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक हुई।इस दौरान भारी पुलिसबल मौजूद रहा। दरगाह प्रशासन द्वारा हर साल प्रसाद और सोहन हलवा विक्रय करने के लिए ठेके छोड़े जाते है।इसके अलावा पार्किंग, शौचालय सहित अन्य कई ठेके भी छोड़े जाते हैं।जिससे दरगाह को करोड़ो रुपए की आय होती थी। ठेके की अवधि समाप्त होने के



बाद ठेकेदारों ने प्रसाद और सोहन हलवे की दुकानों और शौचालय, पर्किंग समेत अन्य ठेकों से कब्जा नही हटाया था। दो दिन पहले एएसडीएम ने ठेकों को कब्जा मुक्त करने के निर्देश ठेकेदारों को दिए थे।उसके बावजूद भी ठेकों से कब्जा नही हटाया। सोमवार को नायब तहसीदार सुरेश पाल सैनी, दरगाह प्रबंधक मोहम्मद हारून और राजश्व विभाग की टीम मय फोर्स के ठेकों से कब्जा मुक्त कराने के लिए पहुंचे। प्रसाद और सोहन हलवे की दुकानों से कब्जा मुक्त कराने के दौरान ठेकेदारों और प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक हुई।नोकझोंक होने की सूचना पर एएसडीएम पूर्ण सिंह राणा मौके पर पहुंचे।एएसडीएम पूर्ण सिंह राणा ने सभी ठेकों को कब्जा मुक्त कराया। और ठेकों पर दरगाह कर्मचारियों को बैठाया गया।एएसडीएम पूर्ण सिंह राणा ने बताया कि ठेकों की अवधि समाप्त होने के बाद ठेकों को कब्जा मुक्त कराया गया हैं। जल्द ही ठेकों की टेंडर और नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। तब तक ठेकों पर दरगाह कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। इस मौके पर दरगाह प्रबंधक मोहम्मद हारून, सुपरवाइजर इंतखाब आलम, राव सिकंदर, अफजाल अहमद, एसआई गिरीश चंद्र, नीरज मेहरा, शिवानी नेगी, यशवंत खत्री आदि पुलिस व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहें।

## बिड़ू में पीड़ित परिवारों से मिले हरदा

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सोमवार को झबरेड़ा, भगवानपुर क्षेत्र में पहुंचकर जहरीली शराब का शिकार हुए मृतकों के आश्रितों से मुलाकात की। हरीश रावत ने परिवारों को अब तक मदद न मिलने पर सरकार पर निशाना साधा। दो साल पहले झबरेड़ा क्षेत्र के कई गांवों में जहरीली शराब पीने से 40 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बिंडूखड़क और बालूपुर गांव में शराब कांड के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। परिवार के पीड़ित लोगों को शॉल वितरित किए। उन्होने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। परिवारों को इंसाफ दिलाने के लिए वह हर स्तर पर आवाज उठाते रहेगें। इस अवसर पर विधायक ममता राकेश, जिला किसान कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिला अध्यक्ष सेठपाल परमार, जिला महामंत्री दीशू परमार, वीरेंद्र सिंह, मेला राम प्रजापति, राव फरमूद, नासिर परवेज, अरविंद प्रधान सुनेहरा, बृजपाल प्रधान, भागमल कश्यप, हरीश परमार, सीताराम शर्मा, सुखबीर आदि मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल ने की जीएसटी में परिवर्तन की मांग



» मदरलैंड संवाददाता

रूड़की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जीएसटी में संरचनात्मक परिवर्तन का नया संस्करण लाने की मांग को लेकर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नमामि बंसल को सौंपा ज्ञापन में बताया गया कि 2017 जुलाई में लागू हुआ जीएसटी प्रणाली आज के समय में छोटे व्यापारियों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। कर अनुपालन इतना पेचीदा हो गया है कि व्यापारी जीएसटी के अनुपालन में अपना आत्मविश्वास खो बैठा है और एक अनजाने डर के चलते कुछ न कुछ गलती कर बैठता है। प्रदेश अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि 42 माह में वर्तमान में जीएसटी में लगभग एक हजार बदलाव किए गए लेकिन कर चोरी व फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट की घटनाएं अब भी चरम सीमा पर है।कहा कि 42 माह के अनुभव के आधार पर जीएसटी के सभी कानूनों का पुनर्मूल्यांकन का संरचनात्मक परिवर्तन कर जीएसटी का नया संस्करण लिखा जाए। प्रदेश सचिव नवीन गुलाटी ने कहा कि जीएसटी का नया संस्करण इस प्रकार लिखा जाए जोकि कर चोरी रोकने के लिये सक्षम और सरकार को ज्यादा से ज्यादा राजस्व प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जीएसटी के नए संस्करण में उद्योग संगठनों के साथ-साथ खुदरा व्यापारियों के संगठन की भी भागीदारी होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालो में रामगोपाल कंसल, नितिन शर्मा, दीपक अरोड़ा, आदर्श कपानिया, प्रदीप अग्रवाल, कवीश मित्तल, भरत कपूर, सार्थक छावड़ा, अंकित कालरा आदि शामिल रहे।

## इंसाफ की आस में दर-दर भटक रहा बेलड़ी का रामसिंह

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। बेलड़ी के राम सिंह को 3 माह बाद भी इंसाफ नहीं मिल सका है। पीड़ित आज भी इंसाफ की आस में अधिकारियों के दरवाजों पर भटक रहा है। राम सिंह का अपनी पत्नी, बेटे व पुत्र वधु पर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप है। मदरलैंड वाइस संवाददाता संदीप कश्यप के सामने अपना दर्द बयां करते हुए ग्राम बेलड़ी निवासी राम सिंह ने बताया कि नवंबर माह में दीपावली की रात वह अपनी झोंपड़ी



में सोया हुआ था। इसी दौरान रात्रि में उसकी झोंपड़ी में आग लगा दी गई। तपिश महसूस होने पर किसी तरह से उसकी आंख खुल गई। जिसके बाद वह उठकर भागा। राम सिंह का अपनी पत्नी, बेटे व पुत्र वधु पर जान से मारने की नीयत से झोंपड़ी में आग लगाए जाने का आरोप है। इसे लेकर पीड़ित ने कोतवाली सिविल लाइंस में भी तहरीर दी हुई है, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। राम सिंह का कहना है कि इससे पहले भी कई बार उसकी पत्नी, बेटा व पुत्र वधु उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। मारपीट और शोषण से परेशान होकर अब वह दूसरे के घरों में रह रहा है, लेकिन हर समय उसे हमले का डर सताया रहता है। प्रशासन भी उसकी पत्नी, बेटे व पुत्र वधु का ही पक्ष करने में लगा है। जिस कारण अभी तक तीनों पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है, लेकिन उसे इंसाफ की उम्मीद है और इसी आस में वह अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटने में लगा है।

## विधायक के खिलाफ धरने पर बैठे अग्रवाल बंधु

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। खानपुर विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन के खिलाफ अग्रवाल बंधुओं ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को अग्रवाल बंधुओं ने विधायक चैंम्पियन पर डरा धमका कर संपत्ति पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना दिया। अग्रवाल बंधुओं ने प्रशासनिक अधिकारियों पर विधायक के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। लंढौरा निवासी अजय अग्रवाल परिवार के साथ कचहरी पहुंचे और हाथों में पंपलेट लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर परिवार संग धरने पर बैठ गए। अजय अग्रवाल ने बताया कि खानपुर विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन उनके भाई अजय अग्रवाल से दबंगई के बल पर लंढौरा स्थित उनकी संपत्ति को जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। अब विधायक चैम्पियन जबरदस्ती कब्जाई गई उनकी संपत्ति पर निर्माण कार्य करा रहे हैं। बताया कि उन्होने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से लेकर आला अधिकारियों तक की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि प्रशासन भी उनकी मदद नहीं कर रहा है। जिसको लेकर वह भयभीत है। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों पर भाजपा विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन के साथ मिलीभगत करने का आरोप भी लगाया। कहा कि संपत्ति को बचाने के लिए उनके पास धरना देने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है जिसके चलते वह धरना देने के लिए मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिलेगा तब तक धरने से नहीं हटेंगे। बता दें कि इससे पहले भी अग्रवाल बंधुओं की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिसमें अग्रवाल बंधुओं ने भाजपा विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन पर जबरदस्ती उनकी संपत्ति कब्जाने का आरोप लगाया था। इस दौरान भाजपा विधायक के पिता ने अजय अग्रवाल व संजय अग्रवाल के खिलाफ दो करोड़ से अधिक की धनराशि गबन करने के आरोप में सिविल लाइन कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। धरना देने वालों में अजय अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल ,सागर अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, चिराग मित्तल, प्रतीक्षा, अमिताभ गुप्ता आदि शामिल रहे।

# एनएचएआई 1 मार्च तक मुफ्त देगी फास्टैग

**मुंबई।** नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने 1 मार्च 2021 तक मुफ्त फास्टैग देने का ऐलान किया है। पहले इसे लगाने के लिए 100 रुपए शुल्क लगता था। यह सुविधा देश भर के 770 टोल प्लाजा में मुहैया कराया जाएगा। इसका मकसद ज्यादा से ज्यादा वाहन मालिकों को फास्टैग खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना है। मौजूदा समय में फास्टैग 87 फीसदी जगहों में लग गया है। केवल 2 दिन में 7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जिसमें 100 से अधिक टोल प्लाजा में 90 फीसदी तक कैश लेस हो गया है। 17 फरवरी 2021 तक फास्टैग के जरिए टोल प्लाजा में 60 लाख के




लेनदेन हुए है और इनके जरिए 95 करोड़ से ऊपर की कमाई हुई है। बता दें कि एनएचएआई ने फास्टैग को रीचार्ज करने के लिए देशभर में 40,000 से ज्यादा बूथ बनाए हैं। इसके अलावा इसे कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से भी रीचार्ज किया जा सकता है। आप एसबीआई, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, पेटीएम के जरिए भी आप फास्टैग खरीद सकते हैं। हाइवे में चलने वाले लोगों के लिए माय फास्टैग एप लॉन्च किया गया है। जिसके जरिए यूजर्स अपने फास्टैग का बैलेंस चेक कर सकते हैं। फास्टैग वॉलेट की निम्नतम सीमा को खत्म करने का फैसला किया है। अगर फास्टैग वॉलेट का बैलेंस नॉन-निगेटिव है तो यूजर्स को टोल प्लाजा पर रोका नहीं जाएगा। पिछले 2 दिनों में 2.5 लाख की रिकॉर्ड सेलिंग के साथ हाइवे यूजर्स से 100 फीसदी कैशलेस टोलिंग को जोरदार सपोर्ट मिला है।

## आईटी उद्योग में 90 प्रतिशत लोग घर से काम कर रहे: प्रेमजी

**बेंगलुरु।** आईटी उद्योग के दिग्गज अजीम प्रेमजी ने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी उद्योग में 90 प्रतिशत से अधिक लोग अभी भी घर से काम कर रहे हैं और उन्होंने कामकाज के इस मिले-जुले मॉडल की सराहना की। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि कोविड-19 के चलते लागू लॉकडाउन के पहले कुछ हफ्तों में प्रौद्योगिकी उद्योग के 90 प्रतिशत लोग घर से काम करने लगे थे और आज भी 90 प्रतिशत से अधिक लोग घर से काम कर रहे हैं। प्रेमजी ने बैंगलोर चैंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार और आईटी उद्योग ने स्थायी रूप से एक मिश्रित मॉडल के फायदों को स्वीकार किया है, जहां लोग महामारी के बाद भी कार्यालय और घर, दोनों जगह से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मिले-जुले मॉडल के व्यापक तुलनात्मक लाभ होंगे और यह समावेशी विकास, देश के सभी हिस्सों की बेहतर भागीदारी तथा महिलाओं को घर से काम करने के लिए लचीलापन देगा। उन्होंने कहा कि आज प्रौद्योगिकी हमारे लिए जीवन रेखा बन रही है। उन्होंने लोगों से कुछ न कुछ परोपकार के कामों में शामिल रहने की अपील की और कहा कि परोपकार हमेशा भारत की संस्कृति और परंपरा का हिस्सा रहा है।

# जल्द फिर से उड़ान भरने को तैयार जेट एयरवेज!

**नई दिल्ली।** देश की सबसे पुरानी निजी एयरलाइन कंपनी जेट एयरवेज की फ्लाइट्स एक बार फिर से उड़ान भरने की तैयारी कर रही है। कंपनी को नया खरीदार मिल गया है। लेनदारों की समिति द्वारा दिवालिया हो चुकी जेट एयरवेज की बोली को जालान कल्क्रॉक कंसोर्टियम ने जीत लिया है। कंसोर्टियम अब नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) से रिजॉल्यूशन प्लान की मंजूरी मिलने के बाद चार से छह महीनों में डिफॉल्ट एयरलाइन के परिचालन को फिर से शुरू कर सकती है। कंपनी ने इसकी जानकारी दी है। जानकारी मि मुताबिक शुरूआत में जेट एयरवेज लगभग 25 विमानों के साथ उड़ान शुरू करेगा। कंपनी भारतीय विमानन के बारे में बहुत सकारात्मक है




और भविष्य उज्ज्वल है। एनसीएलटी की ओर से मंजूरी मिलने के बाद रिजॉल्यूशन प्लान को सिविल एविएशन मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। उसके बाद इसे सिविल एविएशन डायरेक्टरेट (डीजीसीए) के पास भेजा जाएगा। बता दें कि भारी घाटे और कर्ज के कारण जेट एयरवेज अप्रैल 2019 में बंद हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिप्टोकरंसी पर प्रतिबंध से 1 करोड़ भारतीय निवेशकों को होगा नुकसान!

मुंबई। बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरंसी पर प्रतिबंध से लगभग 1 करोड़ भारतीय निवेशकों को नुकसान हो सकता है। इन 1 करोड़ निवेशकों में 10 लाख ट्रेडर्स भी शामिल हैं। सभी के पास कुल मिलाकर 10000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा के डिजिटल एसेट हैं। क्रिप्टो एंटरप्रेन्योर्स का कहना है कि क्रिप्टोकरंसी पर प्रतिबंध न केवल उनके कारोबार को नुकसान पहुंचाएगा बल्कि विदेशी कंपनियों को मुनाफा कराएगा और ब्लैक मार्केट में गतिविधियों को बढ़ाएगा। गौरतलब है कि रविवार को बिटकॉइन की कीमत 58000 डॉलर पर पहुंच गई और इसका मार्केट कैप 1.1 लाख करोड़ डॉलर हो गया। बताय जा रहा है कि देश में क्रिप्टोकरंसी पर पूर्णतया प्रतिबंध से सेल्फ रेगुलेटेड एक्सचेंजेस को बंद करना पड़ेगा। ब्लैक मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ सकती है और बिटकॉइन की खरीद व बिक्री कैश से किए जाने को बढ़ावा मिल सकता है। भारत में 340 से अधिक क्रिप्टो स्टार्टअप हैं। क्रिप्टो ट्रेडिंग पर पूर्णतया प्रतिबंध से न केवल निवेशकों के क्रिप्टोकरंसी में लगाए गए पैसे डूब जाएंगे बल्कि इस इनोवेशन में भारत के भाग लेने पर भी रोक लग जाएगी। निवेशकों व साइबर लॉ एक्सपर्ट्स ने कहा है कि सरकार को क्रिप्टोकरंसी में ट्रेडिंग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने के बजाय उसे रेगुलेट करने पर विचार करना चाहिए। हालांकि अगर प्रतिबंध लगता है तो पहले से बिटकॉइन में निवेश कर चुके भारतीय निवेशकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। प्रतिबंध समस्या का हल नहीं है और इसीलिए अमेरिका, ब्रिटेन व सिंगापुर रेगुलेशन पर विचार कर रहे हैं।

### सीएनजी वाहनों की बढ़ी मांग से मारुति सुजुकी को 50 फीसदी अधिक बिक्री की उम्मीद

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया को पेट्रोल और डीजल की आसमान छूती कीमतों के बीच अपने सीएनजी वाहनों की मांग में इजाफे की काफी उम्मीद है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में सीएनजी वाहनों की बिक्री में लगभग 50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना जता रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंपनी अभी भारत में कुल उपलब्ध 14 में से आठ मॉडलों में सीएनजी विकल्प प्रदान करती है। कंपनी इस पोर्टफोलियो के विस्तार के लिये भी सक्रिय रूप से काम कर रही है। मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी निदेशक (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 'इस साल उद्योग में सीएनजी (वाहन) लगभग 37 प्रतिशत बढ़ा है, जब अप्रैल-जनवरी की अवधि में कुल वृद्धि नकारात्मक (18 प्रतिशत गिरावट) रही है। इसका मतलब है कि सीएनजी विकल्प बहुत अच्छी तरह से बढ़ रहा है।' यह बताते हुए कि सीएनजी वाहनों की मांग क्यों बढ़ गयी है, उन्होंने कहा कि ईंधन के रूप में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है। इससे वाहनों को चलने की लागत बढ़ गई है। श्रीवास्तव ने कहा, 'सीएनजी पर वाहन चलाने की लागत केवल 1.5 रुपये प्रति किलोमीटर है, जबकि पेट्रोल और डीजल के लिये यह लगभग चार रुपये प्रति किलोमीटर है। लोग अब सीएनजी पसंद कर रहे हैं, क्योंकि चलने की लागत बहुत कम है, इसलिये सीएनजी वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई है।'

### सबसे सस्ती बाइक है हीरो एचएफ डीलक्स

नई दिल्ली। ऑटोमोबाइल कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की सबसे सस्ती मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स हैं, जिसमें ग्राहको को स्टाइलिश लुक, बेहतर परफॉर्मेंस के साथ शानदार माइलेज मिलता है। अगर आप हीरो की एक नई बाइक खरीदना चाहते हैं और आपका बजट 60,000 रुपये से कम है, तो हमारी यह खबर आपके बड़े काम आ सकती है। दावे के मुताबिक यह बाइक 83 केएमपीएल का माइलेज देती है। हीरो एचएफ डीलक्स में पावर के लिए 97.2सीसी, एयर-कूल्ड, 4-स्ट्रोक सिंगल-सिलेंडर ओएचसी इंजन दिया गया है। इसके पावर परफॉर्मेंस की बात करें, तो हीरो एचएफ डीलक्स का इंजन 8000 आरपीएम पर 8.24 बीएचपी की पावर और 5000 आरपीएम पर 8.05 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। हीरो एचएफ डीलक्स का इंजन 4-स्पीड गियरबॉक्स से लैस है। हीरो एचएफ डीलक्स के फ्रंट में टेलिस्कोपिक हाइड्रॉलिक शॉक अब्सॉर्बर दिया गया है। हीरो एचएफ डीलक्स की लंबाई 1965 मिलीमीटर, चौड़ाई 720 मिलीमीटर और ऊंचाई 1045 मिलीमीटर है। इसका व्हीलबेस 1235 मिलीमीटर है। इसका ग्राउंड क्लियरेंस 165 मिलीमीटर है। वहीं, इसके रियर में स्विंग आर्म के साथ 2-स्टेज अडजस्टेबल रियर सस्पेंशन मिलता है। हीरो एचएफ डीलक्स में 130 मिलीमीटर का फ्रंट ड्रम ब्रेक दिया है। इसके साथ ही इसके रियर में 130 मिलीमीटर का रियर ड्रम ब्रेक दिया है। सुरक्षा के लिए इसमें ग्राहकों को सीबीएस फीचर मिलता है।

### नई सफारी एसयूवी को लॉन्च करने की तैयारी

नई दिल्ली। स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अपनी नई सफारी एसयूवी को भारतीय बाजार में 22 फरवरी 2021 को लॉन्च करेगी। कंपनी ने इसको लॉन्च करने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। टाटा मोटर्स अपनी नई सफारी को चार ट्रिम्स में उतारेगी। इनमें एक्सई, एक्सएम, एक्सटी और एक्सझेड वेरिएंट्स शामिल हैं। कंपनी इसे 6-सीटर और 7-सीटर दोनों ही मॉडल में लॉन्च करेगी। हेरीयर की शानदार कामयाबी के बाद कंपनी अपनी नई सफारी को लॉन्च करने जा रही है। इसका व्हीलबेस हेरीयर के बराबर होगा। इसके अलावा इसका कैबिन हेरीयर से प्रेरित (इंस्पायर्ड) है, जिसमें वैसा ही डैशबोर्ड लेआउट के साथ 8.8-इंच इंफोटेनमेंट सिस्टम, सेमी-डिजिटल ड्राइवर स्क्रीन जैसे कई फीचर्स मिलेंगे। इसमें शामिल किए गए नए फीचर्स की बात करें, तो इसमें इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक और वाइड पैनोरमिक सनरूफ मिलेगा, जो कंपनी के दावों के मुताबिक इस सेगमेंट में सबसे बड़े होंगे।

# प्याज की कीमतों ने बिगाड़ा बजट, दोगुना हुआ भाव

**मुंबई।** पेट्रोल और डीजल की आसमान छूती कीमतों से परेशान आम आदमी को अब प्याज भी रुलाने लगा है। देश की राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों के थोक बाजार में प्याज का भाव 50 रुपए के करीब चल रहा है। वहीं इसकी खुदरा कीमत 65 से 75 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। बता दें पिछले डेढ़ महीने में प्याज का भाव दोगुना हो गया है। वहीं सबसे बड़ी मंडी लासलगांव में ही प्याज का भाव दो दिन में 1000 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया है। खबरों के मुताबिक लासलगांव मंडी में प्याज का औसत थोक भाव



पिछले 2 दिनों में 970 रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 4200-4500 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गया। नासिक के लासलगांव से देश भर में प्याज भेजा जाता है। कुछ समय पहले महाराष्ट्र में बेमौसम बरसात होने और ओले पड़ने की वजह से प्याज की फसल को काफी नुकसान हुआ है। इससे थोक मंडी में प्याज की आवक कम हो गई। प्याज महंगा होने की यही सबसे अहम वजह बताई जा रही है। शनिवार को लासलगांव में प्याज का औसत भाव 4250-4,551 प्रति क्विंटल के करीब था। खरीफ वैरायटी के प्याज के लिए इसका भाव 3,870 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया था। एक व्यापरी के मुताबिक बारिश के चलते प्याज की कीमत में इजाफा हुआ है। 20 फरवरी को लासलगांव मंडी में प्याज के भाव 3,500-4,500 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था। आने वाले दिनों में प्याज के और महंगा होने की आशंका है। कई व्यापारियों ने बताया कि खरीफ फसलों की आपूर्ति में कमी आई है। प्याज के दाम ऐसे समय में बढ़ रहे हैं जब देशभर में नए कृषि कानून को लेकर किसान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

# चिड़ियाघर खोलेगा मुकेश अंबानी परिवार

**मुंबई।** भारत के मशहूर कारोबारी मुकेश अंबानी परिवार अब चिड़ियाघर बनाने जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह दुनिया के सबसे बड़े चिड़ियाघरों में से एक होगा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यह चिड़ियाघर अंबानी परिवार अपने गृह राज्य गुजरात में बना रहा है, जहां उनका समूह सबसे बड़े तेल रिफाइनिंग कॉम्प्लैक्स का संचालन करता है। रिलायंस में कॉरपोरेट अफेयर्स डायरेक्टर परिमल नाथवानी के मुताबिक चिड़ियाघर के 2023 में खुलने की उम्मीद है। इसमें स्थानीय सरकार की मदद करने के लिए एक रेस्क्यू सेंटर भी शामिल रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस के एक प्रतिनिधि ने प्रोजेक्ट की कीमत बताने से इनकार कर दिया। अंबानियों की नेटवर्थ लगभग 80 अरब डॉलर (करीब 5794.18 अरब रु) है। मुकेश अंबानी परिवार टेक से लेकर ई-कॉमर्स सेक्टर तक में कारोबार करती है। इसके अलावा आईपीएल में खेलने वाली मुंबई इंडियंस क्रिकेट टीम की भी मालिक है।

# एमएक्स प्लेयर ने बहुप्रतीक्षित सीरीज 'हेलो मिनी 2' का ट्रेलर जारी किया और इस बार चुनौती होगी जिंदा बचने की

» **मदरलैंड संवाददाता**

मुंबई। आप एक गहरी अंधेरी रात में सुनसान सड़क पर चल रहे हों और आपको महसूस हो कि कोई आपका पीछा कर रहा है? या फिर आपको तोहफे में किसी अनजान से दर्जनों गुलाब के फूल मिले? इस तरह की घटनाएं आपको सोचने पर मजबूर करेंगी कि कहीं कोई आपका पीछा तो नहीं कर रहा? अपनी बहुप्रतीक्षित साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'हेलो मिनी' के दूसरे सीजन के आने की घोषणा के साथ, एमएक्स प्लेयर इन डरावने सवालों को दोहरा है। लेकिन उसे इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं है कि वह एक बार फिर उस अनजान के जाल में और भी ज्यादा उलझने वाली है। मिनी उस अजनबी की बातों




को मानने के लिये मजबूर है और उसे डार्क वेब पर डेयर डिफाइ नाम का गेम खेलना ही होगा, वरना उसे खतरनाक अंजाम झेलने होंगे। जैसे-जैसे चीजें आगे बढ़ती जाती हैं, मिनी के हाथों से बात निकलती जाती है। यह गैरकानूनी गेम खेलने की वजह से एक हत्या के मामले में वह एक मुख्य आरोपी बन जाती है। दूसरे सीजन के बारे में, अनुजा जोशी बताती हैं, साइकोलॉजिकल थ्रिलर एक ऐसा जोनर होता है जोकि जुनूनी और मनोरोगी किरदारों के बीच एक जटिल रिश्ते के आस-पास घूमता रहता है। सीजन 2 में भी यह अजनबी मिनी को डरायेगा। 'हेलो मिनी' के पहले सीजन को दर्शकों ने काफी पसंद किया था, इतना ही नहीं लोग मुझसे बार-बार पूछ रहे थे कि इसका दूसरा सीजन कब आयेगा। मैं बहुत ही खुश हूं कि आखिरकार इसका दूसरा सीजन आ गया।'' इस किरदार के बारे में बताते हुए वह आगे कहती हैं, ''ऐसी बहुत कम भूमिकाएं निभाने को मिलती हैं, जिससे आपको लगातार सीखने का मौका मिले और आप उसके साथ बेहतर होना चाहें। मेरे लिये मिनी का किरदार ऐसा ही है जिसमें हम दोनों आगे बढ़े। उसकी बहादुरी और बेबाकी ने ही मेरे अंदर इस किरदार को दोबारा निभाने की चाहत बरकरार रखी। इस सीजन में दिखाया गया है कि वह एक खतरनाक गेम के जाल में फंस गयी है, सवालों के शतरंज में उलझ गयी है। इसमें दिखाया गया है कि उसे कल्पना से भी परे चुनौतियां दी जाती हैं, जो यह तय करेंगी कि वह जिंदा बचेगी या नहीं।'' इस शो में 'डैनी' का किरदार निभा रहे, मृणाल दत्त कहते हैं, ''इस सीजन को लेकर लोगों की प्रतिक्रिया कैसी रहती है उसे जानने का मुझे बेसब्री से इंतजार है। इसमें ड्रामा, मनोरंजन, कुछ दिल दहला देने वाले पल होंगे और वह क्लासिक मिस्ट्री कि आखिर वह अजनबी कौन है। ये सारी चीजें मिलकर निश्चित तौर पर दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ाने का काम करने वाली हैं।'' एमएक्स ओरिजनल सीरीज 'हेलो मिनी' 2 को अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने गोल्डी बहल के 'रोज ऑडियो विजुअल' के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अर्जुन श्रीवास्तव ने किया है, जिसे नोवोनील चक्रवर्ती के 'स्ट्रेंजर ट्रायोलॉजी' से लिया गया। इसे लिखा है आनंद शिवकुमारन और आयुषी घोषाल ने। 10 एपिसोड की इस सीरीज में अनुजा जोशी दोबारा मिनी (रिवाना बैनर्जी) का किरदार निभाती नजर आयेंगी और उनके साथ महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे, गौरव चोपड़ा, मृणाल दत्त, अंशुल पाण्डे, निकिता चोपड़ा, दर्शना बानिक, विनीत शर्मा, अभिनव शर्मा, अंबिका नायक, जॉय सेनगुप्ता, समीर जैकब।

# अमेजन इंडिया 15 से 18 अप्रैल, 2021 तक 'संभव' समिट के दूसरे संस्करण का आयोजन करेगा

## आत्मनिर्भरभारत का निर्माण करने के लिये खुलेंगे अनंत 'संभावनाओं' के द्वार

» **मदरलैंड संवाददाता**

amazon.in

शिमला : अमेजन इंडिया ने आज 15 से 18 अप्रैल, 2021 को 'अमेजन संभव' के दूसरे संस्करण की मेजबानी करने की घोषणा की है। संभव 2021 में महत्वपूर्ण उद्योग और थॉट लीडर्स एक साथ आकर आत्मनिर्भरभारत को बनाने की दिशा के मार्ग पर चर्चा करेंगे और इसके लिए अमेजन के साथ साझेदारियों के माध्यम से व्यावसायों एवं उद्यमियों के लिए संभावनाओं को तलाशा जाएगा। अमेजन संभव चार दिन का एक वर्चुअल समिट होगा, जिसकी मेजबानी भारत के विभिन्न सेक्टर्स, जैसे विनिर्माण, रिटेल, लॉजिस्टिक्स, आईटी/आईटीईएस, कंटेन्ट क्रिएटर्स, स्टार्ट-अप्स, ब्राण्ड्स और उद्यमियों में 'भारत के लिये असीम संभावनाएं खोलने' की थीम पर होगी। अमेजन संभव में भाग लेने के लिये 30,000 से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद है और वे 70 से ज्यादा वक्ताओं से सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों और उद्योग के ट्रेंड्स के बारे में जानेंगे। अमेजन के प्रमुख वार्षिक समिट 'संभव' एक वर्चुअल मेगा समिट है। इसमें बताया जाएगा कि अमेजन और उसके पार्टनर्स भारतीय ग्राहकों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायों के लिये नवाचार करने हेतु कैसे डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं। संभव 2020 में अमेजन ने 10 मिलियन एमएसएमई को डिजिटाइज करने, भारत से संचयी निर्यात में 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर जनरेट करने और साल 2025 तक भारत में 1 मिलियन अतिरिक्त रोजगार निर्मित करने के लिये अतिरिक्त 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करने का संकल्प लिया गया था। इस आयोजन के बारे में अमेजन इंडिया के वीपी मनीष तिवारी ने कहा, ''संभव 2021 यह दिखाने के लिये एक कदम है कि 21वीं सदी को भारतीय सदी बनाने में अमेजन की प्रतिबद्धता कैसे एक मजबूत भागीदार है। भारतीय व्यवसायों और उद्यमियों के सारे पहलूओं के साथ काम करना जारी रखते हुए हम उन्हें टूल्स, तकनीक और नवाचार देने के लिये प्रतिबद्ध हैं, ताकि भारत की अर्थव्यवस्था सशक्त हो, बड़े पैमाने पर रोजगार निर्मित करने में मदद मिले और सभी प्रकारों और आकारों की कंपनियों में उद्यमिता सम्बंधी दक्षता आए। इसलिये संभव 2021 एक अनूठा मंच होगा, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में इन संभावनाओं को खोलने के अवसर देगा।''

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें नहीं बदलीं

**मुंबई।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इसके पहले 12 दिन तक पेट्रोल-डीजल के दाम में इजाफा हुआ है। रविवार को तेल की कीमतों में ब्रेक लगा था। सोमवार को भी तेल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में 21 फरवरी को पेट्रोल के दाम कल के भाव 90.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल भी कल के भाव 80.97 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में भी पेट्रोल के दाम कल के भाव 97.00 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.06 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल कल के भाव 91.78 रुपए



प्रति लीटर और डीजल 84.56 रुपए प्रति लीटर है। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम कल के भाव 92.59 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 85.98 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल के दाम 93.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 85.84 रुपए प्रति लीटर हैं।

# सरकार कैप्टिव ब्लॉक से 50 प्रतिशत कोयला बेचने की दे सकती है अनुमति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की कैप्टिव ब्लॉक से निकलने वाले 50 प्रतिशत कोयला, लिग्नाइट को बेचने की इजाजत देने की योजना है, ताकि इनकी उत्पादकता एवं उपलब्धता को बढ़ाया जा सके। सरकार ने खदान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर) में एक प्रावधान शामिल करके ऐसा करने की योजना बनाई है। कोयला मंत्रालय ने एक संक्षिप्त टिप्पणी में कहा कि खनन मंत्रालय के साथ परामर्श पत्र में यह प्रस्तावित किया गया है कि कैप्टिव खदानों द्वारा वार्षिक आधार पर उत्पादित कोयला, लिग्नाइट के 50 प्रतिशत हिस्से को बेचने की इजाजत देने के लिए अधिनियम में एक प्रावधान को शामिल किया जाए। इसके आगे कैप्टिव खदानों से कोयला, लिग्नाइट की बिक्री पर अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। आमतौर पर कैप्टिव खदान से होने वाले उत्पादन का किसी खास मकसद के लिए ही उपयोग किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि उसने इन प्रस्तावों पर कोयला उत्पादक राज्यों, हितधारकों और आम जनता के सुझाव मांगे हैं।

# ओरिएंटल इंश्योरेंस या यूनाइटेड इंडिया का हो सकता है निजीकरण

**नई दिल्ली।** सरकार ओरिएंटल इंश्योरेंस या यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के निजीकरण पर विचार कर सकती है, क्योंकि पूंजी झोंके जाने के बाद इनकी वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। मामले से जुड़े लोगों ने इसकी जानकारी दी। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों की वित्तीय स्थिति और बेहतर करने के लिए चालू तिमाही में अतिरिक्त तीन हजार करोड़ रुपए डालने वाली है। सूत्रों का कहना है कि ओरिएंटल इंश्योरेंस और चेन्नई स्थित यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस दोनों अपनी बेहतर वित्तीय स्थिति के कारण निजी क्षेत्र की दिलचस्पी पाने में सक्षम हो सकती हैं। सूत्रों ने कहा कि निजीकरण के लिए एक उपयुक्त कंपनी चुनने की प्रक्रिया अभी शुरू हुई है और इसे तय करने में कुछ समय लगेगा। उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध न्यू इंडिया एश्योरेंस को चुने जाने की संभावना को भी खारिज नहीं करते हैं। न्यू इंडिया एश्योरेंस में सरकार की 85.44 प्रतिशत हिस्सेदारी है। योजना के अनुसार, नीति आयोग निजीकरण के लिए सरकार को सिफारिश करेगा और वित्त मंत्रालय का निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) प्रस्ताव पर निर्णय लेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2021-22 में दो सार्वजनिक बैंकों और एक सामान्य बीमा कंपनी के निजीकरण की घोषणा की थी।

# दोनों टीम के लिए एक जैसी होती है पिच: रोहित

## इंग्लैंड के क्रिकेटरों का शिकायत करना सही नहीं



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा है कि पिच को लेकर इंग्लैंड के क्रिकेटरों का शिकायत करना सही नहीं है। रोहित के अनुसार घरेलू टीम को अपने हिसाब से पिच बनाने की अनुमति मिली हुई है। रोहित के अनुसार जब हम विदेशी दौरे पर जाते हैं तब हम कभी भी पिच की शिकायत नहीं करते हैं। पिच दोनों टीम के लिए एक जैसी ही होती हैं। वहीं चेन्नई में खेले गए दूसरे टेस्ट में पिच को लेकर इंग्लैंड टीम के कई पूर्व खिलाड़ियों ने सवाल उठाए थे। पूर्व कप्तान माइकन वॉन ने कहा था कि जिस प्रकार पहले दिन से ही पिच टर्न ले रही है उससे लग रहा है कि यह घरेलू टीम को लाभ पहुंचाने के लिए बनायी गयी है। वहीं दूसरी भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इस तरह की बातों को नये सिरे से खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि सिर्फ स्पिन पिच को लेकर ही सवाल उठाए जाते हैं। तेज गेंदबाजों वाली पिच पर कोई कुछ नहीं कहता है। इसके साथ ही पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वार्न ने भी वॉन को करारा जवाब देते हुए कहा था कि जब पहले टेस्ट में टीम इंडिया हार थी तब उन्होंने पिच पर सवाल नहीं उठाये थे। उन्होंने कहा था कि इंग्लैंड के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके, इस कारण रोहित शतक लगाने में सफल रहे। वहीं दिन-रात्रि टेस्ट को लेकर रोहित ने कहा कि यह बल्लेबाजों के लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण जरूर रहेगा हालांकि शाम के समय बल्लेबाजी करना मुश्किल भरा हो सकता है।

# मोटेरा में विराट बना सकते हैं ये रिकार्ड

**अहमदाबाद ।** टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली यहां बुधवार को तीसरे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए एक अहम उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। विराट इस मैच में यदि 65 रन और बना लेते हैं तो घरेलू मैदान में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष-5 खिलाड़ियों में शामिल हो जाएंगे। कोहली ने अभी तक घरेलू धरती पर 41 टेस्ट में 66 की औसत से 3703 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 13 शतक और 12 अर्धशतक भी लगाए हैं। धरेलू धरती पर ओवरऑल टेस्ट रन बनाने के मामले में कोहली अभी सातवें नंबर पर हैं। दिलीप वेंगसरकर 3725 रन के साथ छठे और वीवीएस लक्ष्मण 3767 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। इस प्रकार लक्ष्मण को पीछे छोड़ने के लिए कोहली को केवल 65 रन और बनाने हैं। वहीं वेंगसरकर ने घर में 54 जबकि लक्ष्मण ने 57 मुकाबले खेले हैं। कोहली पिछले दस टेस्ट मैचों से एक भी शतकीय पारी नहीं खेल पाये हैं, ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन शतक बनाना रहेगा। सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने के मामले में अभी सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने 94 मैच में 53 की औसत से 7216 रन बनाए हैं। 22 शतक और 32 अर्धशतक लगाया है। राहुल द्रविड़ 5598 रन के साथ दूसरे जबकि सुनील गावस्कर 5067 रनों के साथ तीसरे वहीं वीरेंद्र सहवाग 4656 रन बनाकर चौथे नंबर पर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 मार्च से पुरुष और महिला राष्ट्रीय हार्ड कोर्ड चैंपियनशिप शुरू होगी

नई दिल्ली । कोरोना महामारी के कारण साल 2020 कैलेंडर बाधित होने के कारण अब अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) लंबित टूनार्मेंटों को आयोजित करने पर ध्यान दे रहा है और 15 मार्च से पुरुष और महिला राष्ट्रीय हार्ड कोर्ड चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। इसी महीने आयु वर्ग की अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं भी होंगी। एआईटीए के कैलेंडर के अनुसार इसके अलावा 45 रैंकिंग टूनार्मेंटों का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें 10 टैलेंड सीरीज, तीन चैंपियनशिप सीरीज और एक राष्ट्रीय सीरीज भी शामिल है। आईटीएफ टूनार्मेंटों की शुरूआत लखनऊ में 15 हजार डॉलर इनामी प्रतियोगिता के साथ होगी जबकि इतनी की इनामी राशि का महिला टूनार्मेंट दिल्ली में एक मार्च से होगा। दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) 29 मार्च से 15 हजार डॉलर इनामी पुरुष आईटीएफ प्रतियोगिता की मेजबानी भी करेगा। आठ मार्च से शुरू हो रहे हफ्ते में इंदौर में 15 हजार डॉलर इनामी प्रतियोगिता होगी जबकि पुणे 25 हजार डॉलर इनामी टूनार्मेंट का आयोजन करेगा। पुणे में ही 22 मार्च से 15 हजार डॉलर इनामी पुरुष प्रतियोगिता भी होगी। खेल मंत्रालय ने एसीटीसी (ट्रेनिंग एवं प्रतियोगिता के लिए वार्षिक कैलेंडर) के जरिए वित्तीय सहयोग मुहैया कराएगा जिससे मेजबान का काम कुछ आसान होगा क्योंकि टेनिस टूनार्मेंट के लिए प्रायोजक ढूंढना कभी आसान नहीं होता। एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ खिलाड़ियों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने साथ ही सरकार की सहायता को भी अहम बताया।

### मेदवेदेव को पराजित कर जोकोविच ने नौवीं बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस खिताब जीता

मेलबर्न। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नमेंट में रविवार को देनिल मेदवेदेव को हराकर नौवीं बार खिताब जीता। जोकोविच ने इसके साथ ही 18वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर रोजर फेडरर और रफेल नडाल के पुरुष एकल में रिकॉर्ड 20 ग्रैंड स्लैम खिताब की बराबरी करने की ओर कदम बढ़ाए। जोकोविच ने दमदार सर्विस और रिटर्न के अलावा बेसलाइन पर दबदबा बनाते हुए मेदवेदेव को 7-5, 6-2, 6-2 से हराकर मेलबर्न पार्क में लगातार तीसरा खिताब जीता। एक समय उन्होंने 13 में से 11 गेम जीतकर मैच में अपनी पकड़ मजबूत की। 33 साल के जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन के सेमीफाइनल और फाइनल में अपने सभी 18 मुकाबले जीते हैं। जोकोविच ने पिछले 10 में से छह मेजर टूर्नमेंट जीते हैं जिससे कम से कम आठ मार्च तक उनका दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी बने रहना तय है। इससे वह 311 हफ्तों तक शीर्ष स्थान पर रहेंगे और फेडरर का रेकॉर्ड तोड़ देंगे। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेल रहे थे। इससे पहले 2019 अमेरिकी ओपन के फाइनल में उन्हें नडाल के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी और उन्हें अब भी अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब का इंतजार है। जोकोविच ने इसके साथ ही रूस के 25 साल के खिलाड़ी के लगातार 20 जीत के क्रम को भी तोड़ दिया। मेदवेदेव ने दुनिया के शीर्ष 10 खिलाड़ियों के खिलाफ भी अपने पिछले 12 मुकाबले जीते थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ओपन में जोकोविच का सामना करना किसी भी प्रतिद्वंद्वी के लिए आसान नहीं होता।

### झाबुआ के दो तीरंदाज राष्ट्रीय चैम्पियनशीप में लेंगे भाग

इन्दौर। इन्दौर संभाग के झाबुआ जिले के दो तीरंदाजों का चयन अगले मार्च माह में होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी चैम्पियनशीप के लिये किया गया है। 17वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप 2020-21 का आयोजन गत 11 एवं 12 फरवरी 2021 को राज्य तीरंदाजी अकादमी जबलपुर में किया गया था। जिसमें तीरंदाजी सह प्रशिक्षण केन्द्र के 13 खिलाडियों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप 2020-21 में झाबुआ जिले के तीरंदाज खिलाडियों ने कुल 8 रजत पदक प्राप्त कर झाबुआ जिले को गौरान्वित किया। तीरंदाजी सह प्रशिक्षण केन्द्र झाबुआ की बालिका कुमारी सलोनी भूरिया एवं बालक धर्मेन्द्र डामोर का चयन 7 मार्च 2021 से 16 मार्च 2021 तक देहरादून (उतराखण्ड) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप 2020-21 के लिए किया गया हैं। तीरंदाजी सह प्रशिक्षण केन्द्र के खिलाडियों की इस उपलब्धी पर झाबुआ के कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी विजय कुमार सलाम, तीरंदाजी प्रशिक्षक जयन्तीलाल परमार, जेवेन्द्र बोराडे, कालुसिंह राठौर, अवलोक शर्मा, सुश्री शिफाली मसीह आदि के द्वारा बधाई दी गई एवं आगामी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किये जाने के लिए शुभकामनायें दी।

### जान्हवी, अर्थव, आदित्यम, आराध्या, जिया, राजस व अनुष्का क्वार्टर फायनल में

इन्दौर। देवी अहिल्या बैडमिंटन एकेडमी द्वारा इन्दौर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की जिला सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा के दूसरे दिन विभिन्न आयु वर्ग में 60 रोचक मुकाबले हुए। इसमें जान्हवी कुलकर्णी, अर्थव सक्सेना, आदित्यम जोशी, आराध्या भंडारी, जिया बत्रा, राजस पिंगले और अनुष्का शाहपुरकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फायनल में प्रवेश किया। स्पर्धा के सेक्रेटरी विकास सोनी ने बताया कि रविवार को खेले गए मुकाबलों में अंडर-11 मुकाबले में जान्हवी कुलकर्णी ने अवनी सिहाग को 51-07 व 15-05 से और अर्णा बत्रा ने तमन्ना सिंधा को 15-13, 13-15 व 15-12 से हराकर क्वार्टर फायनल में प्रवेश किया। वही बालक वर्ग में सिद्धांत पंवार, भव्यराज सिंह, वेदांग महिन्द्रा, रोहन मजूमदार, अनैष प्रकाश व वीर खरे भी क्वार्टर फायनल में पहुंचे।

# पुजारा के नाम टी-20 में भी है शतक

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा टेस्ट प्रारुप में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज माने जाते हैं पर सीमित ओवरों के प्रारुप में उन्हें बेहद कम अवसर मिले हैं। अब जबकि पुजारा को आईपीएल के लिए शामिल कर लिया गया है। तब एक वीडियो सामने आ रहा है जिसमें



पुजारा एक टी20 मैच में शतक लगाते हुए नजर आ रहे हैं। पुजारा ने यह शतक साल 2019 में सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान लगाया था। आईपीएल में उनके चयन के बाद से ही सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो वायरल हो रही है। पुजारा ने इससे पहले साल 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब की ओर से आईपीएल में खेलते हुए छह मैचों में 125 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 25 तो स्ट्राइक रेट 100 रहा था पर अगर ओवरऑल आईपीएल प्रदर्शन की बात की जाए तो यह औसतन ही रहा है। उन्होंने 30 मैचों में एक अर्धशतक के साथ ही 20 की औसत से रन बनाए हैं जिसमें स्ट्राइक रेट 100 से भी कम हैं।

# टी20 श्रृंखला के लिए विजय हजारे ट्रॉफी छोड़ेंगे ईशान, सूर्यकुमार और तेवतिया

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले माह 12 से शुरू होने वाली टी20 क्रिकेट सीरीज के लिए चयनित विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव और राहुल तेवतिया एक मार्च को अहमदाबाद पहुंचेंगे। इन तीनों खिलाड़ियों को इस कारण विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले बीच में ही छोड़ने पड़ेंगे। ईशान के अलावा सूर्य कुमार र तेवतिया अभी विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के कारण पांच शहरों में बने जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रह रहे हैं। बीसीसीआई ने अहमदाबाद में 12 मार्च से शुरू हो रही टी20 सीरीज के लिए 19 सदस्यीय टीम का चयन किया है। सीमित ओवरों के इन



खिलाड़ियों को लय में आने के लिए दो से तीन मैच भी खेलने को कहा गया है। टी20 सीरीज 12 से 20 मार्च के बीच खेली जाएगी। इसके बाद तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज पुणे में 23 से 28 मार्च तक खेली जाएगी।

# आगे भी पीसीबी अध्यक्ष बने रह सकते हैं मनी

**कराची ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष एहसान मनी आगे भी अध्यक्ष पद पर बने रहने के लिए तैयार हैं। मनी का कहना है यदि प्रधानमंत्री और बोर्ड के मुख्य संरक्षक इमरान खान यदि उनका कार्यकाल बढ़ाते हैं तो वह आगे भी पीसीबी की जिम्मेदारी



संभालने के लिए तैयार हैं। मनी का तीन साल का कार्यकाल इस साल सितंबर में समापत हो जाएगा हालांकि उन्होंने कहा कि वह इसे आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। मनी ने कि मैंने कभी यह पद नहीं मांगा था और ना ही प्रधानमंत्री से इस बारे में बात की। उन्होंने ही मुझे यह जिम्मेदारी दी थी और मैंने इसे निभाने का पूरा प्रयास किया है। वह अपने काम से संतुष्ट हैं। हमारे सीईओ वसीम खान को इसका श्रेय जाता है कि कोरोना महामारी के बाद भी वह देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी करा सके। मैं चाहूंगा कि उनका भी कार्यकाल तीन साल के लिए बढाया जाए। मनी आईसीसी के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं।

# गेंद की स्विंग का अनुमान नहीं लगा सकते : पुजारा


**अहमदाबाद।** भारतीय टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतश्वर पुजारा के अनुसार यहां मोटेरा स्टेडियम में दूधिया रोशनी में खेले जाने वाले पहले टेस्ट में एसजी गेंद कितनी स्विंग करेगी, इसकी भविष्यवाणी करना कठिन है। दोनो ही टीमें इस सीरीज में 1-1 से बराबरी पर हैं, ऐसे में अब सभी की नजरें 24 फरवरी से यहां शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट पर लगी हैं। भारतीय टीम को गुलाबी गेंद से खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है और उसने केवल दो मैच खेले हैं। पुजारा ने कहा, 'इस टेस्ट में गेंद कितनी स्विंग होगी, हम इसके बारे में निश्चित नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'शुरू में यह थोड़ा स्विंग कर सकती है, लेकिन जैसे मैच आगे बढ़ेगा, यह शायद ज्यादा स्विंग नहीं करे हालांकि गुलाबी गेंद के बारे में हम कुछ नहीं कह सकते, इसकी भविष्यवाणी करना काफी मुश्किल है।' पुजारा ने कहा कि पिच उन्हें ठीक लग रही है पर यह बदल भी सकती है क्योंकि टेस्ट शुरू होने में अभी तीन-चार दिन का समय बचा है। उन्होंने कहा, 'लाल गेंद से यह अलग तरह का मैच होगा। लेकिन गुलाबी गेंद से मैच शुरू होने से पहले कुछ भी कहना या बहुत मुश्किल है क्योंकि कभी कभार आप किसी अन्य चीज की उम्मीद करते हो और गुलाबी गेंद से कुछ और ही हो जाता है।' उन्होंने कहा, 'बतौर खिलाड़ी मैं चीजों को बहुत ही सरल रखने की कोशिश करूंगा और पिच की ज्यादा फिक्र नहीं करूंगा।

# इंग्लैंड की रोटेशन पॉलिसी अच्छी: स्टेन

**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की रोटेशन नीति की तारीफ की है। रोटेशन नीति के तहत खिलाड़ियों को बीच-बीच में आराम दिया जाता है। स्टेन ने अपने ट्वीट में कहा कि ईसीबी की रोटेशन नीति का फायदा नजर आ रहा है। धीरे-धीरे शानदार क्रिकेटरों की एक फौज तैयार हो रही है। साथ ही कहा कि अभी भले ही ईसीबी की इस नीति की आलोचना हो रही है पर अगले 8 सालों में आईसीसी को 8 टूनार्मेंट में टीम का चयन करते समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के अनुभवी क्रिकेटरों को तलाशने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने इस नीति को बेहद समझदारी वाला कदम है बताया है। ईसीबी ने रोटेशन नीति को खिलाड़ियों का वर्कलोड कम करने



और उन्हें बायो सिक्योर बबल में रहते हुए मानसिक थकान से बचाने के लिये किया है हालांकि इस कदम से कई बड़े मैचों और सीरीज में उसके अहम खिलाड़ी नहीं खेल पाते हैं जिससे उसकी आलोचना भी हो रही है। ईसीबी की इस रोटेशन नीति के कारण ही विकेटकीपर जोस बटलर भारत के खिलाफ पहले टेस्ट और आलराउंडर मोईन अली दूसरे टेस्ट के बाद इंग्लैंड लौट गए जबकि बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और तेज गेंदबाज मार्क वुड पहले दो मैचों से बाहर रहने के बाद सीरीज के बाकी दो मैच के लिए टीम से जुड़ गए हैं। यही नहीं, टीम मैनेजमेंट वर्कलोड को देखते हुए अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को भी बीच-बीच में आराम देता रहा है। ईसीबी ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ऑल राउंडर बेन स्टोक्स को भी श्रीलंका दौरे के लिए आराम दिया था हालांकि, इंग्लैंड के कई पूर्व खिलाड़ियों ने खिलाड़ियों को आराम देने के फैसले के लिए बोर्ड की आलोचना की थी लेकिन ईसीबी इस पर अमल करता नजर आ रहा है। इससे पहले, श्रीलंका के पूर्व कप्तान और राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने भी इंग्लैंड की रोटेशन पॉलिसी को अच्छा बताया था। उन्होंने कहा था कि इस नीति का इंग्लैंड टीम को फायदा पहुंचा है. क्योंकि कोरोना के बीच, जब से बायो सिक्योर बबल में क्रिकेट शुरू हुआ है. तब से एक के बाद लगातार सीरीज हो रही हैं। ऐसे में खिलाड़ियों के चोटिल और थकने की आशंका ज्यादा है। इसलिए अब दूसरे बोर्ड भी इंग्लैंड की तरह ही रोटेशन नीति पर अमल कर रहे हैं।



मैनचेस्टर में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड के मार्कस रेसफोर्ड।

# हर तरह के गेंदबाज के खिलाफ हेलमेट पहनना होगा : एमसीसी


**नई दिल्ली।** आनेवाले दिनों में बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजों के साथ ही स्पिनरों के सामने भी हेमलेट पहना होगा। विश्व क्रिकेट के नियम बनाने वाली शीर्ष संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने कहा कि सिर की चोट से बचने के लिए बल्लेबाजों को हर तरह के गेंदबाज के सामने हेलमेट पहनना चाहिए। अभी बल्लेबाज केवल तेज गेंदबाजों के सामने ही हेमलेट लगाते हैं। वहीं नियम की बात की जाए तो हेलमेट का नियम हर बोर्ड अपने स्तर पर तय करते हैं। गौरतलब है कि इंग्लैंड में साल 2016 से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैच में हेलमेट पहनने को अनिवार्य किया गया है पर इस तरह के नियम भारत सहित अधिकतर देशों में लागू नहीं हुए हैं। एमसीसी के हेड ऑफ क्रिकेट जॉन स्टीफेनसन ने कहा कि इस तरह की चीजों में बदलाव की जरूरत है। इससे खिलाड़ियों को घायल होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को अलग-अगल तरीके से समझाया जा सकता है और देखना होगा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद इसे कैसे लेती है।

साथ ही कहा कि हेलमेट पहनने को उसे अनिवार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं इस मुद्दे पर आईसीसी से बात करना चाहूंगा क्योंकि जब आप स्वीप करते हैं और आप ने कैप पहनी है तो गेंद आपके सिर पर लग सकती है। इस क्षेत्र में विचार किये जाने की जरूरत है। टेस्ट क्रिकेट में सभी बल्लेबाजों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया जाना चाहिए। आईसीसी को सभी सदस्य देशों को इस पर सहमत करना चाहिए। इस बीच एमसीसी शॉर्ट बॉल को लेकर दुनियाभर में बहस कर रहा है। नियम के अनुसार एक ऊंचाई तक बाउंसर गेंद फेंकने की अनुमति है। इससे ऊंचा फेंकने पर नोबॉल देने का नियम है।

# *अकादमी के खिलाड़ियों ने लगातार दूसरे दिन भी लगाई स्वर्ण पदकों की झड़ी*

- **31वीं राष्ट्रीय कयाकिंग केनोइंग स्प्रिंट चैंपियनशिप-2021**
- **खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश को दिलाए 13 स्वर्ण, 3 रजत और दो कांस्य पदक**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल स्थित छोटी झील पर शनिवार से शुरू हुई 31वीं राष्ट्रीय कयाकिंग केनोइंग स्प्रिंट (बालक एवं बालिका जूनियर सब जूनियर) चैंपियनशिप में वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के कयाकिंग केनोइंग खिलाड़ियों ने दूसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन करते हुए आज 13 स्वर्ण और 3 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 18 पदक मध्य प्रदेश को दिलाए। खिलाड़ियों ने यह पदक 500 मीटर रेस के अलग-अलग इवेंट में अर्जित किए। **- प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हमारे खिलाड़ी** खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी अकादमी के खिलाड़ियों को मिली स्वर्णिम सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए पदक



विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने लगातार दूसरे दिन 18 पदक जीतकर साबित कर दिखाया है कि कोरोना काल के बाद उनके हौसले बुलंद हैं। हमारे खिलाड़ी प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। **- स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाई** संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने आज दूसरे दिन भी स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाते हुए मध्य प्रदेश को 13 स्वर्ण पदक दिलाए। इसके अलावा 3 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर मध्य प्रदेश को गौरवान्वित किया है। **- इन खिलाड़ियों ने जीते पदक** प्रतियोगिता में के-1 इवेंट में देवव्रत सिंह, के-4 में नितिन वर्मा और राजू वर्मा, सी-2 में नीरज वर्मा, सी-4 देवेंद्र सेन और सोनू वर्मा, के-2 आस्था दांगी, के-4 आस्था एवं निहारिका जायसवाल, के-2 में आस्था और निहारिका, सी-1 कावेरी ढीमर, सी-2 कावेरी एवं शिवानी वर्मा, सी-4 कावेरी और शिवानी वर्मा, सी-1 में शिवानी वर्मा, सी-2 मिक्सड इवेंट में शिवानी वर्मा तथा के-2 मिक्सड इवेंट में अक्षित बरोई ने एक-एक स्वर्ण पदक मध्य प्रदेश को दिलाया। इसी तरह बलवीर जाट और अक्षित बरोई ने के-2 इवेंट, नितिन वर्मा ने के-1 तथा हिमांशु टंडन और देवराज सिंह ने के-4 इवेंट में 1-1 रजत पदक अर्जित किया। अकादमी के खिलाड़ी सचिन सेन ने सी-2 और आस्था वर्मा, शिवकन्या वर्मा, नेहा चौबे और खुशी वर्मा ने के-4 इवेंट में एक-एक कांस्य पदक अर्जित किया।

# निडरता से भारत और विदेशों में अपने करियर बढ़ाना चाहतीं प्रियंका



**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस निडरता से भारत और विदेशों में अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहती हैं। अभिनेत्री का कहना है किवह पहले से थोड़ी ज्यादा रचनात्मक और निडर हो गई हैं। पिछले कुछ वर्षों में उनमें एक अलग तरह का आत्मविश्वास आया है। प्रियंका ने बताया कि 'मुझे लगता है कि मैं थोड़ी अधिक निडर हो गई हूं। मुझे नहीं पता कि वैश्विक मनोरंजन के लिए क्या करना है, लेकिन पिछले कुछ सालों में मिले आत्मविश्वास के कारण मुझे लगता है कि मैं उस जगह पर हूं जहां मैं चांस ले सकती हूं। मैं अब सुरक्षित चीजों से चिपकी नहीं रहती हूं। मैं अब खुद को क्रिएटिव और स्वतंत्र महसूस कर रही हूं। साथ ही ऐसा महसूस कर रही हूं कि मैं बहुत सारी चीजें करना चाहती हूं।' उन्होंने आगे कहा कि 'पहली बार मेरे पास कहानी कहने की क्षमता है और मैं इसका फायदा उठा रही हूं। मुझे नहीं पता कि ये कैसे हुआ लेकिन अब मैं रचनात्मक तौर पर बहुत ही अच्छी जगह पर हूं।' प्रियंका बताती हैं कि 'जब 10 साल पहले मैंने ह्यद व्हाइट टाइगर' पढ़ी थी तो मैं काफी समय तक इसके प्रभाव में रही थी। जब मुझे पता चला कि इस पर फिल्म बन रही है तो मुझे लगा कि मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनना है। वैसे मेरा किरदार फिल्म का अभिन्न हिस्सा नहीं है। यह बलराम की फिल्म है लेकिन उसका हमारे किरदारों के साथ रिश्ता है। मुझे लगता है कि यह फिल्म बहुत ही प्रासंगिक है।' अभिनय की बात करें तो हाल ही में अभिनेत्री ने एक हॉलीवुड फिल्म 'इजंट इन रोमांटिक' में सहायक अभिनेत्री की भूमिका निभाई है। इसके अलावा उन्होंने 'द स्काई इज पिंक' में फरहान अख्तर के साथ अभिनय किया है।

## भगवान को लेकर काजोल का सुझाव



अभिनेत्री काजोल ने भगवान से डरने वालों के लिए एक विचित्र सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि अगर ईश्वर हमें देख रहे हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम उनका मनोरंजन करें। काजोल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी साझा की। शेयर स्टोरी में अभिनेत्री ने लिखा कि 'अगर भगवान हमें देख रहे हैं तो हम कम से कम इतना कर सकते हैं कि हम उनका मनोरंजन करें।' बता दें कि अभिनेत्री को उनकी सेंस ऑफ ह्यूमर के लिए जाना जाता है और वह अक्सर सोशल मीडिया पर अलग हटकर चीजें पोस्ट करती रहती हैं।
वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल को आखिरी बार हाल ही में रिलीज हुई ओटीटी फिल्म त्रिभंगा में देखा गया था, जिसका निर्देशन अभिनेत्री रेणुका शहाणे ने किया है।

# विधायक के 'नाचने वाली' कमेंट को स्वरा ने बताया बेवकूफाना

### कंगना से कहा- आपने जवाब देकर इसे और बदतर कर दिया



स्वरा भास्कर ने मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायक सुखदेव पानसे द्वारा कंगना रनोट के लिए इस्तेमाल की गई भाषा पर आपत्ति जताई है। हालांकि, उनका कहना यह भी है कि कंगना ने विधायक पर पलटवार करके परिस्थिति और भी बदतर कर दी है। स्वरा ने विधायक को दिया कंगना का जवाब सोशल मीडिया पर री-पोस्ट करते हुए लिखा है, 'सुखदेव पानसे ने बेवकूफाना, सेक्सिस्ट और पूरी तरह निंदनीय बात कही है... कंगना आपने इसे और बदतर कर दिया है।' सुखदेव पानसे ने कहा था नाचने वाली

एक रिपोर्ट के अनुसार सुखदेव ने किसान आंदोलन का विरोध कर रहीं कंगना रनोट को लेकर कहा था कि पुलिस को नाचने गाने वाली की कठपुतली के रूप में काम नहीं करना चाहिए। 250 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता 12 फरवरी को सारणी पहुंचे थे, जहां कंगना 'धाकड़' की शूटिंग कर रही थीं। कार्यकर्ताओं की मांग थी कि कंगना किसानों के खिलाफ की गईं अपनी सोशल मीडिया पोस्ट्स (जिनमें उन्होंने आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी बताया था) के लिए माफी मांगें।

### कंगना ने दीपिका, आलिया का नाम घसीटा

कंगना ने सुखदेव पानसे को दिए जवाब में दीपिका पादुकोण, कटरीना कैफ और आलिया भट्ट का नाम घसीटा था। उन्होंने लिखा था, 'ये जो मूर्ख है, क्या यह जानता है कि मैं दीपिका, कटरीना या आलिया नहीं हूं। मैं इकलौती हूं, जिसने आइटम नंबर्स करने से इनकार किया। बड़े हीरो (खान्स/कुमार) के साथ फिल्म करने से मना किया, जिन्होंने मेरे खिलाफ पूरी बॉलीवुडिया गैंग मैन+वीमेन बनाई। मैं राजपूत महिला हूं। मैं कमर नहीं हिलाती, हड्डियां तोड़ती हूं।'

# हॉरर फिल्म 'द वाइफ' 19 मार्च को ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता गुरमीत चौधरी की फिल्म 'द वाइफ' 19 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। इस हॉरर फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री सयानी दत्ता हैं। गुरमीत ने कहा, 'यह मेरी ऐसी पहली फिल्म है जिसमें केवल मेरी ही मुख्य भूमिका है। फिल्म में आप मुझे बिल्कुल नए और अलग अवतार में देखने वाले है। फिल्म की स्क्रिप्ट भी एकदम नई और अलग है।इसमें आपका कंपा देने वाला हॉरर, एक्शन और रोमांस सब कुछ मिलेगा।' फिल्म की कहानी एक विवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक नए अपार्टमेंट के बाद महसूस करते हैं कि वहां एक पुरुष की आत्मा है। जब उनका रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच जाता है, तब उन्हें समझ आता है कि उन्हें न केवल अपने रिश्ते को, बल्कि अपनी जिंदगी को भी बचाने की जरूरत है।

इस फिल्म के साथ डेब्यू कर रहे निर्देशक सरमद खान का कहना है, 'फिल्म की शहरी सेटिंग और भूत-प्रेत की मौजूदगी को दशार्ने का तरीका बहुत खास है।' वैसे ऐसे कॉन्सेप्ट पर 2003 में राम गोपाल वर्मा फिल्म 'भूत' ला चुके हैं। निर्देशक खान ने कहा, 'ज्यादातर डरावनी फिल्मों में दुख का भाव होता है और उन्हें देखकर लोग अंदाजा लगा लेते हैं कि उसमें आगे क्या होने वाला है, लेकिन हमारी फिल्म के साथ ऐसा नहीं होगा। आप आखिर तक यह नहीं जान पाएंगे कि फिल्म में क्या होने वाला है।' वहीं अभिनेत्री सयानी ने कहा, 'मुझे हॉरर फिल्में बहुत पसंद हैं। ऐसी ही फिल्म से डेब्यू करना बहुत ही रोमांचक रहा।' बता दें कि यह फिल्म जी5 पर रिलीज होगी।

# 'बिग बॉस 14' की विनर रुबीना दिलैक ने ट्रॉफी के साथ जीते 36 लाख रुपए

### इन पैसों से अपने गांव में पक्की सड़क बनवाऊंगी




टीवी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक रविवार को 'बिग बॉस 14' की विनर बनीं। सीजन-14 की ट्रॉफी के साथ रुबीना ने 36 लाख रुपए प्राइज मनी भी जीती। 140 दिन तक चले इस शो में रुबीना के साथ फाइनल तक पहुंचे राहुल वैद्य शो के रनरअप रहे। शो की विनर बनने के बाद दैनिक भास्कर से खास बातचीत में शिमला की रहने वाली रुबीना ने बताया की ये उनकी दोगुनी जीत है। उन्होंने कहा कि जीती हुई राशि में से वे कुछ पैसे अपने गांव के लोगों के लिए इस्तेमाल करेंगी। साथ ही उन्होंने शो से जुड़ी कई बातें भी शेयर की।

इन पैसों से अपने गांव में पक्की सड़क बनवाऊंगी

इस जीती हुई रकम के कुछ हिस्से से मैं अपने गांव के लिए पक्की सड़क बनवाना चाहती हूं। मेरी मां ने हमेशा मुझे सिखाया है की आप जो भी कमाओ उसमें से कुछ हिस्सा समाज और अपने लोगों को देना चाहिए। मैं अपनी मां की इस बात को फॉलो करती हूं। मेरी इच्छा थी कि मैं अपने गांव के लोगों के लिए एक पक्की सड़क बनवाऊं। पिछले कुछ सालों से मैंने अपने गांव में रहना शुरू कर दिया है। मुझे यकीन है मैं वहां के लोगों के लिए जरूर कुछ करूंगी।

### सलमान खान से दो बार अपनी जीत कंफर्म की

जब सलमान खान ने मेरा नाम बतौर विजेता घोषित किया, मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था। मैंने उनसे दो बार कंफर्म किया, तब जाकर यकीन हुआ। उस वक्त नर्वसनेस तो बिलकुल नहीं थी, लेकिन एक संतुष्टि जरूर थी की मैंने 140 दिन का सफर तय किया। मैंने 'बिग बॉस' शो को कभी फॉलो नहीं किया था। मैं जानती भी नहीं थी की इस शो का पैटर्न कैसे होता है। हां, जब पार्टिसिपेट किया तो इच्छा जरूर थी शो के फिनाले तक पहुंचने की। ट्रॉफी जीतना मैंने अपनी किस्मत पर छोड़ दिया था। वो कहते हैं ना, जब आप कोई सच्चे मन से काम करें तो जरूर सफल होता है। मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ। लोगों ने मेरी जीत की सरहाना की। मैं हमेशा अपने फैंस की आभारी रहूंगी।

### मेरी ईमानदारी ने मुझे इस शो में जीत दिलाई

जब शो ऑफर हुआ था, तब बिलकुल कॉन्फिडेंस नहीं था कि मैं इस खेल में क्या करूंगी। लेकिन मुझे अपनी ईमानदारी पर बहुत भरोसा था। मुझे यकीन था कि इस खेल में मेरी ईमानदारी मुझे दूर तक लेकर जा सकती है। इसी ईमानदारी ने मुझे इस शो को जिताया है, जिसपर मुझे बहुत गर्व है।

### दोगुनी जीत है–एक तरफ शो की ट्रॉफी और दूसरी तरफ अभिनव से मेरे रिश्ते की जीत

मेरी इस जीत के पीछे मेरे पति अभिनव शुक्ला का बहुत बड़ा हाथ रहा है। उन्होंने पूरे इस सफर में मेरा साथ दिया। जब मेरी जीत का एलान हुआ, तब मैंने सबसे पहले अभिनव को देखा, वो नाच रहे थे। उनका वो चेहरा देखकर एक अलग संतुष्टि महसूस हुई। इस शो की वजह से हमारे रिश्ते ने एक नया मोड़ लिया है। ये मेरी सबसे बड़ी जीत थी। कहीं-न-कहीं ये मेरी दोगुनी जीत है, एक तरफ शो की ट्रॉफी और दूसरी तरफ अभिनव से मेरे रिश्ते की जीत। जिंदगी का ये पल हमेशा स्पेशल रहेगा।

### इस पड़ाव तक पहुंचने के लिए राहुल को बधाई देना चाहूंगी

राहुल वैद्य के साथ पूरे सफर में नोंक-झोंक हुई है और मैंने सच में सोचा नहीं था कि उनके साथ ही आखिरी मुकाबला होगा। हां, मुझे खुशी है की बेस्ट कंटेस्टेंट्स फिनाले तक पहुंचे। इस पड़ाव तक पहुंचने के लिए मैं राहुल को बधाई देना चाहूंगी।

### धर्मेंद्र सर से मेरे और अभिनव के रिश्ते के बारे में बातें सुनकर अच्छा लगा

धर्मेंद्र सर (दिग्गज एक्टर) से मेरे और अभिनव के रिश्ते के बारे में बातें सुनकर काफी अच्छा लगा। वे अपने अनुभव से हमें समझा रहे थे कि रिश्ते कितने अनमोल होते हैं। उनकी बातों ने हमारा दिल छू लिया। वे हेमाजी (हेमा मालिनी) के साथ अपने रिश्ते के अनुभव से हमें सलाह दे रहे थे। उनकी नसीहत किसी सोने से कम नहीं है।

# पूजा हेगड़े ने बांद्रा में खरीदा 3 बीएचके सी-फेसिंग अपार्टमेंट



अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने बेहद कम उम्र में खुद के लिए बांद्रा में एक 3 बीएचके सी-फेसिंग अपार्टमेंट खरीदा है। यह पहला घर है, जिसे अभिनेत्री ने अपने पैसों से खरीदा है। इस घर में पूजा अकेले रह रही हैं, जो उनके माता-पिता के घर से बेहद करीब है। अभिनेत्री के एक करीबी सूत्र के अनुसार, 'पूजा इस घर को अपना बच्चा मानती हैं, क्योंकि घर की हर एक चीज में उन्होंने कई एफर्ट्स डाले हैं, जिसमें डिजाइन करने से लेकर मटेरियल का चयन करना, हर दिन घर की निगरानी करना शामिल हैं। भले ही वह बैक टू बैक शूट में व्यस्त थीं, फिर भी वह अपने घर के काम को देखने के लिए एक दिन के ब्रेक पर भी मुंबई आने की हर संभव कोशिश करती थीं।' अभिनय की बात करें, तो पूजा जल्द ही रोहित शेट्टी की फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह के साथ, सलमान खान के साथ 'कभी ईद कभी दिवाली' और मोस्ट एलिजिबल बैचलर प्रभास के साथ पैन-इंडिया फिल्म 'राधेश्याम' में नजर आएंगी।













